राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 356
लखनऊ, शुक्रवार 28 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

सरकारी राशन की बड़ी कालाबाजारी का भंडाफोड़, दुकान निलंबित 10

यूपी में ईको-फ्रेंडली रक्षाबंधनः भाई-बहन लगाएंगे पौधे 03

### बधाई व अवकाश सूचना

सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और वितरकों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। 28 अगस्त 2026, शुक्रवार को कार्यालय/संस्थान में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 30 अगस्त 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रधान सम्पादक

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,60,736/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,47,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,20,590/10 ग्राम |
| चांदी | | = 3,50,000/किग्रा |



# नेपाल के गहरे जख्म

## जलप्रलय में 389 की मौत
## 290 भारतीयों का पता नहीं
## 32 देशों के हजारों लापता



नेपाल-चीन सीमा पर बाढ़ से तबाह हुए एक नेपाली गांव का हृदयविदारक मंजर।

समृद्धि न्यूज-एजेंसी

**काठमांडू/नई दिल्ली।** नेपाल में बुधवार को आई विनाशकारी बाढ़ के जख्म और गहरे होते जा रहे हैं। चीन-नेपाल सीमा क्षेत्र में अब तक 389 लोगों की मौत हो गई है। जलप्रलय के बाद 30 से ज्यादा देशों के 1500 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। इनमें 290 भारतीय हैं। करीब 200 अन्य भारतीयों के चीन में फंसे होने की सूचना है। वहीं 84 भारतीयों को रेस्क्यू कर लिया गया है।

नेपाल पुलिस के अनुसार, सबसे ज्यादा शव दक्षिणी मैदानी इलाकों के चितवन जिले से बरामद किए गए, इसके बाद नवलपरासी ईस्ट, धाडिंग और रसुवा से शव मिले। लोकल मीडिया के मुताबिक अभी तक 389 शव बरामद किए जा चुके हैं।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, तमिलनाडु के 84 भारतीय नागरिकों को नेपाल में सुरक्षित बचा लिया गया है। ये लोग कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए थे। भारतीय अधिकारियों की ओर से नेपाल और चीन में फंसे भारतीय नागरिकों की जानकारी जुटाने तथा उनके सुरक्षित निकासी के प्रयास किए जा रहे हैं। लापता लोगों में 32 देशों के नागरिक शामिल हैं। सूची में 178 भारतीय, 65 अमेरिकी, 53 यूक्रेनी और 51 मलेशियाई नागरिक हैं। कई बिजली परियोजनाओं के कर्मचारी भी लापता हैं। लापता लोगों में नेपाल, चीन, भारत, अमेरिका, यूक्रेन, मलेशिया, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, जर्मनी, रूस, दक्षिण अफ्रीका, लातविया, जापान, न्यूजीलैंड, फ्रांस, बेल्जियम, स्पेन, इटली, कजाकिस्तान, पुर्तगाल, आयरलैंड, नीदरलैंड्स, बेलारूस, फिनलैंड, हंगरी, इजरायल, लिथुआनिया, फिलीपींस, बुल्गारिया, स्विट्जरलैंड, सर्बिया और स्वीडन के नागरिक शामिल हैं। लापता लोगों की संख्या अलग-अलग एजेंसियों में अलग हो सकती है। इसकी वजह यह है कि एजेंसियों ने आंकड़े जुटाने के अलग-अलग तरीके अपनाए, रिपोर्ट अलग-अलग समय पर मिली और आंकड़ों के सत्यापन में भी अंतर देखने को मिल रहा है।

### चेतावनीः आ रही एक और तबाही!

नेपाल में भीषण बाढ़ से मची तबाही के बीच एक और बड़े खतरे की चेतावनी सामने आई है। चीन के जल संसाधन मंत्रालय के अनुसार, नेपाल में छोछेन खोला और पुरेपू त्सांगपो नदियों के संगम के पास करीब 20 लाख घन मीटर पानी वाली एक बड़ी झील बन गई है।

झील पहले ही ओवर फ्लो कर रही है। अगले तीन दिनों में इसमें करीब 30 लाख घन मीटर और पानी आने का अनुमान है। चीन के जल संसाधन मंत्रालय ने झील के प्राकृतिक बांध के टूटने की आशंका को गंभीर बताया है। चेतावनी के अनुसार अगले 72 घंटे बेहद महत्वपूर्ण हैं। पानी लगातार बढ़ने से प्राकृतिक बांध पर दबाव बढ़ सकता है। अगर यह बांध टूटता है तो जमा पानी अचानक नीचे की ओर बह सकता है और पहले से बाढ़ की मार झेल रहे इलाकों में स्थिति और खराब हो सकती है।

इस चेतावनी के बाद नेपाल के प्रभावित इलाकों में प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क किया गया है। नदियों के जलस्तर और संभावित बाढ़ वाले क्षेत्रों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ

नेपाल में राहत और बचाव अभियान के बीच भारत ने मदद तेज कर दी है। भारतीय वायुसेना का एक और सी-17 परिवहन विमान 37.5 टन राहत सामग्री लेकर नेपाल के लिए रवाना हुआ है। इसमें दवाइयां, खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी सामान शामिल हैं। भारत पहले भी नेपाल में राहत एवं बचाव अभियान के लिए सहायता भेज चुका है।

### ईशा फाउंडेशन के 80 लोगों से सम्पर्क टूटे

नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र में आई भीषण फ्लैश फ्लड के बाद ईशा फाउंडेशन के करीब 80 लोगों से संपर्क टूट गया है। इनमें भारत समेत 19 देशों के श्रद्धालु और स्वयंसेवक शामिल बताए जा रहे हैं। संचार व्यवस्था ठप होने और सड़क मार्ग बाधित होने के कारण लापता लोगों के बारे में अब तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिल सकी है। ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने बुधवार को जारी संदेश में स्थिति पर चिंता जताते हुए प्रशासन से ग्यिरोंग जाने की अनुमति मांगी है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य राहत एवं बचाव अभियान में हस्तक्षेप करना नहीं, बल्कि प्रभावित परिवारों के साथ खड़े होकर अपने समूह के लोगों के बारे में जानकारी हासिल करने में सहयोग करना है। सद्गुरु के अनुसार, उनका एक समूह सागा में यात्रा के दौरान मिला था और वापसी के समय ग्यिरोंग क्षेत्र की ओर जा रहा था।

### बड़ी गंडक नदी में बाढ़ का खतरा टला

**कुशीनगर।** तिब्बत में ग्लेशियर फटने और नेपाल में आई भीषण बाढ़ के बाद बड़ी गंडक नदी में बाढ़ की आशंका फिलहाल टल गई है। बताया जा रहा है कि हिमनद फटने से आया बाढ़ का पानी बड़ी गंडक नदी के जलग्रहण क्षेत्र में पहुंचने के बजाय बिहार की कोसी नदी के जलग्रहण क्षेत्र की ओर चला गया। इससे बड़ी गंडक में जलप्रवाह बढ़ने का खतरा कम हो गया है। बताया गया था कि नदी का डिस्चार्ज ढाई से तीन लाख क्यूसेक तक पहुंच सकता है, लेकिन गुरुवार को नदी में पानी का डिस्चार्ज एक लाख पांच हजार क्यूसेक से भी कम दर्ज किया गया। इससे नदी के जलस्तर में अचानक उफान की आशंका फिलहाल नहीं है। इसके बाद प्रशासन और तटवर्ती क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, प्रशासन ने सतर्कता बनाए रखी है। बड़ी गंडक के किनारे बसे यूपी के कुशीनगर व महराजगंज के अलावा बिहार के पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज जिले के लोगों को भी फिलहाल राहत मिली है।

### यूपी ने एसडीआरएफ पीएसी को नेपाल भेजा

**लखनऊ।** नेपाल में बाढ़ और प्राकृतिक आपदा के बीच फंसे उत्तर प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए योगी सरकार ने राहत-बचाव अभियान तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एसडीआरएफ और पीएसी की टीमें नेपाल भेजी गई हैं। राहत आयुक्त कार्यालय के कंट्रोल रूम से नेपाल सीमा से सटे जिलों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। सरकार ने नेपाल में राहत-बचाव अभियान के लिए एसडीआरएफ की एक प्लाटून भेजी है, जिसमें 32 जवान शामिल हैं। इसके अलावा पीएसी की 26वीं बटालियन के 22 जवानों को भी नेपाल भेजा गया है। जरूरत के अनुसार अतिरिक्त बल और संसाधन उपलब्ध कराने की तैयारी है। अभियान के लिए चार रबर बोट मौके पर उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही अतिरिक्त एसडीआरएफ के साथ एल्युमिनियम बोट भी नेपाल भेजी जा रही है।

### लखनऊ में स्वाइन फ्लू से महिला ने तोड़ा दम



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** प्रदेश में स्वाइन फ्लू की ताजा लहर के बीच पहली मौत की खबर सामने आई है। लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। राजधानी में स्वाइन फ्लू के मामलों को देखते हुए अस्पतालों में निगरानी और उपचार की व्यवस्था मजबूत की जा रही है। राजधानी में पिछले कुछ दिनों से स्वाइन फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को मरीजों की पहचान, जांच और समय से उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। लखनऊ के प्रमुख अस्पतालों में स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए अलग वार्ड और बेड आरक्षित किए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, राजधानी में इस साल अब तक स्वाइन फ्लू के कई मामले सामने आ चुके हैं। मंगलवार को सामने आई रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ में आठ महीनों में 13 मरीजों की पुष्टि हो चुकी थी।

स्वाइन फ्लू के बढ़ते खतरे को देखते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग और अस्पतालों को निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मरीजों की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही लोगों से घबराने के बजाय सावधानी बरतने की अपील की गई है। राजधानी के सिविल अस्पताल में स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए अलग आइसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। अस्पतालों में फ्लू जैसे लक्षण वाले मरीजों पर विशेष नजर रखने के साथ उपचार की व्यवस्था की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को बुखार, खांसी, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण होने पर लापरवाही नहीं बरतने तथा चिकित्सकीय सलाह लेने की हिदायत दी गई है।

### संक्षिप्त समाचार

#### रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री योगी ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम, स्नेह, विश्वास और संकल्प का पर्व है। यह पर्व परिवार को जोड़ने के साथ बहन-बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान के प्रति दायित्व का भी स्मरण कराता है।

#### यूपी में 24 हजार से अधिक स्टार्टअप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप की संख्या 24 हजार से अधिक पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के कुल स्टार्टअप्स में यूपी की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित किया जाए। नोएडा में एआई, कानपुर में डीप टेक, लखनऊ में हेल्थ टेक, वाराणसी में टूरिज्म-क्रिएटिव टेक और पूर्वांचल में एग्रीटेक को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों में रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ाने तथा उभरती तकनीकों के लिए सरकार की ओर से सहयोग का भरोसा दिलाया।

#### एनएलएसआईयू ने रद्द किया दीक्षांत समारोह

**बेंगलुरु।** नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी ने 12 सितंबर को होने वाला 34वां वार्षिक दीक्षांत समारोह रद्द कर दिया है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए 'अपरिहार्य परिस्थितियों' को कारण बताया है। यह फैसला सीजेआई सूर्यकांत और बीसीआई अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा को समारोह में आमंत्रित किए जाने को लेकर छात्रों और पूर्व छात्रों की आपत्ति के बीच आया है। 700 से अधिक छात्रों और पूर्व छात्रों के विरोध की बात सामने आई थी। हालांकि, विश्वविद्यालय ने आधिकारिक तौर पर समारोह रद्द करने को विरोध से नहीं जोड़ा है।

#### प्रदेश में आज बैंक रहेंगे बंद

**लखनऊ।** रक्षाबंधन के अवसर पर 28 अगस्त को उत्तर प्रदेश में बैंक शाखाएं बंद रहेंगी। शाखाओं में नकद जमा-निकासी, चेक और ड्राफ्ट समेत अन्य काम नहीं होंगे। हालांकि यूपीआई, एटीएम, मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग जैसी डिजिटल सेवाएं जारी रहने की उम्मीद है। 28 अगस्त को सभी राज्यों में बैंक बंद नहीं रहेंगे, क्योंकि अवकाश स्थानीय आरबीआई सूची के अनुसार अलग-अलग है। यूपी में 29 अगस्त शनिवार को बैंक खुलेंगे, जबकि 30 अगस्त रविवार के कारण शाखाएं बंद रहेंगी।

## परिसीमन बिल पर फिर संसद बुलाने की तैयारी!

- अप्रैल में नहीं मिल पाया था दो-तिहाई बहुमत
- कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक की मांग की
- विशेष सत्र की अटकलों से बढ़ी सियासी हलचल

एजेंसी, नई दिल्ली।



परिसीमन विधेयक को लेकर एक बार फिर सियासी हलचल तेज हो गई है। संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो चुका है, लेकिन अभी तक उसका औपचारिक सत्रावसान नहीं हुआ है। ऐसे में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के बयान के बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि सरकार परिसीमन विधेयक पर संसद की दोबारा बैठक बुला सकती है।

रिजिजू ने संकेत दिया है कि तकनीकी रूप से संसद का मौजूदा सत्र अभी समाप्त नहीं हुआ है और सरकार जरूरत पड़ने पर इसकी बैठक फिर बुला सकती है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि परिसीमन विधेयक को लेकर सरकार ने वास्तव में कोई विशेष सत्र बुलाने का फैसला किया है। उनके बयान ने विपक्षी दलों के बीच जरूर चिंता बढ़ा दी है।

परिसीमन विधेयक को लेकर सरकार इससे पहले अप्रैल में भी कोशिश कर चुकी है। तीन दिवसीय विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में संविधान संशोधन से जुड़े विधेयक को अपेक्षित दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल पाया था। मतदान में 298 सांसदों ने विधेयक के पक्ष में और 230 ने इसके विरोध में वोट किया था। संविधान संशोधन होने के कारण विधेयक को पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत जरूरी था। इधर कांग्रेस ने परिसीमन के मुद्दे पर सरकार की संभावित रणनीति को लेकर मोर्चा संभाल लिया है।

### मणिपुर में उग्रवादियों ने 4 लोगों को मार डाला

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में हिंसा का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांगपोकपी जिले में हथियारबंद हमलावरों ने एक वाहन को निशाना बनाकर घात लगाकर हमला किया। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना है। घटना के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया है और सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, हमला उस समय हुआ जब वाहन इलाके से गुजर रहा था। हमलावरों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी और इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा बल और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और हमले में शामिल लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। रिपोर्टों के मुताबिक, घटना में मारे गए लोग नगा समुदाय से जुड़े बताए जा रहे हैं। एक अन्य व्यक्ति के घायल होने और एक के लापता होने की जानकारी भी सामने आई है।

हालांकि, अधिकारियों की ओर से घटना के सभी पहलुओं की विस्तृत पुष्टि की जा रही है। कांगपोकपी और सेनापति जिलों के आसपास के इलाकों में पिछले दिनों भी हिंसा और गोलीबारी की घटनाएं सामने आई हैं।

## विकास परियोजनाओं में देरी बर्दाश्त नहीं, समय पर हो हर काम : योगी

- 30 सितंबर तक तैयार हों डिजिटल पुस्तकालय
- गरीब परिवारों को हर पात्र योजना का लाभ

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक में प्रदेश की प्रमुख विकास परियोजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजनाओं को केवल स्वीकृति तक सीमित न रखें, बल्कि तय समय में पूरा कर जनता को उसका लाभ दिलाएं। भूमि अधिग्रहण, निविदा और विभागीय समन्वय से जुड़े लंबित मामलों का तत्काल समाधान कराने को कहा।

मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि इन्हें उद्योग, निवेश और रोजगार के नए कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाए। बैठक में बताया गया कि फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 91.28 प्रतिशत, आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक के लिए 80.43 प्रतिशत, झांसी लिंक के लिए 84.82 प्रतिशत और जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 79.27 प्रतिशत भूमि अधिग्रहित हो चुकी है। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे की निविदा भी जारी हो चुकी है। ग्राम पंचायतों में बन रही डिजिटल लाइब्रेरियों को विद्यार्थियों और युवाओं के लिए अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और डिजिटल ज्ञान का केंद्र बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी आवश्यक कार्य 30 सितंबर तक पूरे किए जाएं। जीरो पावर्टी अभियान की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र गरीब परिवारों को आवास, राशन, आयुष्मान कार्ड, शौचालय समेत सभी योजनाओं का लाभ मिले।

## कानपुर प्लेन क्रैशः प्रशिक्षक और प्रशिक्षु पायलट की मौत

- उड़ान भरने के 20 मिनट बाद खेतों में गिरा विमान
- डीजीसीए करेगा तकनीकी जांच

एजेंसी, कानपुर।



कानपुर के कटरी क्षेत्र स्थित नत्थूपुरवा गांव के पास गुरुवार दोपहर गर्ग एविएशन सेंटर का चार सीटर प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार प्रशिक्षक और प्रशिक्षु पायलट की मौत हो गई। विमान ने करीब 11:30 बजे उड़ान भरी थी और लगभग 20 मिनट बाद 11:50 बजे खेतों में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर से आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना में प्रशिक्षक सचिन भाटिया, निवासी गुजरात और प्रशिक्षु पायलट अभिषेक पुजारी, निवासी कर्नाटक की मौत हुई है। दोनों के शवों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है। हादसे के बाद गर्ग एविएशन सेंटर के पायलट कैप्टन राजीव भल्ला ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की आंतरिक समीक्षा की जा रही है। वहीं पुलिस प्रशासन ने घटना की सूचना नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को दे दी है। डीजीसीए की विशेषज्ञ टीम विमान दुर्घटना के तकनीकी पहलुओं की जांच करेगी। गर्ग एविएशन सेंटर के विमान से जुड़ी यह दो माह के भीतर दूसरी गंभीर घटना है। इससे पहले 26 जून को प्रशिक्षण ले रही दिल्ली की एक युवती विमान उतारने के बाद नीचे उतरते समय प्रोपेलर की चपेट में आ गई थी।

## हॉकी विश्व कप में भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन, जर्मनी को 3-1 से हराया

एजेंसी, एम्सटेलवीन।



भारतीय महिला हॉकी टीम ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवीं रैंकिंग वाली जर्मनी को 3-1 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। यह विश्व कप में पिछले 52 वर्षों में भारतीय टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

क्लासीफिकेशन मैच में भारत ने आखिरी 17 मिनट में तीन गोल दागकर मुकाबला अपने नाम किया। 43वें मिनट में इशिका ने भारत का खाता खोला। इसके बाद नवनीत कौर ने 44वें और 47वें मिनट में लगातार दो गोल कर भारत की बढ़त 3-0 कर दी। जर्मनी की ओर से लिन क्रिंग्स ने 59वें मिनट में एकमात्र गोल किया।

विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज भारत को पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ एक हार मिली। मेजबान और ओलिंपिक चैंपियन नीदरलैंड्स ने उसे 0-2 से हराया था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे दौर के अंतिम मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ के कारण भारत सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया था।

**मेटा की पहल** | रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक इंस्टाग्राम-फेसबुक की पहुंच पर रोक का परीक्षण

## सोशल मीडिया पर बच्चों के लिए लगेगा डिजिटल बेडटाइम

एजेंसी, नई दिल्ली।



बच्चों और किशोरों के बढ़ते स्क्रीन टाइम तथा देर रात तक सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर मेटा ने नई पहल शुरू की है। कंपनी इंस्टाग्राम और फेसबुक पर नाबालिग उपयोगकर्ताओं के लिए 'डिजिटल बेडटाइम' व्यवस्था का परीक्षण कर रही है। इसके तहत 18 वर्ष से कम उम्र के उपयोगकर्ताओं के लिए रात 12 बजे से सुबह छह बजे तक इन मंचों का इस्तेमाल सीमित किया जाएगा।

इस व्यवस्था का उद्देश्य किशोरों को देर रात तक मोबाइल और सामाजिक माध्यमों पर सक्रिय रहने से रोकना तथा उनके डिजिटल इस्तेमाल को अधिक संतुलित बनाना है।

प्रस्तावित व्यवस्था में निर्धारित समय के दौरान किशोर उपयोगकर्ता इंस्टाग्राम और फेसबुक की प्रमुख सुविधाओं तक पहुंच नहीं बना सकेंगे। रात के समय और विद्यालय के घंटों के दौरान उन्हें मिलने वाली सूचनाओं को भी कम किया जाएगा। मेटा की किशोर सुरक्षा संबंधी पहल में केवल देर रात की पहुंच सीमित करने तक बात नहीं है। नाबालिग उपयोगकर्ताओं की पोस्ट पर मिलने वाले लाइक और प्रतिक्रियाओं से जुड़ी जानकारी को भी सीमित करने का प्रावधान किया जा रहा है। इसका मकसद किशोरों पर सोशल मीडिया पर लोकप्रियता, लाइक और प्रतिक्रियाओं को लेकर पड़ने वाले दबाव को कम करना है।

मेटा पिछले कुछ समय से किशोरों के लिए अलग सुरक्षा सुविधाओं और उम्र के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराने पर जोर दे रहा है। कंपनी का कहना है कि ऑनलाइन मंचों का इस्तेमाल करते समय बच्चों और किशोरों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है।

'डिजिटल बेडटाइम' की मौजूदा पहल मुख्य रूप से अमेरिका में 18 वर्ष से कम उम्र के उपयोगकर्ताओं से जुड़ी है। यह कदम किशोरों की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर अमेरिका के विभिन्न राज्यों में चल रही कानूनी और नियामकीय गतिविधियों की पृष्ठभूमि में सामने आया है। संबंधित व्यवस्था को लागू करने के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया और मंजूरी का भी ध्यान रखा जा रहा है।

इस खबर का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसे भारत में सभी लोगों के लिए रात 12 बजे से सुबह छह बजे तक इंस्टाग्राम और फेसबुक बंद होने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। मौजूदा घोषणा सभी भारतीय उपयोगकर्ताओं पर लागू होने वाली बंदी नहीं है। इसका केंद्र अमेरिका में नाबालिग उपयोगकर्ताओं के लिए प्रस्तावित व्यवस्था है। भारत में मेटा पहले से किशोर खातों, उम्र के अनुरूप सामग्री और अभिभावकीय नियंत्रण जैसी सुविधाओं पर काम कर रहा है। इनका उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों के सामाजिक माध्यम इस्तेमाल पर बेहतर नियंत्रण और निगरानी के विकल्प उपलब्ध कराना है। देर रात तक मोबाइल इस्तेमाल करने की आदत बच्चों की दिनचर्या और पढ़ाई को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में मेटा की यह पहल किशोरों के डिजिटल व्यवहार को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। हालांकि, इसकी वास्तविक प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करेगी कि नाबालिगों की उम्र की पहचान कितनी प्रभावी ढंग से होती है और नई पाबंदियों को किस तरह लागू किया जाता है।

फिलहाल इसे भारत में सोशल मीडिया पर रात की पूर्ण पाबंदी समझना सही नहीं होगा। मेटा की मौजूदा पहल का मुख्य दायरा किशोर उपयोगकर्ताओं और अमेरिका से संबंधित है।

# डीआईओएस ने छात्राओं का बढ़ाया हौसला

- राखी के धागे में दिखा अपनापन

समृद्धि न्यूज़, अंबेडकरनगर।




रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर विद्यालयों में उस समय माहौल भावुक और आत्मीय हो गया, जब जिला विद्यालय निरीक्षक कुसुम्भ सिंह ने छात्राओं से राखी बंधवाकर भाई-बहन के रिश्ते की आत्मीयता को महसूस किया। अधिकारी को अपने बीच पाकर छात्राओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ नजर आया। उन्होंने छात्राओं को मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और जिम्मेदारी के रिश्ते को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि शिक्षा और संस्कार जीवन की सबसे बड़ी ताकत हैं। आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारित करें और नियमित मेहनत से उसे हासिल करने का प्रयास करें। इसी क्रम में डीआईओएस शहजादपुर स्थित डॉ. जीके जेटली इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां छात्राओं ने उत्साह के साथ उन्हें राखी बांधी। डीआईओएस ने छात्राओं से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई और भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नियमित अध्ययन, अनुशासन और समय के बेहतर प्रबंधन को सफलता का आधार बताते हुए पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने की अपील की। इससे पहले उन्होंने जूनियर हाईस्कूल कटहरी और अहिरौली का भी दौरा किया। यहां बच्चों के बीच बैठकर राखी बंधवाई और मिठाई व चॉकलेट वितरित की। डीआईओएस के सहज और आत्मीय अंदाज ने बच्चों को खूब प्रभावित किया। विद्यालय परिसर में बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर डॉ. जीके जेटली इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनय कुमार, शिक्षक महेंद्र यादव, संजय त्रिपाठी समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना की प्रगति पर डीएम ने जताई अप्रसन्नता

- सभी सीडीपीओ को प्रगति बढ़ाने के निर्देश
- जर्जर भवनों में संचालित नहीं होंगे आंगनबाड़ी केन्द्र



समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।

कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेन्स कमेटी की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अपेक्षित प्रगति न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) को योजना की प्रगति में तेजी लाने तथा पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समयबद्ध रूप से दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन एवं पंजीकरण सुनिश्चित करते हुए योजना की प्रगति में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों की भवन स्थिति की भी समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी आंगनबाड़ी केन्द्र जर्जर भवन में संचालित नहीं होना चाहिए। यदि किसी केन्द्र का भवन जर्जर अथवा असुरक्षित है तो तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वैकल्पिक व्यवस्था होने तक संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा गृह भ्रमण कर लाभार्थी बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को आवश्यक सेवाएं एवं पोषण संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## खबरें एक नजर में

### शॉर्ट सर्किट से संतोष गारमेंट में लगी भीषण आग

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** थाना विशेश्वरगंज के निकट शिव शक्ति कॉम्प्लेक्स में संचालित संतोष गारमेंट की थोक कपड़ा दुकान में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने दुकान में रखे कपड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। आग से करीब लाखों रुपये कीमत का कपड़ा जलकर राख होने की बात बताई जा रही है। संतोष गारमेंट की प्रोपराइटर सुशीला देवी हैं। शिव शक्ति कॉम्प्लेक्स में संचालित दुकान में बड़ी मात्रा में थोक कपड़ों का स्टॉक रखा था। आग लगने की जानकारी होते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची तथा आग बुझाने में जुट गई। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा अधिकांश कपड़ा जलकर नष्ट हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई की।

### सपा कार्यकर्ताओं ने रेल सेवा बहाली को लेकर किया प्रदर्शन

बहराइच। बहराइच और गोंडा के रास्ते बनारस तक रेल सेवा तत्काल बहाल करने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं ने केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र भेजा है। गुरुवार दोपहर को पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नानपारा नसीबुन निशां के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।कार्यकर्ताओं ने रेल सेवा बंद होने से यात्रियों को हो रही परेशानियों का हवाला देते हुए शीघ्र संचालन शुरू करने की मांग की। नानपारा-बहराइच-गोंडा रेल सेवा लगभग दो वर्षों से बंद है। इसकी बहाली के लिए दो बार ट्रायल भी हो चुका है।नसीबुन निशां ने बताया कि उन्होंने 13 अगस्त को जिलाधिकारी को पत्र लिखकर 15 अगस्त तक रेल संचालन शुरू न होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। निर्धारित तिथि तक संचालन शुरू न होने से क्षेत्र के लोगों में निराशा और आक्रोश है। उन्होंने कहा कि रेल सेवा बंद होने के कारण गरीब मजदूर, विद्यार्थी, व्यापारी, मरीज और आम यात्रियों को निजी वाहनों से यात्रा करनी पड़ रही है। इससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। क्षेत्र की जनता की समस्या को देखते हुए रेल सेवा शीघ्र बहाल की जानी चाहिए। नसीबुन निशां ने चेतावनी दी कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी जनहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान सपा नेत्री शाहिस्ता परवीन, समाजवादी महिला सभा की नगर अध्यक्ष मन्नू देवी, जिलाध्यक्ष सुमन शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने प्रशिक्षण शिविर में लिया भाग

बहराइच। रूपईडीहा स्थित लार्ड बुद्धा कॉलेज परिसर में 51 यूपी बटालियन एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (ष्ट्रअष्ट-164) आयोजित किया गया। गुरुवार को इस शिविर में कैडेटों के शारीरिक, सैन्य और बौद्धिक कौशल को निखारने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह शिविर कर्नल अनुराग गंजवार के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण गतिविधियों के दौरान सूबेदार मेजर बिनय घोष के निर्देशन में सूबेदार सुबिक गुरुंग ने ट्रेनिंग अफसर की भूमिका निभाई। कैडेटों के लिए कंपनी हवलदार मेजर सुमन और हवलदार धन कुमार के निर्देशन में टैगवार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिविर में बटालियन हवलदार मेजर रजनीश सिंह ने पीटी का प्रशिक्षण दिया, जबकि कंपनी हवलदार मेजर मिकीन थापा और जेल सिंह ने ड्रिल का संचालन किया। कंपनी हवलदार मेजर दिलीप ने फायरिंग प्रशिक्षण और प्रतियोगिता कराई। हवलदार शेर सिंह ने कैडेटों को हथियार प्रशिक्षण (वेपन ट्रेनिंग) प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, सूबेदार सुबिक गुरुंग के निर्देशन में स्पीच प्रतियोगिता और डीएसटी प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं, जिनमें कैडेटों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।
श्रावण पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

### बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर में विशेष श्रृंगार रहा आकर्षण का केंद्र

**बहराइच।** श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर पयागपुर क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा, जहां भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। पयागपुर स्थित पांडवकालीन बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर में श्रावण पूर्णिमा के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं। मंदिर परिसर को फूलों और विद्युत झालरों से सजाया गया था। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान शिव को जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा व पुष्प अर्पित किए। इस दौरान 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारे गूंजते रहे। पंचायती मंदिर, अमरनाथ मंदिर और पथार्सी वाला मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य शिवालयों में भी विशेष पूजन और आकर्षक श्रृंगार किया गया। भक्तों के दर्शन के लिए मंदिरों के कपाट खोले गए। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती की और प्रसाद वितरित किया। श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है। पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर पूजा-अर्चना की।

### घाघरा बैराज पर दिखा घड़ियाल व उदबिलाव

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में गुरुवार सुबह चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज पर विशाल घड़ियाल और उदबिलाव दिखाई देने से लोगों में कौतूहल मच गया। बैराज पर टहल रहे ग्रामीणों और सिंचाई कर्मचारियों ने दोनों जलीय वन्यजीवों को देखा तो मौके पर भीड़ जुट गई। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जानकारी मिलते ही कतर्नियाघाट रेंज के वन क्षेत्राधिकारी आशीष गौड़ के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पहले लोगों को वन्यजीवों से दूर किया और इसके बाद सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद घड़ियाल और उदबिलाव दोनों को सुरक्षित पकड़ लिया गया। वन विभाग ने रेस्क्यू किए गए दोनों वन्यजीवों को उनके अनुकूल प्राकृतिक वास क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया। अधिकारियों के मुताबिक, गेरुआ नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण इन दिनों जलीय वन्यजीवों के बहकर बैराज क्षेत्र तक पहुंचने की संभावना बनी हुई है। घटना कतर्नियाघाट रेंज की सदर बीट में हुई। गुरुवार सुबह कुछ ग्रामीण और सिंचाई कर्मचारी बैराज पर मौजूद थे। इसी दौरान उनकी नजर पानी में विशाल घड़ियाल पर पड़ी। कुछ दूरी पर उदबिलाव भी दिखाई दिया। एक साथ दो जलीय वन्यजीवों को देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वन्यजीवों की मौजूदगी को लेकर लोगों में कौतूहल के साथ सुरक्षा की चिंता भी रही।

# साहित्य, रंगमंच और सृजनशीलता से सजा साहित्य संगम

- विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने मोहा मन
- 'महाभारत' का मूक नाटक रहा आकर्षण का केंद्र

समृद्धि न्यूज़, अंबेडकरनगर।



एनटीपीसी टांडा परिसर स्थित डालिम्स प्रेक्षागृह में बुधवार को साहित्य, कला और रंगमंच का अनूठा संगम देखने को मिला। अवसर था 'साहित्य संगम' के समापन समारोह का। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी साहित्यिक प्रतिभा, अभिनय क्षमता और रचनात्मक सोच का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। समारोह का शुभारंभ भगवान गणेश की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध नाटककार जगदीशचंद्र माथुर की रचना 'रीढ़ की हड्डी' का लघु नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया। प्रभावशाली अभिनय और संवादों के माध्यम से सामाजिक रूढ़ियों एवं विसंगतियों को उजागर किया गया। विद्यार्थियों ने 'कटघरे में हिन्दी' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर हिंदी भाषा की स्थिति और उसके सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित किया। अंग्रेजी कविता-वाचन ने कार्यक्रम में भाषायी विविधता का रंग भरा। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत महाभारत पर आधारित मूक नाटक रहा। बिना संवाद के केवल भाव-भंगिमा, अभिनय और सांकेतिक प्रस्तुति के जरिए विद्यार्थियों ने महाभारत के प्रसंगों और उसके जीवन-दर्शन को प्रभावी ढंग से मंच पर उतारा। प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और विद्यार्थियों की अभिनय क्षमता के साथ उनके सामूहिक अनुशासन की भी झलक दिखाई। विद्यार्थियों ने अंग्रेजी नाटक प्रस्तुत कर अपनी भाषिक एवं अभिनय प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं नन्हे विद्यार्थियों की 'शब्दावली परेड' ने समारोह में विशेष आकर्षण पैदा किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति को दर्शकों की खूब सराहना मिली। समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि साहित्य मानव संवेदनाओं को समृद्ध करने और युवा पीढ़ी को विवेकशील एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ साहित्य, कला और संस्कृति से जुड़े रहने का आह्वान किया।

## शारदा नहर में एक युवक लापता, नहर पटरी पर मिले चप्पल, नहर में कूदने की आशंका

समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर बाराबंकी।



फतेहपुर थाना क्षेत्र में बुधवार शाम शारदा नहर से एक युवक लापता हो गया।गौरा गजनी निवासी 20 वर्षीय शुभम पुत्र गुड्डू संदिग्ध परिस्थितियों में बड्डूपुर थाना क्षेत्र स्थित शारदा नहर पुल से संदिग्ध में हालत मे लापता हो गया। वह अपने ननिहाल ककरहिया मे रह रहा था।जानकारी के अनुसार शुभम बुधवार शाम शारदा नहर के कजीबेहटा पुल के पास पहुंचा था।परिजनों को पुल के पास उसकी चप्पलें मिलीं, जिससे उसके नहर में कूदने या गिरने की आशंका जताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया।उन्होने तत्काल बड्डूपुर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणो और परिजनो की मदद से नहर में युवक की तलाश शुरू की।देर शाम तक चले तलाशी अभियान के बावजूद शुभम का कोई सुराग नहीं मिल सका।अंधेरा होने के कारण खोजबीन में काफी कठिनाइयो का सामना करना पड़ा। युवक किन परिस्थितियों में नहर तक पहुंचा और उसके साथ वास्तव में क्या हुआ,यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है और परिजनों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## बीडीओ ने तीन विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण



समृद्धि न्यूज़, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।

मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने गुरुवार को तहसील क्षेत्र के तीन विद्यालयो का औचक निरीक्षण किया।उन्होने प्राथमिक विद्यालय अगेहरा,उच्च प्राथमिक विद्यालय अगेहरा और कंपोजिट विद्यालय महमूदाबाद में व्यवस्थाओं की हकीकत परखी।बीडीओ पंचायत सचिव सतीश वर्मा और मनीष शुक्ला के साथ सबसे पहले यूपीएस अगेहरा पहुंचे। वहां उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन चखा और उसकी गुणवत्ता की जांच की।इसके बाद विद्यालय की टूटी हुई बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और सचिव को गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश दिए।इसके बाद प्राथमिक विद्यालय अगेहरा में उन्होने शिक्षकों व बच्चों की उपस्थिति, एमडीएम और मिशन कायाकल्प के तहत कराए जा रहे टायलीकरण, लेबलिंग व टाइल्स की गुणवत्ता की जांच की।अंत में कंपोजिट विद्यालय महमूदाबाद का निरीक्षण किया गया, जहां दो अध्यापक बिना सूचना के गैरहाजिर मिले। इस पर बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए खंड शिक्षा अधिकारी को दूरभाष पर जानकारी दी और गैरहाजिर शिक्षकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात कही।

## धान की फसल को शीथ ब्लाइट नामक रोग से बचाएं किसानः डॉ. रिंकी चौहान

समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित, कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ बाराबंकी के कीट वैज्ञानिक डॉ रिंकीकुमारी चौहान ने बताया कि इस समय धान की फसल में शीथ ब्लाइट नामक रोग देखने को मिल रहा है जिससे कि फसल कमजोर होती जा रही है और यदि इसका समय रहते प्रबंधन नही किया गया तो किसानों को नुकसान भुगतना पड़ सकता है। सबसे पहले इस रोग के लक्षण के बारे में बताए तो, इस रोग में पानी की सतह के पास तने और पत्तियों के आवरण पर अंडाकार या धब्बेनुमा भूरे से कत्थई रंग के निशान बनते हैं। धीरे-धीरे ये धब्बे ऊपर की तरफ बढ़ते हैं और आपस में मिलकर बड़े आकार ले लेते हैं। अधिक प्रकोप होने पर पौधा कमजोर हो जाता है और दाने भरते समय गिर सकता है।

## सरयू नदी की कटान जारी, कई बीघा भूमि जलमग्न

समृद्धि न्यूज़, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।



तहसील क्षेत्र के बबुरी गांव में सरयू नदी की भीषण कटान लगातार जारी है, जिससे किसानों में हड़कंप मचा हुआ है।जलस्तर घटने के बाद शुरू हुई इस कटान से अब तक कई बीघा कृषि योग्य उपजाऊ भूमि और लगभग 50 बीघा खड़ी गन्ने की फसल नदी में समा चुकी है। कई ग्रामीणों के छप्परनुमा घर भी कटान की जद में आ गए हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार दोपहर उप जिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होने ग्रामीणो से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया और बाढ़ खंड के अधिकारियों को तत्काल प्रभावी उपाय कर कटान रोकने के कड़े निर्देश दिए।कटान से प्रभावित ग्रामीणों में रामकृपाल, राम सुमिरन, अयोध्या, कमलेश और कुंजा देवी सहित कई परिवार शामिल हैं।ग्रामीणों का कहना है कि पहले उनके खेत कटे और अब नदी तेजी से घरों की ओर बढ़ रही है, जिससे गांव में दहशत का माहौल है।एसडीएम सरोज ने बताया कि फिलहाल कटान गांव के बाहर हो रही है और आवासीय घरो को कोई नुकसान नहीं है।वही ग्रामीणो ने बाढ़ विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं।उनका कहना है कि कटान रोकने के लिए बोल्डर और मिट्टी भरी बोरियों की जगह पेड़ों की टहनियां काटकर नदी में डाली जा रही है जो कि कटान रोकने का मजाक है।

# जमीनी विवाद में युवक के साथ मारपीट, घायल सीएचसी में भर्ती

समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।



सुबेहा थाना क्षेत्र के शरीफाबाद गांव में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जमीन से संबंधित खेतौनी लेकर लेखपाल के पास गए युवक सहदेव उपाध्याय के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे वह बेहोश हो गया। परिजनों ने उसे सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, असंद्रा थाना क्षेत्र के दयाराम का पुरवा निवासी सहदेव उपाध्याय की ससुराल शरीफाबाद गांव में है। उनकी बहन पिंकी ने बताया कि गांव में चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है। लेखपाल गांव में जैस तिवारी के दरवाजे पर बैठे थे और उन्होंने सहदेव को जमीन से संबंधित खेतौनी या अन्य कागजात लाने को कहा था, ताकि हिस्से की जानकारी दी जा सके। पिंकी और सहदेव खेतौनी लेकर लेखपाल के पास गए थे। कागजात देने के बाद जब वे वापस लौट रहे थे, तभी विपक्षी राजनारायण तिवारी और उनकी पत्नी ने हिस्से-बांट को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर सहदेव की पिटाई कर दी गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए।

परिजनों ने घायल सहदेव को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया जहां पर उसका इलाज चल रहा है।प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव ने बताया कि चोटिल व्यक्ति का मेडिकल परीक्षण करवाया जा रहा है और नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## खेत में लगे पेड़ को काटने पर हुआ विवाद, विपक्षियों ने पति-पत्नी को किया घायल

समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी। खेत मे लगे पेड़ को काटने को लेकर विपक्षियों ने गाली गलौच किया। मना करने पर पीड़ित व बीच बराव करने आई पत्नी की भी पिटाई कर दी। लोनी कटरा थाना क्षेत्र के पूरे बेनी सिंह मजरे दहिला गांव निवासी इंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय सहज राम ने बताया कि बुधवार की देर शाम उनके गांव के रहने वाले कल्लू पुत्र स्व0 रामलखन, छोटू व नारेन्द्र पुत्रगण कल्लू उसके साथ खेत मे लगे नीम के पेड को काटने को लेकर गाली गलौज कर रहे थे। मना करने पर लात घूसो लाठी डण्डो से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। जिससे उसके सिर मे काफी गम्भीर चोटे आयी । बीच बराव करने आयी पत्नी प्रेमा को भी मारा पीटा तथा गाली गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी।

## उतरौला विधानसभा क्षेत्र में तीन दिनों तक मनेगा रक्षाबंधन

समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।



उतरौला विधानसभा के रेहरा ब्लॉक के त्रिमोहनीय ग्राम सभा में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हसीब खान ने हजारों बहनों से राखी बंधवा कर उनका मुंह मीठा करवाया और उपहार स्वरूप सभी को एक साड़ियां भी दी । इस भव्य रक्षाबंधन समारोह में हसीब खान ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के पवित्र और निस्वार्थ प्रेम का प्रतीक है आज उतरौला में मेरी हजारों बहनों ने जो स्नेह आशीर्वाद मुझे दिया है वह मेरे लिए अमूल्य मैं अपनी इन सभी बहनों के मान सम्मान और उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि हमारे पारिवारिक रिश्तों को और मजबूत करने का जरिया होगा कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और महिलाएं उपस्थित रही भाई बहन के इस मिलन उत्सव को लेकर क्षेत्र की महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया आयोजन समिति के अनुसार विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांव में अगले दो दिनों तक यह कार्यक्रम इसी तरह पूरी भव्यता के साथ चलता रहेगा।

## संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।



स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के परिसर में संकुल स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कीड़ा प्रतियोगिता में विद्या भारती द्वारा संचालित जिले के विभिन्न विद्यालयों ने प्रतिभा किया छात्र-छात्राओं ने ऊंची को दौड़ भाला फेंक गोला फेंक चक्का फेंक जैसे विभिन्न खेलों में प्रतिभा किया प्रतियोगिता प्रातः 9:00 बजे से भाजपा नेत्री श्रीमती आध्या सिंह ने खिलाड़ियों के परिचय प्राप्त करते हुए आरंभ कराया विभिन्न खेलों में सिलसिला पूरा दिन चलता रहा संभावित फाउंडेशन की तरफ से खिलाड़ियों ने लंच पैकेट की व्यवस्था कराई इसके पश्चात विद्यालय की अध्यक्षा डॉ कौशल्या गुप्ता एवं प्रांतीय सेवा प्रमुख सुरेश मणि ने मां सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित करके उद्घाटन किया विद्यालय के प्राचार्य बृजेश नारायण सिंह ने अतिथियों का परिचय कराते हुए उन्हें सम्मानित किया इसी क्रम में विभिन्न खेलों के परिणाम को घोषित किया गया प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया और उनका उत्साह वर्धन करते हुए प्रांत में भी अपना परचम लहराने की प्रेरणा दी गई इस मौके पर विद्यालय की अध्यक्षा दो कौशल्या गुप्ता ने सभी स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी और प्रांतीय सेवा संयोजक सुरेश मोदी ने भी सभा को संबोधित करते हुए खेल के विषय में कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाने का एक साधन है।

# विखण्डनवादी युग में महाऔषधि है रामचरित मानसः डॉ. दीक्षित

समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।



पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज, बाराबंकी स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में अवध भारती संस्थान, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में तुलसी जयन्ती एवं रामचरित मानस- गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ श्याम सुंदर दीक्षित ने कहा कि आज के विखण्डनवादी युग में समाज के लिए सामाजिक समरसता और सामंजस्य, औषधि की तरह आवश्यक है, और यह महा औषधि तुलसी कृत रामचरितमानस में अपनी समग्रता में उपस्थित है। विशिष्ट अतिथि डॉ अम्बरीष अम्बर ने तुलसीदास के जीवन से सम्बंधित छंद तथा श्रीराम से सम्बंधित एक प्रेरणादायक गीत- बहू में बेटी नजर आए....पढ़कर खूब तालियां बटोरीं। विशिष्ट अतिथि डॉ दिनेश कुमार सिंह, समन्वयक वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय ने कहा कि रामचरित मानस की रचना में लोकमंगल की अवधारणा को सामूहिक परिप्रेक्ष्य में चरितार्थ करना है। प्रिंसिपल राधेश्याम ने कहा कि रामचरित मानस के सर्वाधिक लोकप्रिय होने के कारणों में जन-भाषा में रचना और लोकमंगल की कामना से पारिवारिक संबन्धों की आदर्श प्रस्तुति है। अध्यक्षीय संबोधन में आयोजक, संस्था सचिव साहित्यकार प्रदीप सारंग ने अतिथिगण एवं विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'प्रत्येक नागरिक को रामचरित मानस का उत्तरकाण्ड अवश्य पढ़ना चाहिए, जिसमें सामाजिक संदेशों की श्रृंखला विद्यमान है। तुलसी जयन्ती पर आयोजित संगोष्ठी में पीटीए अध्यक्ष पूनमदेवी, शिक्षक सुशील कुमार द्विवेदी, राम अधार भारती ने भी संबोधित किया। अंत में मानस गायन प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कार स्वरूप रामचरित मानस और अंगवस्त्र प्रदान किए गए। संगोष्ठी में शिक्षिका आशा, कुटुज भारती एवं शिक्षक अवधेश अवस्थी, प्रदीप कुमार ने उपस्थित रहकर विशेष सहयोग प्रदान किया।

# यूपी में ईको-फ्रेंडली रक्षाबंधनः भाई-बहन लगाएंगे पौधे

- रक्षासूत्र बांधकर पेड़ों की सुरक्षा का लेंगे संकल्प
- सीएम योगी के संकल्प को स्वरूप दे रहा वन विभाग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश में इस बार रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के प्रेम और रिश्ते के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर वन विभाग ने 28 अगस्त, शुक्रवार को प्रदेश के सभी वन प्रभागों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की है। इसके तहत भाई-बहन साथ मिलकर पौधे लगाएंगे और पौधों को रक्षासूत्र बांधकर उनके पेड़ बनने तक सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लेंगे। यह पहल 'पौधरोपण महायज्ञ-2026' के तहत की जा रही है। इसके साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को भी आगे बढ़ाया जाएगा।

### लोगों से अभियान में भागीदारी की अपील

वन विभाग की ओर से इस विशेष आयोजन में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों को भी अभियान से जोड़ने की तैयारी है। रक्षाबंधन पर बहन भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती है, जबकि भाई उसकी सुरक्षा का संकल्प लेता है। इसी भाव को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए इस बार पौधों को भी रक्षासूत्र बांधने की पहल की गई है। पौधरोपण के बाद भाई-बहन लगाए गए पौधे को रक्षासूत्र बांधेंगे और उसके पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करने का संकल्प लेंगे। वन विभाग का मानना है कि इससे पौधरोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम न रहकर दीर्घकालीन पर्यावरण संरक्षण अभियान का रूप ले सकेगा।

## कटौली में 27 करोड़ की लागत से बनेगा कंपोजिट विद्यालय

**प्रदीप द्विवेदी**

**मलिहाबाद, लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों की भांति शिक्षा मिले, इसके लिये 27 करोड़ 22 लाख की लगात से ग्राम पंचायत कटौली में एक मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय (इंटरमीडिएट) का निर्माण होने जा रहा है। जिसका गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक जयदेवी कौशल, मलिहाबाद ब्लॉक प्रमुख निर्मल वर्मा, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के पुत्र विकास किशोर आशू ने हवन पूजन कर आधारशिला (नींव) रखी।

गरीबों निर्धन लोगों के बच्चे आर्थिक तंगी के चलते नहीं पढ़ाई कर पाते थे। लेकिन अब इंटरमीडियट विद्यालय का निर्माण हो जाने के बाद सभी शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। विकास किशोर आशू ने कहा कि हमारी बहन बेटियां और भाई इस विद्यालय का निर्माण हो जाने के बाद लखनऊ के बड़े-बड़े प्राइवेट स्कूलों की तरह ही यहां भी वैसी ही शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के निर्माण में ग्राम प्रधान नवीन यादव सहित विधायक जयदेवी कौशल किशोर व गांव की जनता का अहम योगदान है। ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसी चीज है जिसे कोई बांट नहीं सकता है। शिक्षा से ही हम बड़े से बड़े कार्य कर सकते है। शिक्षा से ही हम अपना विकास करने के साथ परिवार, प्रदेश व देश का विकास कर सकते है।



### विधायक सहित उच्चाधिकारियों की मेहनत लाई रंग

गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों के आगे अपने बच्चों के भविष्य के लिये उच्च स्तर की शिक्षा दिला पाना बड़ा मुश्किल है। इसी को देखते हुये मलिहाबाद विकास खण्ड की ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान नवीन यादव ने अपने गांव में एक सरकारी स्कूल बनवाने के लिये विधायक सहित उच्चाधिकारियों से मांग करने लगे। उनकी मेहनत रंग लाई। उनके व विधायक जयदेवी कौशल के अथक प्रयासों से आज गुरुवार को मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय बनाए जाने की आधारशिला (नींव) रख दी गई। विधायक जयदेवी कौशल ने कार्यक्रम संबोधित करते हुये कहा कि क्षेत्र के नौनिहाल बच्चों को अब गांव में ही प्राइवेट स्कूलों की ही भांति शिक्षा मिल सकेगी। बेटियों को अब इंटरमीडियट की शिक्षा ग्रहण करने के लिये दूर दराज नहीं जाना पड़ेगा।

## सपा अपनी विचारधारा को लेकर ही आगे बढ़ती रहेगी : अखिलेश



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। लोहिया सभागार में सैकड़ों महिलाओं ने उन्हें राखी बांधी और रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। अखिलेश यादव ने भी महिलाओं को शगुन का लिफाफा देकर पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने गोमतीनगर स्थित जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) को निजी कंपनी को लीज पर देने के फैसले को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा के रास्ते पर ही पार्टी आगे बढ़ती रहेगी। बिल्डिंग का अधूरा काम पूरा कराया जा सकता था। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने अपने गठन के समय जयप्रकाश नारायण की तस्वीर लगाई थी। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर भाजपा सरकार वास्तव में चाहती तो जेपीएनआईसी की बिल्डिंग का अधूरा काम पूरा कराया जा सकता था। यह इमारत जनता के पैसे से बनाई गई है और ठेकेदार को पूरा भुगतान भी किया जा चुका है। इसके बावजूद सेंटर का काम पूरा नहीं कराया गया।

## रक्षाबंधन : कैसरबाग बस अड्डे पर उमड़ी भीड़, यात्री हुए परेशान

**समृद्धि न्यजू, लखनऊ।**



रक्षाबंधन पर्व को लेकर कैसरबाग बस अड्डे पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे सुबह से ही बस अड्डे पर पहुंचते रहे। यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ ही बसों में भी जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। कई यात्रियों को बस में सीट पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

पर्व के मद्देनजर यात्रियों की संभावित भीड़ पहले से तय होने के बावजूद बस अड्डे पर व्यवस्थाएं नाकाफी नजर आईं। बसों के संचालन और यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बसों के इंतजार में यात्री प्लेटफॉर्म और परिसर में खड़े नजर आए। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भी भीड़ के बीच काफी दिक्कत हुई। रक्षाबंधन के कारण आसपास के जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों की ओर जाने वाली बसों में विशेष दबाव रहा। यात्रियों का कहना था कि त्योहार के दिनों में परिवहन विभाग को अतिरिक्त बसों की व्यवस्था के साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती करनी चाहिए थी।

स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की सभी जनपदवासियों मित्रों, शुभचिंतकों,मत्स्य कारोबारी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



राजकुमार सिंह
ग्राम-निपनिया ब्लॉक- नौतनवा जनपद- महराजगंज

स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की सभी जनपदवासियों मित्रों एवं शुभचिंतकों, को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



प्रदीप कुमार शर्मा
जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद-महराजगंज।

स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की सभी जनपद वासियों, मित्रों, शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

ग्रिजेंदु पटेल
जनपद -महराजगंज

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की जल निगम परिवार की तरफ से सभी जनपदवासियों, किसानों, शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की जल निगम परिवार की तरफ से सभी जनपद वासियो, किसानों, शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन,श्री कृष्ण जन्माष्टमी की सभी जनपदवासियों, किसानों,मित्रों, शुभचिंतकों को

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

कृषि विभाग की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

80वें स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सभी जनपदवासियों, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, किसानों,व्यापारियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

एच.एन.पी. महराजगंज

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

80वे स्वतंत्रता दिवस,रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सभी मित्रों शुभचिंतकों, ग्राहको,अधिकारीगण, कर्मचारीगण को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

बेहतर सेवा हेतु सदैव प्रयत्नशील,सभी प्रकार के ऑफिस स्टेशनरी, स्कूल स्टेशनरी व स्पोर्ट्स आइटम के थोक एवं फुटकर विक्रेता



पुस्तक निकेतन, सक्सेना नगर, महाराजगंज, जनपद महाराजगंज।

अजय सिंह

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

# डीएम की कलाई पर बच्चियों ने बांधा रक्षासूत्र, सुख-समृद्धि की कामना की

▸ रक्षाबंधन पर्व पर सरकार द्वारा चलाई जा रही फ्री बस सेवा की सराहना

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जनपद में रक्षाबंधन पर्व पर हंसी खुशी का माहौल बना हुआ है और बाजारों में भी भाई बहनों के त्योहार पर भीड़भाड़ बनी हुई है। रक्षाबंधन पर्व की कलेक्ट्रेट में भी धूम देखने को मिली। जब एक स्कूल की मासूम बच्चियों ने डीएम दफ्तर आकर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर, सुख-समृद्धि की कामना की।जिलाधिकारी ने भी बच्चियों से हाथ में राखी बांधने पर उनको गिफ्ट, उपहार के लिए, नकद धनराशि देकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। मिठाई- गिफ्ट पाकर मासूम बच्चों ने डीएम अंकल को बोला थैंक्स। वही डीएम ने जनपदवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही रोडवेज बसों पर महिलाओं की निःशुल्क यात्रा पर योगी को बोला धन्यवाद। उन्होंने कहा कि सरकार का यह उपहार महिलाओं के लिए अच्छी पहल है। वहीं बच्चों की डिमांड पर डीएम ने बच्चों के साथ खिंचवाई फोटो-सेल्फी। डीएम का बच्चों के प्रति प्रेम व्यवहार देखकर सोशल मीडिया पर भी सराहना हो रही है।



## रक्षाबंधन से पहले खाकी की कलाई पर सजा बहनों का रक्षा सूत्र, पुलिसकर्मियों ने लिया सुरक्षा का संकल्प

**पुवायां,शाहजहांपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व से पहले एकल अभियान अंचल शाहजीपुर विभाग की ओर से पुवायां कोतवाली परिसर में भावनाओं से सराबोर रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचीं बहनों ने कोतवाली में तैनात सभी पुलिसकर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत किया। बहनों ने पुलिसकर्मियों के माथे पर तिलक लगाया, सिक्के से नजर उतारी और उनकी सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। वहीं पुलिसकर्मियों ने भी बहनों की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़गांव से आठ, जेवां से 10 और नाहिल से 12 बहनें कोतवाली पहुंचीं। कार्यक्रम की शुरुआत कोतवाली प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत को रक्षा सूत्र बांधकर की गई। बहनों ने उनके माथे पर तिलक लगाया और सिक्के से नजर उतारकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके बाद



कोतवाली में तैनात सभी पुलिसकर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा गया। पुलिसकर्मियों ने भी बहनों को विश्वास दिलाया कि उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए पुलिस हमेशा तत्पर रहेगी। इसके बाद कोतवाली प्रभारी ने सभी बहनों को मुंह मीठा कराया और रक्षाबंधन के अवसर पर उपहार व दक्षिणा भेंट की।

डीएम ने कहा कि यह रक्षाबंधन पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम व रक्षा का संदेश देता है।

## खुटार थाने में एकल अभियान की आचार्य बहनों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



**खुटार, शाहजहांपुर।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर एकल अभियान के अंचल पूरनपुर कार्यक्षेत्र खुटार की ओर से थाना खुटार परिसर में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एकल अभियान की करीब 40 आचार्य बहनों ने थाना प्रभारी सहित पुलिस जवानों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान बहनों और पुलिसकर्मियों के बीच भाई-बहन के अटूट प्रेम एवं स्नेह का भाव देखने को मिला। आचार्य बहनों ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात समाज की सुरक्षा में जुटे रहते हैं, ऐसे में रक्षाबंधन के अवसर पर उन्हें राखी बांधना गौरव की बात है। एकल अभियान की ओर से प्रत्येक वर्ष थाना एवं पुलिस चौकियों में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में खुटार थाने में कार्यक्रम धूमधाम एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन मंत्री अंकुल कुमार, शैलेंद्र पांडे, किसान युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष शिव शरण वर्मा, अवनीश शुक्ला, भाजपा नेता आलोक शुक्ला, अधिवक्ता संघ प्रशिक्षक भानु प्रभाकर सिंह, वीरेंद्र कुमार के साथ ही एकल अभियान की सभी आचार्य बहनें उपस्थित रहीं।

# राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में मीरी-पीरी खालसा अकैडमी के छात्रों ने लहराया परचम, जीते 24 स्वर्ण पदक

समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।

बिलासपुर रामपुर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में मीरी-पीरी खालसा अकैडमी गहलुइया के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट कला-कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया था। शाहजहांपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए मीरी-पीरी खालसा अकैडमी के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए कुल 24 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। छात्र वर्ग में अर्शदीप सिंह, हरप्रीत सिंह एवं प्रभजोत सिंह ने गोल्ड मेडल हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं, छात्रा वर्ग में मनकीरत कौर, रमनदीप कौर और निमरदीप कौर ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतिभागियों को तैयार करने में प्रशिक्षक अध्यापिका रनजीत कौर तथा रनजीत सिंह का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता में उपविजेता बनकर विद्यालय लौटे सभी विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दलविंदर सिंह एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी होनहार छात्र-छात्राओं को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।



# आखिर छह माह बाद मौत से हार गई 13 वर्षीय सुहानी

▸ कैंसर से जिंदगी और मौत के बीच छह माह तक जूझती रही मासूम

▸ लखनऊ के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट में बुधवार देर रात ली अंतिम सांस

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

करीब छह माह से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही 13 वर्षीय सुहानी सिंह आखिर जिंदगी की जंग हार गई। बुधवार देर रात लखनऊ के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट में इलाज के दौरान उसकी सांसें थम गईं। मासूम की मौत की खबर से परिवार ही नहीं, बल्कि उसे जानने वाले हर शख्स की आंखें नम हो गईं।

क्षेत्र के अहमदपुर निवाजपुर निवासी ट्रांसपोर्टर एवं ढाबा स्वामी शिवम सिंह की 13 वर्षीय पुत्री सुहानी सिंह पिछले करीब छह माह से कैंसर से पीड़ित थी। परिजन उसकी जिंदगी बचाने के लिए लगातार प्रयासरत थे। लंबे समय से उसका इलाज



लखनऊ स्थित राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट में चल रहा था। परिवार को उम्मीद थी कि इलाज के बाद सुहानी फिर से स्वस्थ होकर घर लौटेगी, लेकिन बुधवार की देर रात बीमारी ने मासूम की जिंदगी छीन ली। गुरुवार सुबह जब सुहानी का शव लखनऊ से निवाजपुर स्थित घर पहुंचा तो माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। मासूम की मौत की खबर सुनते ही परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों का शिवम सिंह के घर पहुंचना शुरू हो गया। हर आंख नम थी और परिवार को ढांढस बंधाने के लिए पहुंचे लोगों के पास भी कहने को शब्द नहीं थे।

### परिवार में मचा कोहराम

सुहानी की असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जिस घर में कुछ समय पहले तक सुहानी की मासूमियत और चहक सुनाई देती थी, वहां अब मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। छह माह तक बीमारी से जूझने के बाद सुहानी का यूं दुनिया से चले जाना हर किसी को झकझोर गया। सुहानी के निधन की जानकारी मिलने पर वार्ड पार्षद पति अरुण सिंह तथा ददरौल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सिंह ने निवाजपुर स्थित उसके घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मासूम सुहानी की मौत ने एक बार फिर यह सवाल छोड़ दिया कि आखिर कितनी ही उम्मीदों और दुआओं के बावजूद एक मासूम जिंदगी को बीमारी के आगे क्यों हारना पड़ा। परिवार के लिए सुहानी की यादें अब जिंदगी भर का दर्द बनकर रह गई हैं।

## दरोगा पर मनमानी के आरोप, कार्रवाई के लिए एसपी से मिलीं महिलाएं

**शाहजहांपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के ढकिया रनवास गांव की दर्जनभर महिलाएं और ग्रामीण गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने हल्का दरोगा पर मनमानी करने और ग्रामीणों को परेशान करने समेत कई गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को मांग पत्र सौंपा। शिकायतकर्ताओं ने मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक, 23 अगस्त को गांव के देवस्थान पर जल चढ़ाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। सूचना पर हल्का दरोगा और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। आरोप है कि पुलिस ने मामले में उचित कार्रवाई नहीं की। महिलाओं ने दरोगा पर ग्रामीणों का झूठे मुकदमों में चालान करने, अवैध वसूली करने और गांव में पक्षों के बीच विवाद कराने जैसे आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ताओं ने गांव में अवैध शराब के कारोबार को लेकर भी शिकायत की है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, सिंधौली थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने महिलाओं के आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि आरोप लगाने वाली कुछ महिलाएं कथित रूप से अवैध शराब बनाने के कारोबार में लिप्त हैं। हल्का दरोगा की ओर से उनके खिलाफ पहले भी कार्रवाई की जा चुकी है। इसी के चलते पुलिस पर आरोप लगाए जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने शिकायतकर्ताओं का आपराधिक इतिहास होने का भी दावा किया है।

## खबरें एक नजर में

### सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**मदनापुर, शाहजहांपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर मदनापुर में रक्षाबंधन पर्व बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भैया-बहनों ने एक-दूसरे की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर आपसी प्रेम, भाईचारे और एक-दूसरे की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चेतन सिंह चैहान ने रक्षाबंधन पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के पवित्र प्रेम, विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पर्व की परंपरा और उसके सामाजिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण उत्साह और उल्लास से भर गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ रक्षाबंधन पर्व में सहभागिता की। इस मौके पर आचार्य अभिषेक सिंह, बलवीर, अनंतराम, विपिन कटियार सहित विद्यालय की आचार्या बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



### हथौड़ा चौराहे पर भंडारा, श्रद्धालुओं को कराया प्रसाद ग्रहण

**शाहजहांपुर।** सावन माह के अंतिम दिन के शुभ अवसर पर मोहम्मदी रोड स्थित हथौड़ा चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन जिला पंचायत सदस्य पद हेतु भावलखेड़ा पंचम से संभावित प्रत्याशी प्रिंस शर्मा के नेतृत्व में कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और राहगीरों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता भी पहुंचीं। उन्होंने अपने हाथों से श्रद्धालुओं को भोजन परोसकर प्रसाद वितरित किया। भंडारे के दौरान लोगों में उत्साह देखने को मिला और श्रद्धालुओं ने इसके लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई। आयोजन में अवनीश शर्मा, आदित्य शर्मा, राकेश चंद्र शर्मा, धनंजय बाजपेई, संदीप मिश्रा, रमित त्रिवेदी, कृपा शंकर बाजपेई, नवनीत श्रीवास्तव और नरेंद्र कश्यप सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।



### घरेलू कलह से तंग युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**खुदागंज शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम मवैया पट्टी के मजरा नैगमा में घरेलू कलह और नशे की लत से उपजे तनाव के बीच 29 वर्षीय युवक ने गांव के बाहर पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की नवविवाहिता पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नैगमा निवासी तुलाराम के 29 वर्षीय पुत्र वेदपाल की शादी करीब एक वर्ष पूर्व बिहार में हुई थी। दंपती के कोई संतान नहीं थी। परिजनों के मुताबिक वेदपाल को शराब पीने की लत थी, जिसके चलते घर में आए दिन विवाद और तनाव की स्थिति बनी रहती थी। बताया गया कि बुधवार को वेदपाल अचानक घर से निकलकर गांव के बाहर चला गया। कुछ देर बाद उसका शव पेड़ से अंगोछे के फंदे से लटका मिला। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में मातम छा गया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू विवाद और मानसिक तनाव से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

# शारदा राज पासी ने जुलूस-ए-मोहम्मदी में की शिरकत दिया आपसी भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।

ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर आयोजित जुलूस-ए-मोहम्मदी में समाजवादी पार्टी की नेता एवं पूर्व अनुसूचित जातिध्जनजाति आयोग की सदस्य शारदा राज पासी ने शिरकत कर क्षेत्रवासियों को मुबारकबाद दी। उन्होंने विभिन्न गांवों में पहुंचकर जुलूस में शामिल लोगों से मुलाकात की और सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे तथा मिल-जुलकर रहने का संदेश दिया। जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान शारदा राज पासी ने करनापुर, कहमारिया, औरंगाबाद, बर्कलीगंज सहित क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। जगह-जगह स्थानीय लोगों एवं आयोजकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने ईद



मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब ने पूरी इंसानियत को अमन, शांति, प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द को मजबूत करने का काम करते हैं। हमें जाति, धर्म और मजहब की सीमाओं से ऊपर उठकर एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए तथा मिल-जुलकर देश और समाज की तरक्की के लिए काम करना चाहिए। शारदा राज पासी ने कहा कि आपसी भाईचारा और मोहब्बत ही हमारे समाज की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी लोगों से शांति, सद्भाव और सामाजिक एकता बनाए रखने की अपील की। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। लोगों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में आपसी सौहार्द और भाईचारे की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली।

## सदर की कमान संभालेंगे अतुल, तिलहर एसडीएम बने संयुक्त मजिस्ट्रेट आदित्य श्रीवास्तव

समृद्धि न्यूज शाहजहांपुर।

त्योहारों से पहले डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने तहसील क्षेत्रों में फेरबदल करते हुए चार एसडीएमों के कार्यक्षेत्र बदल दिए है। डीएम ने एसडीएम सदर रहे प्रभात राय को न्यायिक एसडीएम तिलहर बनाया है,जबकि बलरामपुर से आए अतुल कुमार सिंह को सदर तहसील की जिम्मेदारी सौंपी है। तिलहर एसडीएम नीलिमा यादव को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट बनाते हुएए उनकी जगह पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदित्य श्रीवास्तव को तिलहर का एसडीएम बनाया है। डीएम ने बताया कि सभी एसडीएमों की तैनाती आदेश दे दिए गए हैं। नवीन तैनाती पर एसडीएमों ने जाकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उम्मीद व विश्वास हैए नवागत एसडीएम लोग जनहित व शासन की मंशानुरूप कार्य करेंगे।



▸ डीएम ने त्यौहारों से पहले 4 एसडीएम के कार्यक्षेत्र बदले

## टीईटी परिणामों ने सिद्ध की कार्यरत शिक्षकों की योग्यता

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्यरत शिक्षकों की योग्यता पर संदेह व्यक्त करते हुए, नियुक्ति नियमावली के विपरीत सभी शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता जैसा उत्पीड़नात्मक आदेश जारी किया गया। किंतु शिक्षकों ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह सिद्ध कर दिया कि उनकी कार्यकुशलता और ज्ञान किसी प्रमाण की मोहताज नहीं है। श्री तिवारी ने कहा कि जहाँ सामान्य परिस्थितियों में टीईटी परीक्षा का परिणाम प्रायः 14 से 18 प्रतिशत तक ही रहता था, वहीं कार्यरत शिक्षकों ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए प्राथमिक स्तर पर 76.29 प्रतिशत तथा जूनियर स्तर पर 77.45 प्रतिशत सफलता दर हासिल की। यह परिणाम न केवल शिक्षकों की योग्यता का प्रमाण है, बल्कि वर्षों के अनुभव, समर्पण और शिक्षण कौशल की भी सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या योग्यता परीक्षण केवल शिक्षकों के लिए ही आवश्यक होगा? क्या असफल होने की स्थिति में केवल शिक्षकों की नौकरी पर ही संकट आएगा? यदि देश में एक देश, एक नियम की बात की जाती है, तो क्या यह व्यवस्था सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और महत्वपूर्ण पदों पर बैठे व्यक्तियों पर समान रूप से लागू नहीं होनी चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का स्पष्ट मत है कि नियुक्ति नियमावली के विपरीत, 30 वर्ष से अधिक सेवा दे चुके शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपना अन्यायपूर्ण और उत्पीड़नात्मक है। संघ इस आदेश का न्यायिक एवं आन्दोलनात्मक स्तर पर निरंतर विरोध करेगा और जब तक यह आदेश निरस्त नहीं होता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।



## रानी लक्ष्मीबाई विंग ने बाइक चालकों को बांटे हेलमेट

▸ सीओ ट्रैफिक और टीएसआई रहे कार्यक्रम के अतिथि

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

रानी लक्ष्मी बाई विंग की ओर से रक्षाबंधन के एक दिन पहले खिरनी बाग चैराहे पर भाइयों की रक्षा हेतु हेलमेट वितरण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीओ ट्रैफिक रणवीर सिंह व विशिष्ट अतिथि टीएसआई विनय पांडे रहे। रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग द्वारा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे लोगों को विंग की महिलाओं ने हेलमेट वितरण किए और यह शपथ दिलाई गई कि हम बिना हेलमेट यात्रा नहीं करेंगे। मुख्य अतिथि सीओ रणवीर सिंह ने कहा कि हेलमेट हमारी सुरक्षा है लगातार बढ़ रही रोड एक्सीडेंट की घटनाओं में सबसे ज्यादा वही घटनाएं होती हैं जो हेलमेट नहीं लगते हैं। संस्थापक डॉ नमिता सिंह ने बताया कि हमारी विंग द्वारा रक्षाबंधन के एक दिन पहले यह कार्य किया गया। जिससे भाइयों को हमेशा यह ध्यान रहे कि उन्हें बिना हेलमेट के नहीं चलना है। अध्यक्ष स्तुति गुप्ता ने कहा कि कल रक्षाबंधन है और कल के दिन सभी बहने यह संकल्प ले और अपने भाइयों से रक्षा सूत्र बांधते समय यह शपथ ले कि आप बिना हेलमेट यात्रा नहीं करेंगे। क्योंकि अगर किसी परिवार में कोई दुर्घटना होती है तो उस परिवार का भी जीवन खत्म हो जाता है। इस अवसर पर रचना सिंह, अनीता सिंह, सुमन गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, अर्चना अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। उपाध्यक्ष रचना सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# सहवेगपुर चर्चित सुरेंद्र हत्याकांड मामले में दो आरोपी और गिरफ्तार

▸ मुख्य आरोपी प्रधान पति समेत तीन आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।

सहवेगपुर के चर्चित सुरेंद्र हत्याकांड मामले में पुलिस ने दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस तीन आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। जबकि मुख्य आरोपी प्रधान पति समेत अन्य तीन आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। गौरतलब है कि बीती 13 अगस्त की रात करीब आठ बजे कोतवाली क्षेत्र के गाँव सहवेगपुर में कच्ची शराब की बिक्री का विरोध करने को लेकर हुए विवाद में गांव के ही प्रधान पति सुरेंद्र द्वारा कच्ची शराब के कारोबार कौशिकायत करने वाले सुरेंद्र को घर बुलाया गया। इस दौरान उसपर लाठी-डंडों और बंका से किए गए जान लेवा हमला में सुरेंद्र की मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी ने उक्त मामले में प्रधान पति सुरेंद्र वर्मा समेत आठ लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 16 अगस्त को ही हत्याकांड में नामजद गोविंद, सुखदेव और वासुदेव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर करीब पौने आठ बजे गर्रा पुल के पास से वांछित आरोपी अमित और दिलीप को भी धर दबोचा और घटना में प्रयुक्त दो लाठियां बरामद कीं। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। जबकि मुख्य आरोपी प्रधान पति सुरेंद्र वर्मा समेत तीन आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।



# गंगाजल की शपथ वाले वायरल वीडियो पर कांग्रेस का हल्लाबोल

▸ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की शपथ लेने वालों पर कार्रवाई की मांग

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

नगर निगम के कुछ पार्षदों के जल हाथ में लेकर शपथ लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस ने वायरल वीडियो को लेकर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने नगर मजिस्ट्रेट रजनीकांत से मुलाकात कर जिलाधिकारी को संबोधित मांगपत्र सौंपा। गुप्ता ने कहा कि यदि वायरल वीडियो में पार्षद भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने जैसी शपथ लेते दिखाई दे रहे हैं तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित लोगों की भूमिका तय की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि गंगाजल हाथ में लेकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने जैसी शपथ का वीडियो सामने आना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे शहीदों की नगरी शाहजहांपुर की प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने नगर निगम परिसर में अमर शहीदों की प्रतिमाओं को हटाए जाने के पुराने मामले का भी उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों घटनाओं ने नगर निगम की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। गुप्ता ने आरोप लगाया कि विकास कार्यों के नाम पर खानापूर्ति हो रही है, जबकि सड़क, सफाई, जलभराव और अन्य नागरिक समस्याओं से जनता परेशान है। उन्होंने मांग की कि वायरल वीडियो की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और शहीद प्रतिमाओं से जुड़े मामले में भी जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि दोनों मामलों में जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी नगर निगम के खिलाफ आंदोलन करेगी। गुप्ता ने कहा कि जनता के सम्मान, शहीदों की गरिमा और शाहजहांपुर की प्रतिष्ठा से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में निवर्तमान प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, पीसीसी सदस्य गौरव त्रिपाठी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, एनएसयूआई अध्यक्ष रफी उल हसन, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी और युवा नेता शाश्वत मिश्रा शामिल रहे।



# मृतक की पत्नी समेत दो पर हत्या का मुकदमा

- मृतक के पिता ने बहू और दामाद पर लगाया हत्या का आरोप
- न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

**समृद्धि न्यूज, भावलखेड़ा/रोजा।**

करीब डेढ़ माह पहले फंदे पर लटके मिले 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत के मामले में न्यायालय के आदेश पर रोजा पुलिस ने उसकी पत्नी समेत दो लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के पिता ने अपनी बहू और दामाद पर बेटे की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। रोजा थाना क्षेत्र के मुकरमपुर गांव निवासी सेवाराम के 45 वर्षीय पुत्र लाल सिंह ने 12 जुलाई को घर में फंदा लगाकर जान दे दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था। हालांकि, मृतक के पिता सेवाराम लगातार अपने बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाते रहे। पुलिस स्तर पर सुनवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में सेवाराम ने आरोप लगाया कि उनकी पुत्री विमला का विवाह कांट थाना क्षेत्र के भण्डेरी गांव निवासी राजवीर से हुआ था। करीब 15 वर्ष पहले विमला की मृत्यु हो गई। इसके बाद राजवीर अपनी दो बेटियों के साथ मुकरमपुर स्थित उनके घर में रहने लगा। सेवाराम का आरोप है कि इसी दौरान राजवीर के उनकी पुत्रवधू अनीता से अवैध संबंध हो गए। आरोप है कि अनीता ने कुछ जमीन अपने और अपने दो नाबालिग बेटों के नाम करा ली। इसके बाद राजवीर की कथित शह पर जमीन के कई बैनामे किए गए। इनमें एक बैनामा राजवीर के नाम भी किए जाने का आरोप है। सेवाराम के अनुसार, राजवीर ने बाद में अपने नाम की जमीन बेचकर वाहन आदि खरीदा। सेवाराम ने आरोप लगाया कि एक रात उन्होंने अपने रिश्तेदार के साथ अनीता और राजवीर को संदिग्ध परिस्थितियों में देखा था। उनका कहना है कि इसके बाद दोनों ने लाल सिंह को रास्ते से हटाने की साजिश रची। आरोप है कि 11 जुलाई की रात लाल सिंह को जबरन पकड़कर रस्सी से फंदा लगाकर उसकी हत्या कर दी गई और घटना को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि फंदे में इस्तेमाल रस्सी को अनीता और राजवीर ने गायब कर दिया। सेवाराम ने न्यायालय में यह भी आशंका जताई कि राजवीर उनकी भी हत्या की साजिश रच रहा है। न्यायालय के आदेश के बाद रोजा पुलिस ने अनीता और राजवीर के खिलाफ हत्या सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रोजा थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर अनीता और राजवीर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले में विवेचनात्मक कार्रवाई की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन खरीदने के नाम पर 12 लाख रुपये लेने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

- बैनामा न कराने और रकम वापस न करने का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, पुवायां, शाहजहांपुर।**




जमीन खरीदने के नाम पर 12 लाख रुपये लेने और बाद में न तो जमीन का बैनामा कराने और न ही रकम वापस करने का एक युवक पर आरोप लगा है। मामले में कटरा बाजार निवासी पुष्कर गुप्ता ने एसपी को तहरीर दी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुष्कर गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कस्बा खुटार निवासी अधिवक्ता अग्निवेश शुक्ला उर्फ बंटी पुत्र राजेश शुक्ला ने पीड़ित को जमीन खरीदने का प्रस्ताव दिया था। आरोप है कि अग्निवेश ने अपनी बुआ राधा शुक्ला पत्नी आरके शुक्ला के लखीमपुर खीरी स्थित खाते में 14 दिसंबर 2022 को आठ लाख रुपये और 15 दिसंबर 2022 को चार लाख रुपये जमा कराए। उक्त 12 लाख रुपये रिश्तेदार मुकेश गुप्ता निवासी लखनऊ के खाते डलवाए थे। आरोप है कि इसके बाद एक फरवरी 2023 को अधिवक्ता अग्निवेश शुक्ला को आठ लाख रुपये नकद भी दिए गए। जमीन का बैनामा कराने के लिए कई बार आग्रह किया गया, लेकिन बैनामा नहीं कराया गया और रकम भी वापस नहीं की गई। मामले को लेकर 15 अक्टूबर 2025 को डाक बंगला पुवायां निवासी देवेंद्र लील के घर पर पंचायत भी हुई। शिकायत के मुताबिक पंचायत में अग्निवेश शुक्ला उर्फ बंटी सहित कई लोग मौजूद थे। पंचायत में आरोपी ने 23 अक्टूबर 2025 तक रकम अदा करने का वादा किया, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी रकम वापस नहीं की गई। काफी समय बीत जाने के बाद आरोपी की नीयत बदल गई और वह उसकी रकम हड़पना चाहता है। उसने अपने साथ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का आरोप लगाते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## ग्राम समाज की जमीन के विवाद में मारपीट व फायरिंग, चार गिरफ्तार

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम मकरन्दापुर में ग्राम समाज की जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में मारपीट और फायरिंग की घटना सामने आई। पुलिस के मुताबिक, सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल तीन लोगों को उपचार के लिए सीएचसी कटरा भेजा गया। मामले में वादी सुरेन्द्र सिंह की तहरीर के आधार पर थाना खुदागंज में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, मुकदमे में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में 27 अगस्त की सुबह करीब 4:40 बजे मुखबिर की सूचना पर मकरन्दापुर गांव के बाहर स्थित शिव मंदिर से चार आरोपियों रामलडैते

- पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक, अवैध तमंचा व कारतूस किए बरामद

सिंह, जगपाल सिंह उर्फ पप्पू सिंह, गिरीश पाल सिंह और रामप्रकाश उर्फ बाबा सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बताई गई लाइसेंसी डबल बैरल 12 बोर बंदूक, दो जिंदा कारतूस, एक अवैध .315 बोर तमंचा, एक खोखा कारतूस तथा एक कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी और विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं तथा आर्म्स एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई हैं। पुलिस के अनुसार, घटना में आदेश के बाएं हाथ में फायर आर्म्स की चोट तथा रमनपाल और कलप सिंह को लाठी-डंडों से चोटें आई थीं। सभी घायलों को उपचार के लिए भेजा गया था। चारों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए भेजा गया है। मामले की विवेचना जारी है और घटना से जुड़े तथ्यों का अंतिम निर्धारण जांच एवं न्यायालय की कार्यवाही के आधार पर होगा।

## खबरें एक नजर में

### 8 साल के संघर्ष के बाद DSSSB में TGT पद पर चयन



**लखीमपुर खीरी।** सूरज वर्मा ने पेश की मिसाल, 8 साल के संघर्ष के बाद DSSSB में TGT पद पर चयन हुआ। 30 अप्रैल 2018 के भयानक सड़क हादसे में आंखों की रोशनी गंवाने वाले रामनगर निवासी सूरज वर्मा ने अदम्य साहस और मेहनत के दम पर बड़ी सफलता हासिल की है। सुरेंद्र कुमार वर्मा के पुत्र सूरज का 25 अगस्त 2026 को DSSSB में Natural Science TGT के पद पर चयन हुआ। हादसे के बाद जिंदगी बदल जाने के बावजूद उन्होंने 8 वर्षों तक लगातार संघर्ष और मेहनत जारी रखी और आखिरकार अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया।0 अप्रैल 2018 के भयानक सड़क हादसे में आंखों की रोशनी गंवाने वाले रामनगर निवासी सूरज वर्मा ने अदम्य साहस और मेहनत के दम पर बड़ी सफलता हासिल की है। सुरेंद्र कुमार वर्मा के पुत्र सूरज का 25 अगस्त 2026 को छस्स्स्क्र में हृड्डह्लह्वह्म्ड्डद्य स्ष्द्बद्गठ्ठष्द्ग ञ्जत्रञ्ज के पद पर चयन हुआ। हादसे के बाद जिंदगी बदल जाने के बावजूद उन्होंने 8 वर्षों तक लगातार संघर्ष और मेहनत जारी रखी और आखिरकार अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया।

### घर में घुसकर बर्तन, कपड़े चोरी के आरोप में चार पर रिपोर्ट

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के इमलिया गांव में परिवार के दिल्ली से लौटने के बाद घर से सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इमलिया गांव निवासी वीरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह करीब तीन माह पहले बच्चों के साथ मजदूरी करने दिल्ली गया था। रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के लिए वह 25 अगस्त की सुबह वापस गांव आया। घर पहुंचने पर उसे सामान अस्त-व्यस्त मिला। जांच करने पर घर में रखे बर्तन और कपड़े गायब मिले। इसके अलावा लोहे का कबाड़ भी चोरी कर लिया गया था। वीरेंद्र ने आरोप लगाया कि गांव के ही विपिन, चिंटू, पिकू और रजनीश ने एकराय होकर उसके घर में घुसकर सामान चोरी किया है। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक आरके रावत ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रिश्ता तय होने के बाद युवती का अपहरण, छेड़छाड़ का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** बड़ागांव चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी का अपहरण कर छेड़छाड़ करने और अश्लील फोटो खींचकर धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, करीब तीन माह पहले युवती की शादी का रिश्ता खुटार निवासी सुरजीत से तय हुआ था। शगुन में 1100 रुपये भी दिए गए थे। 24 अगस्त की दोपहर युवती को सिंधौली क्षेत्र स्थित एक धर्मस्थल पर बुलाया गया था। आरोप है कि युवती के पहुंचने से पहले सुरजीत के साथ उसकी विवाहित बुआ और बुआ का देवर वहां मौजूद थे। आरोप है कि तीनों ने युवती को सुनसान स्थान पर बातचीत करने के लिए कहा। युवती के मना करने पर सुरजीत उसे जबरन बाइक पर बैठाकर ले गया। आरोप है कि बड़ागांव के पास गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ की गई। इसी दौरान आरोपी ने युवती के फोटो भी खींच लिए। तहरीर के मुताबिक, युवती ने विरोध किया तो सुरजीत और उसके रिश्तेदारों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने फोटो के जरिए उसकी जिंदगी बर्बाद करने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक आरके रावत ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

## खाद में ओवररेटिंग व वितरण में मनमानी का आरोप, किसानों ने ब्लॉक में किया प्रदर्शन

**पुवायां, शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन किसान कल्याण के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को किसान और यूनियन पदाधिकारी ब्लॉक परिसर में एकत्र हुए। किसानों ने दिउरिया गुटैया सहकारी समिति के सचिव पर खाद की ओवररेटिंग करने और छोटे किसानों को खाद उपलब्ध न कराने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। किसानों का कहना था कि समिति में बड़े किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध करा दी जाती है, जबकि छोटे किसानों को खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। एडीओ कोऑपरेटिव की मौजूदगी में किसानों और समिति सचिव के बीच वार्ता होनी थी। बातचीत के दौरान आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए और मामला तीखी बहस में बदल गया। कुछ किसानों ने सचिव का विरोध किया, जबकि कुछ उनके पक्ष में खड़े हो गए। इससे ब्लॉक परिसर में हंगामा होने लगा। मामले को लेकर किसान और एडीओ के बीच भी नोकझोंक हुई। एडीओ ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। बाद में किसी तरह मामला शांत कराया गया, लेकिन खाद वितरण को लेकर किसानों और समिति सचिव के बीच वार्ता बेनतीजा रही। इसके बाद किसान और यूनियन पदाधिकारी वापस लौट गए। इस दौरान सुमित शुक्ला, सोनू शुक्ला, राजन त्रिवेदी, गुरेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह, तरसेम सिंह, जसवीर सिंह, भजन सिंह और रामपाल समेत तमाम किसान मौजूद रहे।

# संगठन की मजबूती व कार्यकर्ताओं की प्रेरणा बनीं रेखा वर्मा: अरविंद गुप्ता

- रेखा अरुण वर्मा के प्रथम आगमन पर भाजपा ने बनाई स्वागत की योजना

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर-खीरी।**




भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बुधवार को जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता की अध्यक्षता में योजना बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा के तीसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने के बाद जिले में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। रेखा अरुण वर्मा का 1 सितंबर को जिले में प्रथम आगमन होगा। इसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि रेखा अरुण वर्मा का तीसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनना पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। दो बार वह शीर्ष नेतृत्व के इरादे पर खरी उतरी हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व, सरल व्यवहार और कार्यकर्ताओं से आत्मीय जुड़ाव ने उन्हें अलग पहचान दी है। उनका जिले में प्रथम आगमन कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह और प्रेरणा का अवसर है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए उत्साहित है। हम सभी मिलकर ऐतिहासिक और भव्य स्वागत कार्यक्रम सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि तय कार्यक्रम के अनुसार उनका पहला स्वागत मरखापुर बॉर्डर पर दोपहर 2:30 बजे होगा। इसके बाद 2:45 बजे ओयल नगर स्थित हनुमान मंदिर, 3 बजे गुलरीपुरवा हनुमान मंदिर, 3:15 बजे रिलायंस पेट्रोल पंप, 3:25 बजे जेसीसी कंपनी की ओर से ओवरब्रिज के निकट, 3:30 बजे राजापुर चौराहा स्थित एमबी होटल, 3:40 बजे सौजन्य चौराहे पर महिला मोर्चा द्वारा स्वागत किया जाएगा। 3:45 बजे वंदन गार्डन गेट पर रेसिप्शन स्वागत और 3:50 बजे वंदन गार्डन सभागार में स्वागत सभा आयोजित होगी। जिला अध्यक्ष ने अधिक से अधिक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आह्वान किया। बैठक में जिला महामंत्री राजेश सिंह, मनोज वर्मा, अनुराग मिश्रा, किरन अग्रवाल, संजय मिश्रा, जितेंद्र साहनी, आशू मिश्रा, निष्कर्ष मिश्रा, शरद मिश्रा, शौर्य सक्सेना, मुदित अग्रवाल, सुमित मोदी, प्रधान अनुश्री जायसवाल, संदीप कश्यप, विनीत बाजपेई, अंबरीश सिंह, सीमा वर्मा और अजय अवस्थी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गलत जवाब पर तनाव नहीं, गलती पकड़ने की जिद पैदा करें: डीएम

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



राजकीय इंटर कॉलेज में गुरुवार को छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बच्चों को पढ़ाई के साथ जीवन में आगे बढ़ने के गुर बताए। उन्होंने मंच पर बोलने के डर, पढ़ाई में एकाग्रता और सवालों के गलत उत्तर आने पर तनाव जैसे विद्यार्थियों के सवालों का सहज अंदाज में जवाब दिया। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र व प्रधानाचार्य डॉ. जगत प्रकाश सिंह की मौजूदगी में दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डीएम ने कहा कि संवाद कभी एकतरफा नहीं हो सकता। बच्चे जब तक सवाल नहीं पूछेंगे, तब तक संवाद और शिक्षा दोनों अधूरे रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मन में चल रहे सवाल, समस्याएं और भविष्य के सपने बिना झिझक साझा करें।

**मंच पर डर लगता है तो बार-बार बोलें:** एक छात्र ने मंच पर आकर बोलने में डर लगने की समस्या बताई। डीएम ने कहा कि यह स्थिति केवल बच्चों के साथ नहीं होती, बल्कि बड़े लोगों को भी कभी-कभी इसका सामना करना पड़ता है। जब हम सामने वाले को खुद से बहुत बड़ा मान लेते हैं तो झिझक पैदा होती है। इसका सबसे बेहतर इलाज अभ्यास है। लगातार बोलने और प्रयास करने से डर अपने आप खत्म हो जाता है।

**लक्ष्य तय करो, विकल्पों में मत उलझो:** पढ़ाई के समय फोकस न बन पाने के सवाल पर डीएम ने कहा कि मन में कई विकल्प चलने लगें तो एकाग्रता टूट जाती है। कभी लगता है पढ़कर क्या होगा, कभी दोस्त खेलते नजर आते हैं तो कभी किसी दूसरे काम का ख्याल आने लगता है। ऐसे में सबसे पहले लक्ष्य तय करना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक अंक, जेईई या नीट जैसे लक्ष्य निर्धारित करें और फिर शॉर्टकट की तलाश छोड़ दें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कठिन विषय से भागने के बजाय बार-बार उसका अभ्यास करें। लगातार प्रयास से कठिन अवधारणा भी धीरे-धीरे आसान हो जाती है।

**गलत उत्तर को देखकर घबराएं नहीं, गलती खोजने की जिद करें:** एक छात्र ने सवाल किया कि जल्दबाजी में सवाल हल करते समय कुछ स्टेप छूट जाते हैं। तरीका सही होने के बावजूद उत्तर गलत आने पर तनाव होने लगता है। इस पर डीएम ने कहा कि गलत उत्तर पर तनाव नहीं, गलती पकड़ने की जिद पैदा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर गलत आने के बाद यह सोचें कि गलती हुई कहां। जब तक सही उत्तर न मिल जाए, सवाल को दोबारा हल करते रहें। जरूरत पड़े तो एक ही सवाल 10 बार हल करें, लेकिन यह पता लगाए बिना आगे न बढ़ें कि गलती क्यों हुई।

**सवाल समझ लिया तो आधा हल हो गया:** डीएम ने कहा कि सवाल को अच्छी तरह समझ लेना ही आधा हल कर लेना है। परीक्षा में प्रश्न पहली बार में समझ न आए तो उसे दो-तीन बार पढ़ें। कई बार विद्यार्थी से पूछा कुछ जाता है और वह जवाब कुछ और लिख देता है। इसलिए उत्तर लिखने से पहले प्रश्न को ठीक से समझना जरूरी है। कैलकुलेशन की छोटी गलतियों को लेकर उन्होंने कहा कि अभ्यास ही इसका समाधान है। विद्यार्थियों ने खुलकर सवाल पूछे। डीएम ने उनके सवालों का जवाब देते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति समर्पण, नियमित अभ्यास और असफलता से सीखने की प्रेरणा दी।

# मुठभेड़ के बाद फरार बदमाश रमन गिरफ्तार तमंचा व चोरी के जेवर बरामद

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



24 अगस्त की पुलिस मुठभेड़ के बाद अंधेरे में भाग निकला वांछित बदमाश रमन आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। न्यूरिया पुलिस ने गुरुवार सुबह मझौला-सितारगंज मार्ग पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और चोरी के जेवर बरामद होने से पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। कई दिनों से तलाश में जुटी थीं पुलिस की टीमें 24 अगस्त को न्यूरिया क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई थी। पुलिस ने इस दौरान जैनुल आबदीन को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन उसका साथी रमन अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा था। रमन के फरार होने के बाद पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें लगाईं और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। गुरुवार सुबह करीब 6:30 बजे पुलिस को रमन के मझौला-सितारगंज मार्ग पर होने की सूचना मिली। तलाशी के दौरान पुलिस को रमन के पास से 12 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस मिले। इसके अलावा करीब 140.930 ग्राम सफेद धातु के चोरी के आभूषण भी बरामद हुए। पुलिस का कहना है कि रमन के खिलाफ न्यूरिया थाने में चोरी, पुलिस मुठभेड़ और आर्म्स एक्ट समेत करीब आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। थानाध्यक्ष दिगंबर सिंह के मुताबिक आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# जिस भतीजे को बचाने पहुंचे, उसी विवाद में चली गई चाचा की जान

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



भतीजे को मारपीट से बचाने के लिए बीच-बचाव करना बसंतपुर निवासी रामपाल को भारी पड़ गया। शराब के नशे में हुए विवाद को शांत कराने पहुंचे 46 वर्षीय रामपाल पर आरोपी ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रामपाल ने उपचार के दौरान गुरुवार सुबह दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बसंतपुर निवासी रामपाल पुत्र पुन्नू लाल देहरादून में मजदूरी करते थे। रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर वह तीन दिन पहले ही अपने परिवार के साथ गांव लौटे थे। बुधवार शाम करीब छह बजे वह अपने बेटे शिवकुमार के साथ बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के बाहर उन्होंने देखा कि उनका भतीजा सूरज और गांव का ही अनिल आपस में झगड़ रहे हैं। परिजनों के मुताबिक अनिल शराब के नशे में था और सूरज के साथ मारपीट कर रहा था। रामपाल ने रिश्ते की परवाह करते हुए दोनों के बीच पहुंचकर विवाद शांत कराने का प्रयास किया। आरोप है कि इससे नाराज अनिल ने सूरज को छोड़कर रामपाल को निशाना बना लिया और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि अनिल ने डंडे पर हाथ में पहने लोहे के कड़े से वार किया। सिर में गंभीर चोट लगने के बाद रामपाल सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। परिजन उन्हें घर लेकर आए, लेकिन रात में हालत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि मृत्यु की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगी। आरोपी घटना के बाद से फरार है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। सीओ सदर नताशा गोयल ने मामले की जानकारी दी है।

## बाघ के हमले में घायल ग्रामीण का हाल जानने पहुंचे डीएफओ

**लखीमपुर खीरी।**बरवर चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत ककराही के पंचायत भवन में वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ एक आवश्यक बैठक की। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) तापस मिहिर पहुंचे।हाल ही में ग्राम ककराही के निवासी केपी कुमार (पुत्र शिवकरन लाल) बाघ के हमले में घायल हो गए थे। उनका इलाज शाहजहांपुर के जिला अस्पताल में चल रहा था। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है। डीएफओ तापस मिहिर अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विशेष रूप से केपी कुमार का हाल-चाल जानने उनके घर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।बैठक के दौरान डीएफओ ने ग्रामीणों को वन्यजीवों से सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इस समय क्षेत्र में गन्ने की फसल ज्यादा होने के कारण जंगली जानवर वन क्षेत्र से भटककर आबादी और खेतों की तरफ आ जाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति खेतों पर अकेले न जाए।हमेशा समूह (ग्रुप) बनाकर ही खेतों की तरफ रुख करें। बैठक में यह रहे मौजूद,इस मौके पर महेशपुर रेंज का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। वन विभाग की ओर से मुख्य रूप से डिप्टी रेंजर मोहम्मद उमर, डिप्टी रेंजर सुरेंद्र पाल गौतम, वन दरोगा अखिलेश सिंह, वन दरोगा विजय सिंह और रोहित कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# टाहपौटा के प्राथमिक विद्यालय में रक्षाबंधन की रही धूम, नन्हीं बेटियों ने जनप्रतिनिधियों को बांधी राखी

- मुख्य अतिथि प्रवक्तानंद महाराज ने बच्चों के साथ बैठकर किया भोज
- पढ़ाई में मेहनत कर बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए किया प्रेरित

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



रक्षाबंधन पर्व से पहले गुरुवार को मरौरी विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय टाहपौटा में भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और भारतीय संस्कारों से जुड़ा विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज रहे। विद्यालय में छात्राओं द्वारा स्वयं तैयार की गई रंग-बिरंगी राखियों से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की कलाई सजाई गई। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, अपनत्व और खुशियों का माहौल दिखाई दिया। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई राखियां मुख्य अतिथि स्वामी प्रवक्तानंद महाराज, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र और बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह की कलाई पर बांधीं। राखी बांधने के दौरान विद्यालय परिसर तालियों और खुशी से गूंज उठा। अतिथियों ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर किया भोजन:** कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यालय में आयोजित तिथि भोज रहा। मुख्य अतिथि स्वामी प्रवक्तानंद महाराज सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बच्चों को अपने साथ पंक्ति में बैठाकर भोजन किया। सभी ने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर राजमा-चावल, रायता, सलाद, हलुआ और रसमलाई का स्वाद लिया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को अपने बीच बैठकर भोजन करता देखकर बच्चों में भी खास उत्साह नजर आया। भोजन के दौरान बच्चों से बातचीत की गई और उनकी पढ़ाई तथा विद्यालय से जुड़ी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई।

**मन लगाकर पढ़ने और बड़े लक्ष्य तय करने की सीख:** स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने छात्र-छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं। उनकी मासूमियत, उत्साह, प्रतिभा और सीखने की ललक में विकसित एवं उज्ज्वल भारत की तस्वीर दिखाई देती है।उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी मिलें, यह परिवार, विद्यालय और समाज सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल एवं स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**डीएम बोले, ऐसे आयोजनों से मजबूत होते हैं संस्कार:** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन बच्चों के भीतर आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना विकसित करने के साथ उन्हें भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। छात्राओं द्वारा स्वयं राखियां तैयार करना विशेष रूप से सराहनीय है। बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अपनी संस्कृति के प्रति लगाव बढ़ता है। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर मेहनत करने और अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**अपने हाथों से राखियां तैयार कर दिखाया हुनर:** रक्षाबंधन आयोजन के लिए विद्यालय की छात्राओं ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में अपने हाथों से आकर्षक और रंग-बिरंगी राखियां तैयार की थीं। छात्राओं ने इन्हीं राखियों को अतिथियों की कलाई पर बांधकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

**अधिकारी, ग्राम प्रधान और ग्रामीण रहे मौजूद:** कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह, ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के साथ रक्षाबंधन की खुशियां साझा कीं और आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम ने रक्षाबंधन के पारंपरिक उत्सव को शिक्षा, संस्कार, स्नेह और सामाजिक सहभागिता से जोड़ने का संदेश दिया।

## संबंध विच्छेद

मैंने अपने सौतेले भाई इरफान व उसकी पत्नी नीलोफर से संबंध विच्छेद कर लिए है, वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। इरशाद पुत्र छिद्दू निवासी मोहल्ला बाबूजई थाना कोतवाली तहसील सदर जिला शाहजहांपुर।

## वंदे मातरम् का विरोध क्यों?

दिवंदे मातरम् भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की उस राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है, जिसने पराधीनता के दौर में देशवासियों के भीतर मातृभूमि के प्रति सम्मान और स्वाधीनता की आकांक्षा को मजबूत किया। इसलिए जब भी राष्ट्रगीत को लेकर विवाद खड़ा होता है, वह केवल एक गीत के शब्दों का विवाद नहीं रह जाता, बल्कि इतिहास, संस्कृति, संविधान और राष्ट्रीय अस्मिता से जुड़े प्रश्नों को सामने लाता है। असहमति लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन किसी राष्ट्रीय प्रतीक के प्रति दृष्टिकोण तय करते समय उसके ऐतिहासिक संदर्भ और व्यापक अर्थ को समझना भी आवश्यक है।

बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की रचना वंदे मातरम् ने भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में रवींद्रनाथ ठाकुर ने इसका गायन किया था। इसके बाद यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन के अनेक चरणों में देशभक्ति और प्रतिरोध की आवाज बना। उस दौर में विभिन्न समुदायों के अनेक लोगों ने इसे सम्मान दिया और स्वतंत्रता की लड़ाई में इसका इस्तेमाल किया। यही ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताती है कि वंदे मातरम् को केवल किसी एक समुदाय या धार्मिक पहचान के चश्मे से देखना उचित नहीं होगा। वंदे मातरम् पर सबसे प्रमुख आपत्ति इसके कुछ अंशों में देवी स्वरूपों के उल्लेख को लेकर रही है। इस आपत्ति को समझने के लिए भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीकों को उनके व्यापक अर्थ में देखना होगा। लक्ष्मी समृद्धि, सरस्वती ज्ञान और दुर्गा शक्ति की प्रतीक मानी जाती हैं। गीत में मातृभूमि को इन गुणों से संपन्न स्वरूप में देखने की कल्पना की गई है। साहित्य में राष्ट्र या मातृभूमि को मानवीय और प्रतीकात्मक रूप देना कोई असामान्य बात नहीं है। इसलिए गीत की काव्यात्मक अभिव्यक्ति को सीधे धार्मिक अनुष्ठान का रूप मान लेना उसके साहित्यिक और सांस्कृतिक संदर्भ को सीमित कर सकता है। भारत की राष्ट्रीय पहचान स्वयं अनेक परंपराओं के समन्वय से बनी है। हमारे राष्ट्रीय ध्वज में अशोक चक्र है, जिसकी ऐतिहासिक जड़ें सम्राट अशोक और बौद्ध परंपरा से जुड़ी हैं। सरकारी संस्थानों के ध्येय वाक्य भी भारतीय प्राचीन ग्रंथों और परंपराओं से लिए गए हैं। यदि किसी प्रतीक को केवल इसलिए अस्वीकार किया जाने लगे कि उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि किसी विशेष धार्मिक या सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ी है, तो भारत की साझा विरासत का बड़ा हिस्सा विवाद के घेरे में आ जाएगा।

इसी संदर्भ में इंडोनेशिया का उदाहरण भी विचारणीय है। दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम बहुल देशों में शामिल इंडोनेशिया ने अपनी प्राचीन हिंदू-बौद्ध सांस्कृतिक विरासत को पूरी तरह नकारा नहीं। उसके राष्ट्रीय प्रतीक में गरुड़ का स्थान है और रामायण-महाभारत से जुड़े अनेक सांस्कृतिक प्रतीक सार्वजनिक जीवन में दिखाई देते हैं। यह उदाहरण बताता है कि किसी देश की ऐतिहासिक विरासत का सम्मान करना किसी एक धर्म को राजनीतिक या धार्मिक रूप से स्वीकार करना नहीं होता। आधुनिक राष्ट्र अपनी विविध ऐतिहासिक परतों को साथ लेकर आगे बढ़ते हैं।

हालांकि, वंदे मातरम् के संदर्भ में एक दूसरी बात भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। लोकतांत्रिक भारत में प्रत्येक नागरिक को अपनी धार्मिक मान्यताओं और अंतरात्मा के अनुसार विचार रखने की स्वतंत्रता है। किसी व्यक्ति को राष्ट्रगीत के सम्मान के नाम पर उसकी धार्मिक पहचान बदलने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार धार्मिक असहमति को राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान का माध्यम बनाना भी उचित नहीं कहा जा सकता। राष्ट्र के प्रति सम्मान और व्यक्तिगत आस्था के बीच संतुलन बनाना ही लोकतांत्रिक परिपक्वता है।

राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी यहां और बढ़ जाती है। राष्ट्रीय प्रतीकों से जुड़े विषयों को राजनीतिक लाभ या चुनावी ध्रुवीकरण का माध्यम बनाने से समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। वंदे मातरम् पर बहस हो सकती है, उसके ऐतिहासिक संदर्भ पर विमर्श हो सकता है और उसके कुछ शब्दों की व्याख्या को लेकर मतभेद भी संभव हैं। लेकिन किसी राष्ट्रीय प्रतीक को लेकर संवाद की जगह आरोप-प्रत्यारोप और सामुदायिक विभाजन का रास्ता अपनाना देश के हित में नहीं है। हमें यह भी समझना होगा कि राष्ट्रीय गौरव केवल प्रतीकों के सम्मान से नहीं, बल्कि उन मूल्यों के पालन से मजबूत होता है जिनके लिए स्वतंत्रता आंदोलन लड़ा गया था। स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व, लोकतंत्र और नागरिक कर्तव्य भारतीय गणराज्य की बुनियादी भावना हैं। राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान इन मूल्यों के साथ ही सार्थक है। वंदे मातरम् की सबसे बड़ी शक्ति उसके शब्दों में ही नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक स्मृति में है जिसमें यह गीत स्वतंत्रता की आकांक्षा के साथ जुड़ा हुआ है। इसलिए इसका सम्मान करना भारत की स्वतंत्रता यात्रा और साझा विरासत का सम्मान माना जा सकता है। साथ ही, इसके संबंध में किसी भी असहमति का उत्तर संवैधानिक मर्यादा और संवाद से दिया जाना चाहिए। आज जरूरत इस बात की है कि हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को संकीर्ण राजनीतिक खांचों में बांटने के बजाय उसके व्यापक ऐतिहासिक अर्थ को समझें। वंदे मातरम् का सम्मान किसी नागरिक की आस्था के विरुद्ध नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। भारत की विविधता तभी उसकी शक्ति बनेगी, जब अलग-अलग परंपराएं एक-दूसरे के अस्तित्व को चुनौती देने के बजाय साझा राष्ट्रीय जीवन में अपना स्थान स्वीकार करें।

### दो टूक




# रिश्तों की पवित्रता और सुरक्षा के संकल्प का पावन पर्व रक्षाबंधन


योगेश कुमार गोयल



**रक्षाबंधन पर विशेष**

रक्षाबंधन पर्व रक्षा के तात्पर्य से बांधने वाला ऐसा सूत्र है, जिसमें बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर जीवन के हर संघर्ष तथा मोर्चे पर उनके सफल होने तथा निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की ईश्वर से प्रार्थना करती हैं तथा उनके सुखद जीवन के लिए मंगलकामना करती हैं। भाई इस कच्चे धागे के बदले अपनी बहनों की हर प्रकार की विपत्ति से रक्षा करने का वचन देते हैं और उनके शील एवं मर्यादा की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। वास्तव में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन स्नेह, सौहार्द एवं सद्भावना का एक ऐसा पर्व है, जो उन्हें अटूट एकता के सूत्र में बांध देता है।

श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व की भारतीय समाज और संस्कृति में कितनी महत्ता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि बहनों के हाथ अपने भाइयों की कलाईयों पर राखियां बांधने के लिए मचल उठते हैं और कलाई पर बांधे जाने वाले मामूली से दिखने वाले इन्हीं कच्चे धागों से पक्के रिश्ते बनते हैं। पवित्रता तथा स्नेह का सूचक यह पर्व भाई-बहन को पवित्र स्नेह के बंधन में बांधने का पवित्र एवं यादगार दिवस है। इस पर्व को भारत के कई हिस्सों में श्रावणी के नाम से जाना जाता है। पश्चिम बंगाल में 'गुरु महापूर्णिमा', दक्षिण भारत में 'नारियल पूर्णिमा' तथा नेपाल में इसे 'जनेऊ पूर्णिमा' के नाम से जाना जाता है।

रक्षाबंधन मनाए जाने के संबंध में अनेक पौराणिक एवं ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि जब देवराज इन्द्र बार-बार राक्षसों से परास्त होते रहे और हर बार राक्षसों के हाथों देवताओं की हार से निराश हो गए तो इन्द्राणी ने बहुत कठिन तपस्या की और अपने तपोबल से एक रक्षासूत्र तैयार किया। यह रक्षासूत्र इन्द्राणी ने देवराज इन्द्र की कलाई पर बांध दिया। तपोबल से युक्त इस रक्षासूत्र के प्रभाव से देवराज इन्द्र राक्षसों को परास्त करने में सफल हुए। तभी से रक्षाबंधन पर्व की शुरूआत हुई। एक उल्लेख यह भी मिलता है कि जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया था, तब उन्होंने एक ब्राह्मण वेश धारण कर अपनी दानशील प्रवृत्ति के लिए तीनों लोकों में प्रसिद्ध राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी और बलि द्वारा उनकी मांग स्वीकार कर लिए जाने पर भगवान वामन ने अपने पग से सम्पूर्ण पृथ्वी को नापते हुए बलि को पाताल लोक भेज दिया। कहा जाता है कि उसी की याद में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।

रक्षाबंधन पर्व से कई ऐतिहासिक प्रसंग भी जुड़े हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से इस पर्व की शुरूआत मध्यकालीन युग से मानी जाती है। भारतीय इतिहास ऐसे प्रसंगों से भरा पड़ा है, जब राजपूत योद्धा अपनी जान की बाजी लगाकर युद्ध के मैदान में जाते थे तो उनके देश की बेटियां उन वीर सैनिकों की आरती उतारकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा करती थी तथा वीर रस के गीत गाकर उनकी हौसला अफजाई करते हुए उनसे राष्ट्र की रक्षा का प्रण भी कराती थी। कहा जाता है कि उस जमाने में अधिकांश मुस्लिम शासक हिन्दू युवतियों का बलपूर्वक अपहरण करके उन्हें अपने हरम की शोभा बनाने का प्रयास किया करते थे और ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए राजपूत कन्याओं ने बलशाली राजाओं को राखियां भेजकर उनके साथ भ्रातृत्व संबंध स्थापित कर अपने शील की रक्षा करनी आरंभ कर दी थी। उसी परम्परा ने बाद में रक्षाबंधन पर्व का रूप ले लिया। चित्तौड़ की महारानी कर्मावती का प्रसंग तो इस संबंध में विशेष रूप से उल्लेखनीय है। जब गुजरात के शासक बहादुरशाह ने चित्तौड़ पर आक्रमण कर दिया तो चित्तौड़ की महारानी कर्मावती घबरा गई। उन्हें चित्तौड़ के साथ-साथ स्वयं की तथा चित्तौड़ की अन्य राजपूत बालाओं की सुरक्षा का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। कोई उपाय न सूझने पर रानी कर्मावती ने बादशाह हुमायूं को राखी के धागे में रक्षा का पैगाम भेजा और हुमायूं को अपना भाई मानते हुए उनसे अपनी सुरक्षा की प्रार्थना की। बादशाह हुमायूं महारानी कर्मावती का यह रक्षासूत्र और संदेश पाकर भाव विभोर हो गए और अपनी इस अनदेखी बहन के प्रति अपना कर्त्तव्य निभाने तुरन्त अपनी विशाल सेना लेकर चित्तौड़ की ओर रवाना हो गए लेकिन जब तक वह चित्तौड़ पहुंचे, तब तक महारानी कर्मावती और चित्तौड़ की हजारों वीरांगनाएं अपने शील की रक्षा हेतु अपने शरीर की अग्नि में आहूति दे चुकी थी। उसके बाद हुमायूं ने महारानी कर्मावती की चिता की राख से अपने माथे पर तिलक लगाकर बहन के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने के लिए जो कुछ किया, वह इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया तथा इसी के साथ रक्षाबंधन पर्व के इतिहास में एक अविस्मरणीय अध्याय भी जुड़ गया। इस ऐतिहासिक घटना के बाद ही यह परम्परा बनी कि कोई भी महिला या युवती जब किसी व्यक्ति को राखी बांधती है तो वह व्यक्ति उसका भाई माना जाता है।

समय के साथ-साथ रक्षाबंधन पर्व के स्वरूप और मूल उद्देश्य में बहुत बदलाव आया है। तेजी से आधुनिकता की ओर अग्रसर आज के इस भागदौड़ भरे और स्वार्थपरक जमाने में जहां बहनों के लिए अब राखी का अर्थ भाई से महंगे उपहार तथा नकदी इत्यादि पाना हो गया है, वहीं भाई भी अपनी निजी जिन्दगी की व्यस्तताओं के चलते बहनों के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वहन सही ढंग से नहीं कर पाते। ऐसे में यह पवित्र पर्व अब रुपये-पैसे तथा साड़ी, आभूषण व अन्य कीमती उपहारों इत्यादि के लेन-देन का पर्व बनता जा रहा है और भाई-बहन के बीच राखी का मोलभाव होने की वजह से धीरे-धीरे इस पर्व की मूल भावनाएं सिकुड़ रही हैं। कच्चे धागों की जगह रेशम के धागों ने ले ली और अब इन धागों की अहमियत कम होती जा रही है।

रक्षाबंधन महज कलाई पर एक धागा बांधने की रस्म नहीं है बल्कि यह भाई-बहन के अटूट स्नेह, पवित्रता और सद्भावना का पर्व है। यह पर्व रिश्तों की पवित्रता और वचनबद्धता का प्रतीक है। इसलिए रक्षाबंधन पर्व को चंद रुपयों या कीमती उपहारों से तोलकर देखना इस पर्व के अंतस में विद्यमान पवित्र भावना का अपमान है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# नेपाल आपदा : भारत के लिए चेतावनी

डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

नेपाल-तिब्बत सीमा के पास आई विनाशकारी बाढ़ ने एक बार फिर पूरे हिमालयी क्षेत्र को झकझोर दिया है। रसुवा क्षेत्र में ल्हेन्डे खोला, भोटेकोशी और त्रिशूली नदी तंत्र में अचानक आया पानी और मलबे का सैलाब अपने साथ घर, वाहन, सड़कें, पुल और इंसानी जिंदगियां बहा ले गया। 27 अगस्त 2026 तक उपलब्ध रिपोर्टों में नेपाल में 157 मौतों और चीन के तिब्बत क्षेत्र में तीन मौतों की जानकारी सामने आई है, जबकि 750 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों में 133 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं।

इस त्रासदी की भयावहता इसलिए भी अधिक है क्योंकि यह केवल नेपाल की समस्या नहीं है। हिमालय से निकलने वाली नदियां सीमाओं को नहीं पहचानतीं। नेपाल में आई आपदा का सीधा असर भारत, विशेषकर बिहार और उत्तर प्रदेश के नदी क्षेत्रों पर पड़ सकता है। इसलिए यह समय केवल राहत और बचाव का नहीं, बल्कि भविष्य की आपदाओं के लिए स्थायी रणनीति बनाने का है।

एक तथ्य को स्पष्ट करना जरूरी है। पिछली बड़ी रसुवा-भोटेकोशी आपदा 8 जुलाई 2025 को हुई थी। नेपाल सरकार की आपदा रिपोर्ट के अनुसार उस समय तिब्बत में एक सुप्राग्लेशियल झील के अचानक खाली होने से ल्हेन्डे नदी में फ्लैश फ्लड आया था। कम से कम नौ लोगों की मौत हुई और 19 लोग लापता हुए थे। यानी लगभग एक वर्ष के भीतर उसी व्यापक सीमा क्षेत्र में दो बड़ी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। साल 2025 में भी नेपाल के अधिकारी और विशेषज्ञों ने सीमा पार ग्लेशियल झीलों के खतरे की ओर संकेत किया था। नेपाल के अपने आपदा रिकॉर्ड बताते हैं कि बाढ़ कोई नई चुनौती नहीं है। 1978 में तिनाऊ बेसिन, 1980 में कोसी, 1985 में तादी, 1987 में सुनकोशी और 1993 में मध्य नेपाल में भीषण बाढ़ ने तबाही मचाई थी। 1993 की आपदा में लगभग 1,336 लोगों की जान गई थी। इसलिए लाव 2026 की त्रासदी को महज एक आकस्मिक प्राकृतिक घटना मानकर आगे बढ़ जाना सबसे बड़ी भूल होगी। इस बार शुरुआत में भूकंप को बाढ़ का कारण माना गया लेकिन अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के विश्लेषण के अनुसार दर्ज हुआ भूकंपीय संकेत स्वयं एक बड़े बर्फ-पत्थर के भूस्खलन से पैदा हुआ था, यानी पहाड़ का विशाल हिस्सा खिसका, उसने नदी तंत्र को प्रभावित किया और फिर पानी, बर्फ, पत्थर तथा मलबे की विनाशकारी दीवार नीचे की ओर चली गई। यही हिमालय की नई चुनौती है- भूकंप, ग्लेशियर, भूस्खलन और बाढ़ अब अलग-अलग खतरे नहीं रह गए हैं; वे एक-दूसरे को जन्म देने वाली आपदाओं की श्रृंखला बन सकते हैं।

साल 2025 में भी तिब्बत से निकलने वाली ग्लेशियल झील के अचानक फटने से भोटेकोशी में बाढ़ आई थी। वैज्ञानिक अध्ययनों ने चीन-नेपाल सीमा क्षेत्र में ग्लेशियल झीलों के बढ़ते खतरे को पहले ही रेखांकित किया है। एक अध्ययन में 28 अत्यधिक संवेदनशील ग्लेशियल झीलों की पहचान की गई और अनुमान लगाया गया कि चरम स्थिति में हजारों इमारतें, दर्जनों पुल, जलविद्युत परियोजनाएं और सड़कें प्रभावित हो सकती हैं।

यह कहना कि चीन को इस आपदा की पहले से पूरी जानकारी थी और उसने जानबूझकर नेपाल को तबाह होने दिया- बिना ठोस प्रमाण के एक गंभीर आरोप होगा। अभी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध प्रमाण इस निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

लेकिन इसका दूसरा पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जब किसी नदी का उद्गम या उसका ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र एक देश में और आबादी वाला निचला हिस्सा दूसरे देश में हो, तब उपग्रह निगरानी, ग्लेशियल झीलों की स्थिति, जलस्तर और भूस्खलन की सूचना साझा करना केवल सद्भावना का विषय नहीं बल्कि मानवीय जिम्मेदारी का विषय होना चाहिए।

चीन नेपाल सीमा के ग्लेशियल बेसिनों में क्रॉस-बॉर्डर अर्ली वार्निंग सिस्टम और संयुक्त आपदा प्रबंधन की जरूरत पर जोर देता है। इसलिए चीन से नेपाल को स्पष्ट जवाब मांगना चाहिए- क्या ऊपरी क्षेत्र में किसी असामान्य ग्लेशियल गतिविधि, झील के आकार में बदलाव, भूस्खलन या नदी अवरोध की जानकारी उपलब्ध थी? यदि थी, तो नेपाल को कब और किस माध्यम से चेतावनी दी गई? यह सवाल राजनीतिक आरोप की बजाय वैज्ञानिक पारदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय जवाबदेही के रूप में पूछा जाना चाहिए।

नेपाल को चीन और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्थानों के साथ मिलकर सीमा क्षेत्र की प्रत्येक संवेदनशील ग्लेशियल झील की नियमित उपग्रह निगरानी करनी चाहिए। जहां खतरा अधिक हो, वहां सेंसर, कैमरा, जलस्तर मापक और सायरन आधारित चेतावनी तंत्र लगाया जाना चाहिए। दूसरा, नदियों के किनारे बेतरतीब निर्माण रोकना होगा। जलविद्युत परियोजना, पुल, सड़क, होटल और बस्तियों के निर्माण में केवल आर्थिक लाभ नहीं बल्कि आपदा जोखिम मानचित्र को आधार बनाना होगा। तीसरा, स्थानीय लोगों को केवल आपदा आने के बाद राहत देने की नीति से बाहर निकलना होगा। हर संवेदनशील गांव में नियमित मॉक ड्रिल, सुरक्षित ऊंचे स्थान, निकासी मार्ग और सामुदायिक आपदा दल होने चाहिए। चौथा, नेपाल-चीन के बीच रियल-टाइम डेटा शेयरिंग समझौता होना चाहिए। किसी ग्लेशियल झील में असामान्य परिवर्तन दिखे तो उसकी सूचना कुछ घंटों में नहीं, कुछ मिनटों में नीचे के क्षेत्रों तक पहुंचे।

भारत के लिए यह खतरा और गंभीर है। नेपाल से निकलने वाली नदियां बिहार में प्रवेश करती हैं। इसलिए भारत को नेपाल में होने वाली प्रत्येक बड़ी हिमालयी घटना को संभावित सीमा-पार आपदा मानना चाहिए। भारत को नेपाल के साथ मिलकर रियल-टाइम फ्लड अर्ली वार्निंग नेटवर्क बनाना चाहिए। बिहार के सीमावर्ती जिलों में सायरन, मोबाइल अलर्ट, पंचायत-स्तरीय चेतावनी केंद्र और नदी जलस्तर निगरानी प्रणाली को मजबूत करना चाहिए। भारतीय मौसम विभाग, केंद्रीय जल आयोग, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और बिहार आपदा प्रबंधन विभाग को नेपाल से मिलने वाले आंकड़ों को एकीकृत करना चाहिए। विशेष रूप से गंडक और कोसी जैसी नदियों के लिए ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में होने वाली असामान्य घटनाओं की सूचना तत्काल निचले इलाकों तक पहुंचनी चाहिए। भारत को अपने स्तर पर भी उपग्रहों और रिमोट सेंसिंग के माध्यम से हिमालयी क्षेत्र की निगरानी बढ़ानी होगी। साथ ही सेना, वायुसेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ को हेलीकॉप्टर आधारित त्वरित बचाव की संयुक्त योजना तैयार रखनी चाहिए।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस

## भाई-बहन का स्नेहाकाश


संजय एम तराणेकर

यहाँ कलाई पर धागा नहीं, विश्वास बँधता है,
भाई-बहन के रिश्ते में स्नेहाकाश सजता है।
न रेशम की कीमत देखो, न थाली का श्रृंगार,
राखी तो बहाना है, रिश्ता है असली उपहार।

बहन की आँखों में स्नेह, भाई के मन में मान,
एक-दूसरे के सुख-दु:ख में बनें मजबूत ढाल।
परंपरा तब ही सुंदर है, जब भावों से जुड़ी रहे,
संस्कारों की खुशबू पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली रहे।

बाजारों में राखी बिके है, रिश्ते न बिकने पाएँ,
त्यौहारों के चकाचौंध में अपने मूल्य न गँवाएँ।
धागा छोटा-सा होता है, बंधन तो होता महान,
रक्षाबंधन सिखाता, रिश्तों से बड़ा नहीं जहान।



# गांधी परिवार की क्या है सनातन के प्रति पूर्वाग्रह वाली सोच?

संजय सक्सेना

भारतीय राजनीति और इतिहास में नेहरू-गाँधी परिवार का प्रभाव दशकों तक रहा है। स्वतंत्रता के बाद से लेकर आज के समय तक, इस परिवार के नेतृत्व में नीति-निर्माण और सांस्कृतिक विमर्श तय किए गए। आलोचकों और सांस्कृतिक विचारकों का एक बड़ा वर्ग मानता है कि इस परिवार की वैचारिक दिशा कभी भी सनातन संस्कृति के अनुकूल या उसके गौरव को बढ़ाने वाली नहीं रही। इस दृष्टिकोण के अनुसार, पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर वर्तमान में राहुल गाँधी तक, इस परिवार ने बार-बार ऐसे निर्णय लिए और बयान दिए जिन्हें सनातन संस्कृति को कमतर दिखाने या उसे चोट पहुँचाने के प्रयास के रूप में देखा जाता है। इसके विपरीत, अन्य धर्मों की सामाजिक कुरीतियों या कट्टरता पर इस परिवार का रुख अक्सर उदासीन या तुष्टिकरण से प्रेरित रहा है। हाल ही में पुणे में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए राहुल गाँधी ने सनातन के ग्रंथों पर निशाना साधा। उन्होंने मनुस्मृति के 9वें अध्याय के तीसरे श्लोक (पिता रक्षति कौमारे...) का आधा-अधूरा हवाला देते हुए दावा किया कि यह ग्रंथ महिलाओं की स्वतंत्रता के खिलाफ है और इसे उन्होंने शर्मनाक बताया। उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर मनुस्मृति माइंडसेट रखने का आरोप लगाया। आलोचकों और विचारकों ने राहुल गाँधी के इस ज्ञान को बेहद निंदनीय और चयनात्मक बताया। सनातन समाज में आज कोई भी मनुस्मृति को कानूनी या व्यावहारिक संहिता नहीं मानता। इसके विपरीत, राहुल गाँधी ने जानबूझकर सनातन संस्कृति को महिला-विरोधी दिखाने के लिए इसका सहारा लिया, जबकि वे अन्य धर्मों के ग्रंथों (जैसे कुरान या बाइबिल) में महिलाओं को लेकर लिखी गई रूढ़िवादी बातों या बुर्का प्रथा जैसी कुरीतियों पर पूरी तरह चुप्पी साध जाते हैं।

नेहरू गांधी परिवार में सनातन धर्म को नीचा दिखाने की शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय से ही शुरू हो गई थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू पश्चिमी विचारों और समाजवाद से अत्यधिक प्रभावित थे। उन्होंने भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाने की वकालत की, लेकिन आलोचकों का मानना है कि उनकी धर्मनिरपेक्षता केवल बहुसंख्यक सनातन समाज पर लागू होती थी। स्वतंत्रता के बाद जब तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल और कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने विदेशी आक्रांताओं द्वारा तोड़े गए सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का बीड़ा उठाया, तो नेहरू ने इसका कड़ा विरोध किया। उन्होंने इसे हिंदू पुनरुत्थानवाद का नाम दिया। जब देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद मंदिर के उद्घाटन समारोह में जाने लगे, तो नेहरू ने उन्हें वहां जाने से मना करने की कोशिश की थी।

यह घटना दर्शाती है कि नेहरू सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना को लेकर असहज थे।नेहरू सरकार ने कथित रूप से हिंदू समाज की कुरीतियों को दूर करने और महिलाओं के अधिकारों के लिए हिंदू कोड बिल पारित किया। सामाजिक सुधार की दृष्टि से यह आवश्यक कदम हो सकता था, लेकिन नेहरू ने अन्य धर्मों, विशेषकर मुस्लिम समाज की कुरीतियों (जैसे बहुविवाह और तीन तलाक) को बदलने का कोई साहस नहीं दिखाया। शरीयत कानून को वैसे ही छोड़ दिया गया। आलोचकों के अनुसार, सुधार की यह चयनात्मक नीति केवल सनातन समाज को निशाना बनाने और दूसरों को तुष्ट करने की रणनीति थी।

इसी तरह श्रीमती इंदिरा गाँधी ने अपनी राजनीति को मजबूत करने के लिए वामपंथी इतिहासकारों और विचारकों को देश के शैक्षणिक संस्थानों पर नियंत्रण दे दिया। इसके परिणामस्वरूप, भारत के इतिहास की पुस्तकों में सनातन संस्कृति, वेदों, उपनिषदों और महान हिंदू राजाओं (जैसे छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, चोल और विजयनगर साम्राज्य) के इतिहास को छोटा कर दिया गया, जबकि आक्रांताओं का महिमामंडन किया गया।राजीव गाँधी के कार्यकाल में भी सांस्कृतिक चेतना को आघात पहुँचाने वाले कई निर्णय लिए गए-उनके कार्यकाल में शाह बानो मामला (1986) में जब सर्वोच्च न्यायालय ने शाह बानो नामक एक पीड़ित मुस्लिम महिला के पक्ष में गुजारा भत्ता देने का ऐतिहासिक फैसला सुनाया, तो राजीव गाँधी सरकार ने कट्टरपंथियों के दबाव में आकर संसद में कानून बदलकर अदालत के फैसले को पलट दिया। यह अन्य धर्मों की कुरीतियों पर आँखें मूँदने और तुष्टिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण बना। राजीव गाँधी ने राजनीतिक लाभ के लिए अयोध्या में राम जन्मभूमि के ताले तो खुलवाए, लेकिन सनातन समाज की इस मुख्य आस्था को कभी पूर्ण न्याय देने का प्रयास नहीं किया। वहीं



यूपीए सरकार के दौरान, सोनिया गाँधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का रुख सनातन संस्कृति के प्रति और अधिक आक्रामक हो गया। इस कालखंड में सनातन समाज की सहिष्णुता पर गहरे प्रहार किए गए। साल 2007 में सामुद्रिक सेतु (राम सेतु) को बचाने के लिए चल रहे आंदोलन के बीच, यूपीए सरकार के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने सर्वोच्च न्यायालय में एक हलफनामा दायर किया। इसमें लिखा गया कि भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और रामायण के अन्य पात्र केवल पौराणिक कथाओं के हिस्से हैं और उनका कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है। करोड़ो सनातनी हिंदुओं के आराध्य देव के अस्तित्व को नकारना इस परिवार की सांस्कृतिक समझ पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। राजनीतिक लाभ के लिए तत्कालीन गृह मंत्रालय और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भगवा आतंकवाद या हिंदू आतंकवाद जैसे शब्दों का आविष्कार किया। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और कर्नल पुरोहित जैसे लोगों को वर्षों तक बिना ठोस सबूतों के जेल में प्रताड़ित किया गया। सदियों से वसुधैव कुटुंबकम और शांति का संदेश देने वाली सनातन संस्कृति को वैश्विक स्तर पर हिंसक सिद्ध करने का यह आत्मघाती प्रयास था।वर्तमान में राहुल गाँधी इस परिवार की वैचारिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। आलोचकों का मानना है कि वे अतीत के नेताओं की तुलना में और अधिक खुले तौर पर, आक्रामक रूप से और कभी-कभी भ्रामक तथ्यों का सहारा लेकर सनातन संस्कृति को निशाना बना रहे हैं। संसद में हिंदू समाज पर विवादित टिप्पणी (2024): संसद के भीतर विपक्ष के नेता के रूप में भाषण देते हुए राहुल गाँधी ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए एक ऐसी टिप्पणी की, जिसे पूरे हिंदू समाज का अपमान माना गया। उन्होंने कहा कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे चौबीसों घंटे हिंसा, नफरत और असत्य की बातें करते हैं। यद्यपि बाद में स्पष्टीकरण दिया गया कि उनका निशाना केवल एक राजनीतिक दल था, लेकिन सदन में जिस तरह से उन्होंने यह बात कही, उसने करोड़ों सनातनी भावनाओं को आहत किया।

मुंबई की एक जनसभा में राहुल गाँधी ने कहा कि हिंदू धर्म में एक शब्द होता है शक्ति, हम उस शक्ति से लड़ रहे हैं। सनातन परंपरा में शक्ति देवी स्वरूपा, चेतना और सात्विक ऊर्जा का प्रतीक है। राजनीतिक लड़ाई में सनातन के सबसे पवित्र प्रतीकों का ऐसा नकारात्मक उपयोग उनकी सोच को दर्शाता है।चुनावों के समय राहुल गाँधी कोट के ऊपर जनेऊ पहन लेते हैं, खुद को कश्मीरी पंडित बताते हैं और मंदिरों के चक्कर लगाते हैं। लेकिन चुनाव बीतते ही उनके सहयोगी डीएमके जब सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से करते हैं और उसे समूल नष्ट करने की बात करते हैं, तो राहुल गाँधी इस पर पूरी तरह मौन रहते हैं। उनकी यह चुप्पी इस बात का प्रमाण है कि वे सनातन विरोधी बयानों का परोक्ष रूप से समर्थन करते हैं।उपरोक्त ऐतिहासिक और वर्तमान घटनाक्रमों का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि नेहरू-गाँधी परिवार की वैचारिक पृष्ठभूमि कभी भी सनातन संस्कृति के आदर्शों, गौरव और प्रतीकों के अनुकूल नहीं रही। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर एकतरफा नीतियां बनाना, भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाना, इतिहास की पुस्तकों से भारतीय संस्कृति के गौरवमयी अध्यायों को हटाना और वर्तमान में राजनीतिक लाभ के लिए सनातन समाज व उसके प्रतीकों को कठघरे में खड़ा करना यह सब इस परिवार की सोच को उजागर करता है। सनातन समाज अपनी सहिष्णुता के लिए जाना जाता है, लेकिन इतिहास गवाह है कि जब-जब राजनीति ने उसकी आस्था को नीचा दिखाने का प्रयास किया, देश की सांस्कृतिक चेतना ने उसका पुरजोर जवाब दिया है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### खड़े ट्रक में जा घुसी एंबुलेंस, चालक की मौत

सुमेरपुर (हमीरपुर)। फैक्ट्री एरिया में सड़क किनारे खड़े ट्रक में गुरुवार सुबह एक प्राइवेट एंबुलेंस अनियंत्रित होकर जा घुसी। हादसे में एंबुलेंस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुबह करीब पांच बजे प्राइवेट एंबुलेंस मौदहा की तरफ से मरीज को छोड़कर कानपुर लौट रही थी। फैक्ट्री एरिया के पास अचानक चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और सड़क की दूसरी तरफ खड़े सीज ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक नागेश (22) पुत्र शिवसागर लाल निवासी सिकंदरा, कानपुर देहात की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी अंकित बैसला ने बताया कि ट्रक पहले से सीज था।

### गोल्डी शर्मा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

सुमेरपुर (हमीरपुर)। बिंदोखर गांव स्थित ऐतिहासिक रामजानकी गावटी मंदिर में गुरुवार शाम झूला महोत्सव का आयोजन भव्य तरीके से हुआ। प्रसिद्ध कीर्तन भजन गायिका गोल्डी शर्मा ने मधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और मंदिर परिसर तालियों की गूंज से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी प्रसाद त्रिपाठी और सुरेंद्र तिवारी ने भी भजन, कीर्तन, गजल और सावन गीत प्रस्तुत किए। स्थानीय कलाकार अमर सिंह, डॉ. मान सिंह, आशू सिंह, प्रत्यूष तिवारी, आशीष पाठक, ब्रजेश शर्मा और राजेश ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। सावन की फुहारों के बीच देर रात तक चले कार्यक्रम में भक्ति का माहौल बना रहा। मंदिर व्यवस्थापक स्वामी हरेराम दास ने कलाकारों का स्वागत किया। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### आमने-सामने भिड़ीं बाइकें, पति-पत्नी समेत तीन घायल

सुमेरपुर (हमीरपुर)। कस्बे के बांदा मार्ग पर पंधरी गांव के समीप गुरुवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में पति-पत्नी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बाइक चालकों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पंधरी गांव निवासी वंशगोपाल वर्मा कुरारा से बाइक लेकर अपने गांव लौट रहे थे। वहीं पचखुरा खुर्द निवासी विशंभर विश्वकर्मा अपनी पत्नी शीलू विश्वकर्मा को साथ लेकर बाजार के लिए कस्बे की ओर आ रहे थे। पंधरी के पास दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में विशंभर, उनकी पत्नी शीलू और वंशगोपाल गंभीर रूप से घायल हुए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सभी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी स्वजन को दी।

### ब्रह्मानंद महाविद्यालय में 'खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रम आयोजन



राठ (हमीरपुर)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ब्रह्मानंद महाविद्यालय राठ में 'खेलो इंडिया संवाद-खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मेरा युवा भारत (माई भारत) के संचालन एवं माई भारत एनएसएस यूनिट के सहयोग से संपन्न हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद का लाइव प्रसारण युवाओं और खिलाड़ियों ने देखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी सुशील करौलिया ने की। जबकि सुरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि और डॉ. जीतेंद्र सिंह कार्यक्रम संयोजक रहे। कार्यक्रम में नेशनल खिलाड़ी मेनिका पाल और नेशनल सर्किल कबड्डी खिलाड़ी ऋषिकांत राजपूत सहित माई भारत के वालंटियर पियूष सोनी, सत्यम व आकांक्षा ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद दीप प्रज्वलन, राष्ट्रगान और वंदे मातरम के साथ हुई। इसके बाद प्रधानमंत्री के लाइव संवाद का प्रसारण किया गया। खिलाड़ियों एवं युवाओं के साथ संवाद के दौरान खेल सुविधाओं, प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और विकसित भारत में युवाओं की भूमिका पर चर्चा हुई। युवाओं ने अपने सुझाव भी साझा किए। इस दौरान रंजीत पटेल, मनीष कुमार, किशन गुप्ता, उपासना, कामिनी, दिव्यांशी और सूरज ने भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' की शपथ दिलाई गई। साथ ही युवाओं को माय माई भारत रजिस्ट्रेशन और विकसित भारत यंग लीडर्स डायलाग 2027 से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### बारिश से गुरसराय में गिरे कच्चे मकान, ग्रामीणों की बढ़ी चिंता

गुरसराय (झांसी)। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला शुरू हो गया है। बारिश के कारण गुरसराय के वार्ड नंबर 4 में 3 कच्चे मकान गिरकर धराशायी हो गए, उसमें रह रहे लोग बाल बाल बचे, मकान गिरने से प्रभावित लोगों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान कच्चे मकानों में रहना बेहद जोखिम भरा हो गया है। यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो अन्य जर्जर मकानों के भी गिरने की आशंका है स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा जर्जर मकानों का सर्वे कराकर संभावित हादसों को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

### वैदिक मंत्रों के साथ हुआ पार्थिव शिवलिंग निर्माण का समापन



गुरसराय। श्रावण माह के पावन अवसर पर ग्राम धुरैया में चल रहा तीन दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महामृत्युंजय का भव्य आयोजन विधिवत पूर्ण आहुति एवं भंडारे के साथ समापन हुआ।आचार्य धर्मगुरु पं अनुज कृष्ण शास्त्री ने वैदिक मंत्रों के साथ हवन पूजन कराया।कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कहा कि जीवन में धर्म ही हमें सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।ऐसे धार्मिक कार्यक्रम होते रहना चाहिए। कार्यक्रम आयोजक भगवत नारायण पटेल एवं पूर्व डायरेक्टर सहकारी बैंक ज्योति सुबोध पटेल ने पूजन अर्चन कर आहुतियां डालीं। कार्यक्रम में अलख पटेल मुख्य यजमान मुकेश पटेल, सुवेद पटेल पूर्व डायरेक्टर जिला सहकारी बैंक झांसी, छत्रपाल पटेल ,बैकुंठ पटेल ,बबलू पटेल आदि उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं 29 से

हमीरपुर। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देश पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय हमीरपुर की ओर से 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताएं राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम हमीरपुर में आयोजित होंगी। आयोजन हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर किया जा रहा है। 29 अगस्त को सुबह नौ बजे से 14 वर्ष तक के बालकों की हॉकी प्रतियोगिता तथा जूनियर बालक-बालिकाओं की एथलेटिक्स प्रतियोगिता होगी। इसमें 100, 200 और 400 मीटर दौड़ के साथ डिस्कस थ्रो व जैवलिन थ्रो शामिल हैं। 30 अगस्त को सुबह आठ बजे जूनियर बालक-बालिकाओं की साइकिल रैली और सैंड एंड साइकिल रैली आयोजित की जाएगी। 31 अगस्त को अंडर-14 व अंडर-19 बालक वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता तथा पास द बॉल रिक्रिएशन गेम्स होंगे। जिला खेल कार्यालय ने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि व समय पर खेल शिक्षक के साथ स्टेडियम भेजने की अपील की है। हॉकी प्रतियोगिता के लिए टीमों की सूची 28 अगस्त की शाम पांच बजे तक उपलब्ध कराने को कहा गया है। विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। उक्त जानकारी उप क्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने दी।

# जलभराव से जनजीवन बेहाल, सरकारी कार्यालय में भी भरा पानी

समृद्धि न्यूज़, सरीला (हमीरपुर)।





क्षेत्र में मंगलवार से रुक-रुककर हो रही मूसलाधार बारिश से नगर और ग्रामीण इलाकों में जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई है। नगर के सीएचसी, ग्राम न्यायालय, वन रेंज कार्यालय, ममना विद्युत सब स्टेशन, मकबरा स्टेडियम समेत निचली बस्तियों में पानी भर गया है। कई स्थानों पर तालाब जैसे हालात होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई और उन्हें घरों में रहने को मजबूर होना पड़ा। लगातार बारिश के कारण नदी-नालों का जलस्तर भी बढ़ गया है, जिससे कई रास्तों पर आवागमन प्रभावित हुआ है। नगर और ग्राम पंचायतों की ओर से जलनिकासी के किए गए इंतजाम भी भारी बारिश के सामने बेअसर साबित हुए। जलभराव के कारण सरकारी कार्यालयों में कामकाज भी प्रभावित हुआ।

प्रशासन की ओर से जलनिकासी के लिए पंप सेट लगाए गए हैं। ग्राम न्यायालय परिसर से पंप के माध्यम से पानी निकाला जा रहा है। वहीं गांवों के बाहर बंधियों को काटकर पानी निकालने का प्रयास किया जा रहा है। अत्यधिक बारिश के चलते विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। हालांकि क्षेत्र में किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। पशुओं के लिए भी सूखे स्थान की समस्या बनी हुई है।

## मौदहा बांध से पानी छोड़े जाने पर विरमा नदी उफनाई, पांच रपटों पर आवागमन बंद

सरीला (हमीरपुर)। मौदहा बांध से करीब 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद विरमा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। नदी पर बने पांच रपटों के ऊपर से पानी बहने के कारण आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। बिलगांव में रपटे के कई फीट ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे श्मशान घाट और गौशाला जाने वाला रास्ता भी बंद हो गया है। नदी के पार बसे शिवनी डेरा में चारों ओर पानी भर जाने के कारण ग्रामीणों को नाव के जरिए सुरक्षित निकालकर पंचायत भवन में ठहराया गया है। उनके खाने-पीने समेत आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। कुपरा-छानी मार्ग पर बने रपटे के ऊपर भी पानी बह रहा है, जिससे आवागमन प्रभावित है। ग्रामीणों ने गांव में पानी घुसने की आशंका जताई है। उप जिलाधिकारी विकास कुमार यादव ने गुरुवार को बिलगांव पहुंचकर विरमा नदी और रपटे का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते हुए आवागमन के लिए नाव लगाने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों को अनावश्यक रूप से नदी के तटबंध की ओर न जाने की अपील की। एसडीएम ने सभी लेखपालों को लगातार निगरानी रखने और स्थिति की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। उनके अनुसार पांच रपटों पर आवागमन रोक दिया गया है। जलभराव वाले स्थानों से पानी निकलवाया जा रहा है और अब जलस्तर में कमी आनी शुरू हो गई है। सरीला नगर की बिजली आपूर्ति चालू है, जबकि धौहल फीडर की समस्या दूर करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए गए हैं। पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने वाले स्थानों पर अल्टीनेटर चलाकर पानी उपलब्ध कराने को कहा गया है।

## आज और कल मनेगा रक्षाबंधन, इंगोहटा क्षेत्र में कजली उत्सव की अनोखी परंपरा



सुमेरपुर (हमीरपुर)। कस्बा सुमेरपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व आज और कल परेवा को धूमधाम से मनाया जाएगा। ब्लॉक क्षेत्र के करीब दो-तिहाई गांवों में पूर्णिमा के दिन बहनें भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधेंगी, जबकि इंगोहटा क्षेत्र के करीब एक-चौथाई गांवों में परेवा के दिन कजली उत्सव के साथ रक्षाबंधन मनाने की परंपरा है। बुजुर्गों के अनुसार महोबा पर पृथ्वीराज की सेना के आक्रमण के दौरान रक्षाबंधन स्थगित कर दिया गया था। विजय के बाद अगले दिन कजली उत्सव मनाकर बहनों ने भाइयों को राखी बांधी थी। यह परंपरा आज भी क्षेत्र में कायम है। बिंदोखर पुरई के देवी तालाब मंदिर में कजली उत्सव पर आल्हा गायन होगा। दिनेश सिंह और रणविजय सिंह सहित कलाकार वीर रस की प्रस्तुतियां देंगे।

## फांसी लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

महोबा। घरेलू कलह के चलते एक अधेड़ ने अपने ही घर में फांसी के फंदे पर झूल मौत को गले लगा लिया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस पूरे मामले में जांच में जुट गई है जिले की चरखारी कोतवाली के सूपा गांव निवासी रमेश 53 वर्ष पुत्र खुमान ने अपने घर में छत के कुंदे से रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल गया रात्रि में घर में लोग सोए हुए थे लोगों ने जब देखा तो वह फांसी के फंदे पर झूला था मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची और शव फांसी के फन्दे से उतार कर पंचायत नामा की कार्रवाई की बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिजनों का कहना है कि पति पत्नी में हुए विवाद के चलते यह कदम उठाया है।

## 1.21 लाख पार्थिव शिवलिंगों की शोभायात्रा निकली, बेतवा में हुआ विसर्जन





समृद्धि न्यूज़, सरीला (हमीरपुर)।

नगर के ऐतिहासिक शल्लेश्वर मंदिर में 18 अगस्त से चल रही महाशिव पुराण कथा के दौरान नौ दिनों तक चले पार्थिव शिवलिंग निर्माण अनुष्ठान का गुरुवार को विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर एक लाख 21 हजार पार्थिव शिवलिंगों की गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बाद में चंडौत गांव के पास बेतवा नदी के तट पर विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंगों का विसर्जन किया गया। मंदिर परिसर से शुरू हुई शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर चंडौत पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। डीजे पर बज रहे भगवान भोलेनाथ के भजनों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। भक्ति गीतों पर महिलाओं और पुरुषों ने नृत्य किया, जबकि हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से क्षेत्र गूंजता रहा। बेतवा नदी के तट पर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और पार्थिव शिवलिंगों का विसर्जन किया। नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना और महाशिव पुराण कथा का श्रवण किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस चौकी प्रभारी ईश्वर नारायण पांडेय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## बुंदेलखंड के सबसे बड़े जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ

- इस्कॉन के 60वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में इस बार भी होगा आयोजन

समृद्धि न्यूज़, झांसी।





इस्कॉन के विश्वव्यापी स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के विशेष अवसर पर इस वर्ष झाँसी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को और भी भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा । पिछले वर्ष की सफलता के बाद इस्कॉन झाँसी द्वारा 02 से 04 सितंबर तक क्राफ्ट मेला मैदान में बुंदेलखंड की सबसे बड़ी जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर की जा रहीं है। महोत्सव में भक्ति के साथ युवा जोश, संगीत और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इस्कॉन अध्यक्ष ब्रज भूमि दास ने बताया कि आगामी 2 सितंबर को 3,000 से अधिक युवाओं के साथ इंस्परेशन यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का रैप,बैक टू टैलेंट का डांस, नाट्य प्रस्तुति और वृन्दावन-नोएडा की टीम का मंत्रा रॉक प्रमुख आकर्षण होंगे। 3 सितंबर को भजन मैशअप पर लाइव डांस, महाभारत आधारित रैप, शाजिश बैंड की प्रस्तुति तथा हैदराबाद के कीर्तन रसिक द्वारा भजन क्लबिंग होगी। 4 सितंबर, जन्माष्टमी पर 108 कलशों से भगवान श्रीकृष्ण का भव्य महाभिषेक, छप्पन भोग और महाआरती होगी। महाभिषेक में हजारों भक्तों के सहभागी होने की विशेष व्यवस्था की गई है। 5 सितंबर को इस्कॉन संस्थापकाचार्य श्रील प्रभुपाद की व्यास पूजा के अवसर पर इस्कॉन मंदिर झाँसी में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।महोत्सव का शुभारंभ 29 अगस्त की हरिनाम संकीर्तन यात्रा से होगा। 29 अगस्त से 2 सितंबर तक वृन्दावन के केशव दास द्वारा श्रीमद्भागवत कथा भी होगी। इस्कॉन अध्यक्ष ब्रज भूमि दास ने बताया कि झाँसी का इस्कॉन से ऐतिहासिक संबंध है और श्रील प्रभुपाद ने 1950 के दशक में यहाँ से अपने आध्यात्मिक आंदोलन के विस्तार का प्रयास किया था। उन्होंने बुंदेलखंडवासियों से परिवार सहित इस भव्य महोत्सव में शामिल होने का आह्वान किया। आयोजन समिति में वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र राय, पीयूष रावत,महेश सर्राफ, राजीव अग्रवाल, अशोक सेठ, अजय अग्रवाल, अन्योर दास, रमेश राय, मनीष नीखरा एवं आई.के पांडे, ललित मोहन दास, रचित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अभय जैन, करमवीर, दामोदर बंधु दास आदि उपस्थित रहे। आभार पियूष रावत ने व्यक्त किया।

## भारी बारिश के बीच नदियों-बांधों के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट

- डीएम ने आमजन से नदी तालाब व बांधों के पास न जाने की अपील की
- राजघाट से 54,748 और माताटीला से 46,557 क्यूसेक पानी छोड़ा गया



झांसी। जनपद एवं प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश और बांधों से छोड़े जा रहे पानी के चलते नदियों एवं नालों में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी ने प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आमजन से नदी, तालाब, बांध एवं तेज बहाव वाले स्थानों के पास न जाने की अपील की है।डीएम ने नदी किनारे बसे गांवों में ग्राम प्रधानों से मुनादी कराकर ग्रामीणों को नदी के किनारे और टापू पर न जाने के लिए जागरूक करने को कहा। ग्राम प्रधान, निगरानी समिति, लेखपाल एवं सचिव को जलस्तर पर लगातार नजर रखने और प्रशासन को जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। 27 अगस्त की सुबह राजघाट बांध से 54,748 क्यूसेक और माताटीला बांध से 46,557 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके अलावा ढुकुवां बांध से 47,614, पारीछा से 78,000, पहाड़ी से 16,400 और लहचूरा बांध से 18,500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। डीएम ने निर्देश दिए कि नदी किनारे स्थित गो-आश्रय स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। प्रभावित क्षेत्रों में नाव एवं गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जनहानि एवं पशुहानि रोकने के निर्देश दिए गए। रपटे पर तेज बहाव होने की स्थिति में ग्रामीण आवागमन न करें और दूसरों को भी रोकें। बाढ़ एवं अतिवृष्टि को देखते हुए जनपद की 40 बाढ़ चौकियों पर कर्मचारी मुस्तैद किए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम के 0510-2371199 एवं 0510-2371100 नंबर पर सूचना देने की अपील की गई है।

## नदी के तेज बहाव में इंजीनियर कार सहित बह गया

महोबा। जिले में हो रही लगातार भारी बारिश के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।और नदियों का जल स्तर बढ़ गया है ग्राम काली पहाड़ी में एक कंसल्टिंग इंजीनियर अंकित की कार पानी के तेज बहाव में बह गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने इंजीनियर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यह घटना उस समय हुई जब इंजीनियर अंकित अपनी कार से काली पहाड़ी से ग्राम गंज की ओर जाने वाले मार्ग पर जा रहे थे इसी दौरान काली पहाड़ी गांव के समीप नदी पर बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा था और इंजीनियर ने लोगों की मना करने के बावजूद अपनी गाड़ी पुल के ऊपर से निकाल दी जिससे वह एक खिलौने की तरह बह गई में भारी जलभराव था और पानी का बहाव काफी तेज था। उनकी कार अचानक पानी के तेज बहाव में फंस गई और अनियंत्रित होकर बहने लगी देखते ही देखते कार गहरे पानी में डूबने लगी और इंजीनियर अंकित अंदर फंस गए। उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष किया। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने यह देखकर तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना पानी के भारी दबाव के बीच कड़ी मशक्कत कर अंकित को समय रहते कार से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। ग्रामीणों की इस तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कार को पानी के तेज बहाव में बहते हुए देखा जा सकता है।

## अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों एवं किसानों के साथ हर कदम पर: जितेन्द्र

- सीएम को पत्र लिख व कमिश्नर से फोन पर वार्ता कर अवगत कराया

समृद्धि न्यूज़, महोबा ।



जिले में हुई तेज बारिष व अतिवृष्टि के कारण जनपद बांदा, हमीरपुर,चित्रकूट एवं महोबा में विभिन्न स्थानों पर फसलों एवं कृषि भूमि को भारी क्षति को देखते हुए एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कमिश्नर से फोन पर वर्ता कर जिले में लगातार हो रही बारिश से उड़द मूंग मूंगफली तेल आदि खरीफ की फैसले पूरी तरह जमीन जोत हो गई है वह गांव में गरीब परिवारों के कच्चे मकान भी ढह गए । इस गंभीर परिस्थिति को देखते हुए प्रभावित परिवारों एवं अन्नदाताओं की समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों के समक्ष आवश्यक कार्रवाई हेतु कमिश्नर चित्रकूट धाम मंडल को फोन पर वार्ता कर अवगत कराया। कमिश्नर ने आश्वस्त किया है कि पीड़ित किसानों का सर्वे करा शीघ्र ही आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराए जाने हेतु शासन को सूचित किया जाएगा एवं मकान क्षति के संबंध में अतिवृष्टि के कारण नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में मकान गिरने से प्रभावित परिवारों को नियमानुसार आर्थिक सहायता एवं राहत राशि उपलब्ध कराने का कार्य भी किया जाएगा।

**किसानों की फसल एवं कृषि भूमि के संबंध में:** बांदा महोबा हमीरपुर एवं चित्रकूट जनपदों में अतिवृष्टि से फसलों एवं कृषि भूमि को 90 प्रतिशत से अधिक हुए भारी नुकसान का शीघ्र सर्वेक्षण कराकर प्रभावित किसानों को नियमानुसार उचित राहत एवं क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की मांग की गई है।एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि हमारे अन्नदाता और प्रभावित परिवार इस कठिन समय में अकेले नहीं हैं। उनकी पीड़ा को शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर हरसंभव सहायता एवं राहत सुनिश्चित कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

**किसानों की समस्या का समाधान प्राथमिकता पर है:** आपदा की घड़ी में हर प्रभावित परिवार के साथ खड़े हैं, जितेन्द्र सिंह सेंगर की इस पहल को किसानों ने सहन करते हुए उन्हें किसान का हितैषी बताया।

## लगातार बारिश से फसलें चौपट, किसानों को नुकसान की भरपाई कराने डीएम से मिले गरौठा विधायक

- सर्वे कराकर मुआवजा व पीएम फसल बीमा क्षतिपूर्ति दिलाने को लेकर चर्चा

समृद्धि न्यूज़, गुरसरांय, झांसी।



जनपद झांसी की सभी तहसीलों में लगातार हो रही भारी बारिश से खेतों में जलभराव और फसलों के जलमग्न होने को लेकर गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने जिलाधिकारी झांसी से मुलाकात की है. मुलाकात के दौरान विधायक ने प्रभावित किसानों की फसलों का शीघ्र सर्वे कराकर नियमानुसार मुआवजा एवं बीमा क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू कराने को लेकर चर्चा की। विधायक जवाहर लाल राजपूत ने जिलाधिकारी को बताया कि विगत तीन-चार दिनों से जनपद की सभी तहसीलों में लगातार भारी बारिश हो रही है. इसके चलते खेतों में जलभराव हो गया है और कई खेत जलमग्न हो गए हैं. खेतों में खड़ी उड़द, तिल, मूंग, ज्वार, मूंगफली, मक्का, अरहर, सोयाबीन, बाजरा और धान सहित विभिन्न फसलों को अत्यधिक नुकसान हुआ है. कई किसानों की धान की फसल भी जलमग्न होकर डूब गई हैद्य जवाहर लाल राजपूत ने जिलाधिकारी को बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानों के अनुसार प्रतिकूल मौसम से प्रभावित ग्राम पंचायतों एवं फसलों में हुई क्षति का तत्काल आकलन कराया जाए. इसके लिए राजस्व, कृषि विभाग तथा बीमा कंपनी के अधिकारियों की संयुक्त समिति गठित कर प्राथमिकता के आधार पर फसल क्षति का सर्वे कराया जाएद्य विधायक राजपूत ने कहा कि प्रभावित किसानों को नियमानुसार फसल बीमा क्षतिपूर्ति का भुगतान जल्द से जल्द कराया जाना चाहिए, ताकि बारिश से फसल बर्बाद होने के कारण आर्थिक संकट झेल रहे किसानों को राहत मिल सके।

## मूसलाधार बारिश से तालाब ओवरफ्लो, हाईवे डूबा, जनजीवन अस्त-व्यस्त

- डीएम ने रात्रि में अधिकारियों के साथ तालाबों व जल निकासी वाले स्थानों का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



जिले घर में हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है लोगों के घरों में पानी घुस जाने से लोग घर छोड़ उन लोगों के यहां शरण लिए हुए शहर की मदन सागर कीरत सागर सहित सभी तालाब ओवरफ्लो हो गए हैं इनसे निकलने वाले पानी से रास्ता पूरी तरह कट गई हैं जिससे रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाला मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है जिससे चरखारी व अन्य जगह जाने के लिए लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है जिलाधिकारी में रात्रि में शहर के सभी तालाबों का निरीक्षण कर उनसे निकलने वाले ओवरफ्लो पानी की तत्काल व्यवस्था करने के लिए पीडब्ल्यूडी सिंचाई विभाग और नगर पालिका को निर्देश दिए हैं चरखारी मार्ग पर पुलिस की तैनाती कर वहां से लोगों को सुरक्षित पैदल निकलने के लिए टीम में लगाई गई है जिससे लोगों को उनके घरों तक पहुंचा जा सके जिला अधिकारी ने हालात पर नजर रखते हुए सभी अधिकारियों को हो रही इस भीषण बारिश से लोगों की मदद करने की अपील की है जिले के कुलपहाड़ कस्बे में गुरुवार सुबह हुई छह घंटे की मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। जल निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं होने से झांसी-मिर्जापुर हाईवे करीब आधा किलोमीटर तक 3 से 4 फीट पानी में डूब गया। वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। वहीं कस्बे के मुख्य बाजार की करीब 80 प्रतिशत दुकानें पानी की चपेट में आ गईं। बारिश का पानी 200 से अधिक दुकानों और कई घरों में घुस गया। रक्षाबंधन को देखते हुए व्यापारियों ने बड़ी मात्रा में सामान खरीदकर रखा था। पानी भरने से इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, मोबाइल और अन्य सामान खराब हो गया। व्यापारियों ने लाखों रुपए के नुकसान का दावा किया है। बारिश सुबह करीब 5 बजे शुरू हुई और लगातार छह घंटे तक जारी रही। सबसे ज्यादा असर झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर दिखाई दिया आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई। राहगीरों और वाहन चालकों को दूसरे रास्तों का सहारा लेना पड़ा कस्बे का मुख्य बाजार में करीब 80 प्रतिशत पानी भर गया। जिससे रक्षाबंधन से पहले व्यापारियों ने राखी, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य सामान का स्टॉक किया था। कुछ ही घंटों में पानी दुकानों के अंदर पहुंचने से सामान खराब हो गया।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1982 जिसका अनुक्रमांक 435629 का मूल प्रमाण पत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है। जिसकी काफी तलाश की, लेकिन नहीं मिला। मुझे मूल प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति की आवश्यकता है। **कु0 मिथलेश कुमारी पुत्री रुपराम निवासी गुरऊ शादी नगर, पखना, जनपद-फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या यूपी 76 20160015809 में त्रुटिवश मेरा नाम AHASAN MOHAMMAD पुत्र SARVAR ALI निवासी लुधइया लखनपुर अमृतपुर दर्ज हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अहसान मो0 Ahsan Mohd पुत्र मशवर अली Mashavar Ali निवासी पो0 लखनपुर, लुधइया, कायमगंज दर्ज है, जो सही है। मेरे ड्राविंग लाइसेंस में मेरा सही नाम दर्ज करने की कृपा करें। **अहसान मो0 Ahsan Mohd पुत्र मशवर अली Mashavar Ali निवासी पो0 लखनपुर, लुधइया, कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

# खड़ी बस में पीछे से घुसा ट्रक तीन यात्रियों की मौत, 16 घायल

**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।**

बल्दीराय तहसील क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गुरुवार भोर करीब 5:30 बजे भीषण हादसा हो गया।माइलस्टोन 96.600 के पास एक्सप्रेसवे किनारे खड़ी गुड़गांव से बिहार जा रही बस में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई,जबकि 16 लोग घायल हुए हैं। इनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के पिछले हिस्से के परखच्चे उड़ गए।पीछे की दो सीटें पिचककर पिछले पहियों तक पहुंच गई।कई यात्री बस में फंस गए। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस और यूपीईडा सुरक्षा कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव अभियान चलाया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।बताया गया कि बस बुधवार शाम करीब चार बजे गुड़गांव से रवाना हुई थी। बस में करीब 80 यात्री सवार थे। यात्रियों के अनुसार चालक रास्ते में बार-बार बस रोक रहा था।एक्सप्रेसवे पर चालक ने बस किनारे खड़ी की और बाथरूम चला गया।इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मार दी।सूचना पर एसडीएम प्रभात सिंह,सीओ आशुतोष कुमार और थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।मृतकों की पहचान श्यामलाल मंडल (28), गुड़गांव के झाड़सा कॉम्प्लेक्स प्रेमपुरी निवासी, विनोद मंडल (50) और बिहार के कुमारखंड निवासी किरण देवी (46) के रूप में हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया।


दुर्घटनाग्रस्त वाहन व सड़क किनारे बैठे यात्री

# सड़क की बढ़ी लागत, नवंबर तक पूरा होगा निर्माण

- नौगवांतीर पुल से मायंग तक 8.20 किमी सड़क का मामला
- विधायक ताहिर खां ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, कुड़वार, सुल्तानपुर।**

कुड़वार-धनपतगंज मार्ग पर नौगवांतीर पुल से मायंग तक निर्माणाधीन 8.20 किलोमीटर लंबी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का कार्य बरसात के कारण प्रभावित है। गुरुवार को इसौली विधायक ताहिर खां और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईडी) के सहायक अभियंता आलोक कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। एई ने सड़क का निर्माण नवंबर तक पूरा कराने का आश्वासन दिया। करीब 9.92 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत से बन रही इस सड़क पर माधवपुर पुल से करीब दो किलोमीटर हिस्से में जलभराव की समस्या सामने आई है। इसके मद्देनजर सड़क के उच्चीकरण और सीसी निर्माण के लिए विभाग की ओर से अतिरिक्त बजट की मांग की गई थी। पहले सड़क पर मिट्टी डालने का कार्य कराया गया था, लेकिन लगातार हो रही बारिश के चलते यह हिस्सा कीचड़ में तब्दील हो गया, जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। सहायक अभियंता आलोक कुमार सिंह ने बताया कि माधवपुर पुल से दो किलोमीटर सड़क के उच्चीकरण एवं सीसी निर्माण के लिए 70 लाख रुपये का अतिरिक्त बजट स्वीकृत हो गया है। बारिश कम होते ही कार्य शुरू कराया जाएगा और नवंबर तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।


निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करते विधायक मो. ताहिर खान

### पोस्टर कलर व केमिकल से बनाई जा रही थी सिंथेटिक मिठाई

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** रक्षाबंधन से ठीक पहले मिलावट खोरों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई हुई है। खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचना मिली की कि तहसील सोरांव के मलाक चौधरी के खुशी राज गार्डन के पीछे दृष्टि स्वीट्स में सिंथेटिक मिठाइयां बनाई जा रही है। टीम ने वहां पर छापा मारा तो बड़े पैमाने पर मिठाइयों का भंडार मिला। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त डॉ. दीनानाथ ने बताया कि यह जांच अभियान लगातार चलता रहेगा। कारखाने में निरीक्षण के दौरान बड़ा खुलासा हुआ। मिठाइयों को आकर्षक चमक देने के लिए खाद्य रंगों के बजाय कपड़ों और पेंट में इस्तेमाल होने वाले केमिकल तथा पोस्टर कलर का प्रयोग किया जा रहा था। बनाई गई 72 कुंतल मिठाइयों को जेसीबी से गड्ढा खोदकर नष्ट कराया गया।

## सिमरन की चौथी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि व लंगर सेवा आयोजित



**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।** बहुजन चिंतक एवं समाजसेवी राजेश कुरील की बेटी एवं प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट सिमरन की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर रायबरेली सुपर मार्केट स्थित गुरु नानक देव लंगर-प्याऊ में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सिमरन की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित कर गरीब एवं असहाय लोगों को भोजन दान-लंगर सेवा की गई।

कार्यक्रम में रैदास आश्रम सामुदायिक केन्द्र सन्त शिरोमणि गुरु रविदास मन्दिर, रायबरेली के व्यवस्थापक टीम इंचार्ज एस.के. आर्या, चाचा राम संजीवन, विमल किशोर सबरा, मास्टर श्रीराम वर्मा, अशोक सोनकर, कृष्णा चौधरी सहित दर्जनों लोगों ने सिमरन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सिमरन के बाल्य जीवन एवं उनके सरल, मिलनसार और सेवाभावी व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि सिमरन हम सभी की लाडली बिटिया थीं। वह एक होनहार युवती थीं और कम उम्र में ही उन्होंने अपनी प्रतिभा एवं व्यक्तित्व से अलग पहचान बनाई थी। गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की मदद करना और समाजसेवा के कार्यों में सहयोग करना उनके स्वभाव का हिस्सा था। सिमरन की पुण्यतिथि पर आयोजित लंगर सेवा में उनके परिवारजनों रेखा राजेश कुरील, शिवांशु राजेश कुरील, शन्नो, लवकुश सहित अन्य परिजनों ने सेवा भाव से सहभागिता की और श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सिमरन को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए, कहा कि अपनों की स्मृतियां सदैव हमारे बीच जीवित रहती हैं। और सेवा एवं मानवता के कार्यों के माध्यम से उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है।

## फसल बर्बाद होने से नाराज किसान बिजली टावर पर चढ़ा, मुआवजे की मांग

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

बारिश से फसल बर्बाद होने और अधिकारियों से मदद नहीं मिलने से नाराज एक किसान गुरुवार सुबह बिजली के हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। मामला मांडा थाना क्षेत्र के ढिलिया गांव का बताया जा रहा है। किसान के टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। जानकारी के अनुसार ढिलिया गांव निवासी सुशील यादव के पास करीब 50 बीघा जमीन है। उन्होंने धान की रोपाई कराई थी, लेकिन लगातार बारिश के कारण फसल खराब हो गई। किसान का आरोप है कि मुआवजे और समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। सुशील यादव गुरुवार सुबह करीब 10 बजे गांव के पास स्थित बिजली के हाईटेंशन टावर पर चढ़ गए। उन्होंने वहां से अपनी मांग पूरी नहीं होने पर जान देने की धमकी दी। सूचना मिलने पर दरोगा अक्षय सिंह, नायब तहसीलदार और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और किसान से नीचे उतरने की अपील की, लेकिन वह तत्काल नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और नायब तहसीलदार चंदन कुमार भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि जिम्मेदार अधिकारी समय पर समस्याओं का समाधान नहीं करेंगे तो आम जनता को न्याय कैसे मिलेगा। ग्रामीणों के मुताबिक ढिलिया क्षेत्र में बड़ी संख्या में धान की फसल बारिश के कारण प्रभावित हुई है।

## रक्षाबंधन पर एनएसपीएस त्रिपुला में धूमधाम से मनाया गया पर्व

- राखी बांधकर लिया समाज सुरक्षा का संकल्प

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**



न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाते हुए सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश एवं विद्यालय परिसर में पेड़ को राखी बांधकर की गई। विद्यार्थियों ने प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई। छात्रों ने भी बहनों के सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लिया। विद्यालय की छात्राओं ने जनपद के अधिकारियों डीएम सरनीत कौर ब्रोका, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, बीएसए राहुल सिंह, सीएमओ नवीन चंद्रा, एसडीएम वीर सिंह, डीआईओएस कार्यालय वित्त एवं लेखाधिकारी डॉ पीयूष शर्मा को राखी बांधी। छात्राओं ने अधिकारियों के मंगलमय जीवन की कामना करते हुए समाज की सुरक्षा एवं बेटियों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का वचन लिया। प्रधानाचार्य शर्मिला दास गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में भारतीय त्योहारों का आयोजन विद्यार्थियों को देश की समृद्ध संस्कृति, रीति-रिवाजों और परंपराओं से परिचित कराने का माध्यम है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आपसी प्रेम, भाईचारे, सामाजिक जिम्मेदारी और सांस्कृतिक मूल्यों की भावना विकसित होती है।

कार्यक्रम में फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शुभी सिंह, अजय सिंह, राकेश अवस्थी, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### नहर में डूबी युवती का दो दिन बाद झाड़ियों में फंसा मिला शव

**सुल्तानपुर।** शारदा सहायक नहर में डूबी 19 वर्षीय युवती का शव दो दिन बाद गुरुवार सुबह धनपतगंज थाना क्षेत्र के हरौरा बाजार स्थित नहर पुल के नीचे झाड़ियों में फंसा मिला। शव दिखाई देने पर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराई।मथाना गांव निवासी पीयूष पाल ने शव की पहचान अपनी बहन महक पुत्री राजेश पाल के रूप में की। महक छात्रा थी। पहचान के बाद धनपतगंज पुलिस ने घटना की सूचना बल्दीराय थाने को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दे कि मंगलवार शाम महक ने मथाना गांव के पास शारदा सहायक नहर में छलांग लगा दी थी।

### संदिग्ध परिस्थितियो में युवक मौत

**खीरों-रायबरेली।** थाना खीरों क्षेत्र के सेमरी गांव में बीते कई सालों से आम की बाग में रहकर और सेमरी चौराहे पर फलों की बिक्री कर परिवार का भरण पोषण करने वाले एक 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग तीन दिन पूर्व मौत हो गई। मौत के लगभग तीन दिन बाद बुधवार को बाग में शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पुलिसबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक खीरों सन्तोष कुमार सिंह ने घटना की जांच करते हुए परिजनों को घटना की सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### यादव महासभा प्रतिनिधिमंडल ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**रायबरेली।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, शाखा का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष राजेश यादव एडवोकेट के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपकर शहर में लगाए गए आपत्तिजनक पोस्टरों के मामले में निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की। महासभा के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया कि दिनांक 19, 20 एवं 21 अगस्त को शहर रायबरेली के विभिन्न स्थानों पर कुछ अराजक तत्वों द्वारा पोस्टर चिपकाए गए। पोस्टरों पर यादव समाज के विरोधी सपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, समाज विरोधी होने के कारण वीरेंद्र यादव को समाज से निष्कासित किया जाता है तथा निवेदक के रूप में यादव महासभा अंकित किया गया था। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उक्त पोस्टरों पर न तो किसी व्यक्ति का नाम, मोबाइल नंबर अथवा पता अंकित है। और न ही यह स्पष्ट है कि इन्हें किस व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा लगाया गया। यादव महासभा ने आरोप लगाया कि इस प्रकार के पोस्टरों के माध्यम से इंजीनियर वीरेंद्र यादव को सामाजिक एवं सार्वजनिक रूप से बदनाम करने का प्रयास किया गया है तथा इससे समाज में अनावश्यक भ्रम एवं वैमनस्य की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

### रक्षाबंधन पर भी खाली हाथ आशा बहुएं

प्रतापगढ़। रानीगंज। भाई-बहन के पवित्र प्रेम के त्योहार रक्षाबंधन पर रानीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात आशा कार्यकर्ताओं और आशा संगिनियों के चेहरे पर मायूसी और आक्रोश छाया हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ मानी जाने वाली इन कार्यकर्ताओं को त्योहार के मौके पर भी जुलाई माह का मानदेय नहीं मिल सका है, जिससे उनके घरों में रक्षाबंधन की खुशियां फीकी पड़ गई हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने आदेश जारी कर समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और जिलाधिकारियों को निर्देशित किया था कि त्योहार के दृष्टिगत 27 अगस्त तक आशा बहुओं और संविदा कर्मियों के मानदेय/प्रोत्साहन राशि का भुगतान हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। लेकिन प्रतापगढ़ स्वास्थ्य प्रशासन के ढुलमुल रवैये के कारण इस शासनादेश की धज्जियां उड़ती दिख रही हैं। मानदेय न आने के कारण आशा कार्यकर्ता रोज बैंकों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। वहीं जब इस लापरवाही और बकाए भुगतान को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतापगढ़ से संपर्क साधने का प्रयास किया जाता है, तो उनका फोन अक्सर उठता ही नहीं है। उच्च अधिकारियों की इस बेरुखी और अनदेखी से पीड़ित आशा कार्यकर्ताओं में गहरा रोष व्याप्त है और उन्होंने जल्द भुगतान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## अखिलेश से मिला दिवंगत सौरभ का पीड़ित परिवार

2 लाख की अतिरिक्त आर्थिक सहायता दी

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**



लालगंज ब्लॉक कार्यालय में पदस्थ आपूर्ति विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर दिवंगत सौरभ विश्वकर्मा के पीड़ित परिवार ने लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता इंजीनियर संदीप विश्वकर्मा की पहल पर हुई इस मुलाकात के दौरान अखिलेश यादव ने परिजनों से संवेदना व्यक्त की और 2 लाख रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की।

उल्लेखनीय है कि 13 अगस्त की शाम करीब 7 बजे सौरभ पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मांगों को लेकर परिजनों द्वारा दो दिन तक अंतिम संस्कार न किए जाने के बाद, प्रशासन से सहमति बनने पर तीसरे दिन अंतिम संस्कार हुआ था। इससे पहले 19 अगस्त को भी सपा प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार को 2 लाख 5 हजार रुपये की मदद दी थी। अखिलेश यादव द्वारा दी गई इस नई सहायता के बाद पार्टी की ओर से परिवार को कुल 4.05 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जा चुकी है।

मुलाकात के दौरान परिजनों ने अखिलेश यादव को घटनाक्रम और उसके बाद आ रही समस्याओं की जानकारी दी।

अखिलेश यादव ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी सौरभ हत्याकांड में न्याय की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी और जब तक पीड़ित परिवार को पूरा न्याय नहीं मिल जाता, पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी।

### प्रस्तावित विकास खंड के लिए राजस्व विभाग नहीं दे पा रहा जमीन

**समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।** जिले के सबसे बड़े विकास खंड दुबेपुर, कुड़वार व धनपतगंज के कुछ गांवों को मिलाकर ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रस्तावित नवीन विकास खंड मुख्यालय कटावा बनाने के लिए ग्राम्य विकास विभाग द्वारा साल भर से शुरू की गई कवायद के बाद भी राजस्व विभाग अभी तक भूमि नहीं उपलब्ध करा पाया है। जिसका 16 वा अनुस्मारक पत्र जिलाधिकारी कार्यालय को प्राप्त हो चुका है। बता दे कि जिले में सबसे बड़ा विकास खंड दूबेपुर है। जिसमे कुल 94 ग्राम पंचायते है।जो क्षेत्रफल में भी काफी बड़ा है।नगर क्षेत्र भी इसी विकास खंड क्षेत्र में शामिल है।विकास खंड क्षेत्र की लंबी भौगोलिक स्थिति को देखते हुए ग्राम्य विकास विभाग द्वारा नए विकास खंड के रूप में कटावा ग्राम पंचायत प्रस्तावित है।

## पीडी आवास पर हंगामा, एकाउंटेंट व लिपिक के खिलाफ तहरीर

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

जिले के विकास भवन में तैनात दो बाबुओं पर गलत फाइल पर हस्ताक्षर कराने का दबाव बनाने के लिए पीडी आवास पर बुधवार की रात हंगामा करने का आरोप लगा है । डीआरडीए में तैनात एकाउंटेंट और लिपिक के खिलाफ परियोजना निदेशक ने नगर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीडी अशोक सिंह द्वारा अधीनस्थ लिपिक मनोज श्रीवास्तव व एकाउंटेंट अमित श्रीवास्तव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही करने के लिए कहा गया है।पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि दोनों बाबू उनके सरकारी आवास पर गुंडो के साथ पहुंचकर गलत फाइल कराने का दबाव बना रहे थे।हालांकि पुलिस को दी गई तहरीर में पीडी द्वारा इसका उल्लेख नहीं किया गया है उक्त दोनों लिपिकों द्वारा किस तरह का गलत कार्य करवाने का प्रयास किया गया।

> गलत तरीके से फाइल कराने के लिए दबाव का आरोप

परियोजना निदेशक ने बताया कि लिपिक मनोज श्रीवास्तव के खिलाफ गंभीर वित्तीय अनियमितता के गंभीर आरोप है। जिसमें एकाउंटेंट अमित श्रीवास्तव की भूमिका भी जांच के घेरे में है।

जब दोनों को ये बात पता चली तो बीती रात गुंडों के साथ आवास पर हंगामा किया।

## रानीगंज में बारावफात का जुलूस सौहार्दपूर्ण सकुशल संपन्न



**समृद्धि न्यूज़, रानीगंज-प्रतापगढ़।**

रानीगंज थाना क्षेत्र के मुआर आधारगंज में बारावफात का जुलूस गाजे-बाजे और सजी हुई गाड़ियों के साथ धूमधाम से निकला। कुंडा पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच अलग-अलग गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु जुलूस में जुलूस मे भारी फोर्स और व्यवस्था की निगरानी करते दिखे। जुलूस के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बद्री गुप्ता ने मिठाई खिलाकर लोगों को शुभकामनाएं दीं। जुलूस के जिम्मेदार लोगों ने रानीगंज पुलिस व थानाध्यक्ष रानीगंज प्रदीप कुमार आभार जताते हुए उनके सहयोग की सराहना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति और सद्भाव का माहौल बना रहा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, सड़क किनारे मिला शव

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**

पृथ्वीगंज चौकी क्षेत्र के संसारीपुर गांव के पास एक दुखद हादसे में 35 वर्षीय बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गुरुवार सुबह सड़क किनारे युवक का शव और उसकी बाइक पड़ी मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।

मृतक की पहचान संसारीपुर निवासी सूर्य प्रकाश तिवारी उर्फ राजू तिवारी (35) पुत्र अवधेश तिवारी के रूप में हुई है।

राजू तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और शादी-विवाह व अन्य समारोहों में हलवाई का काम करके अपने परिवार (पत्नी व चार बेटों रुद्र, अमन, रोहन और लड्डू) का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार, बुधवार सुबह राजू अपनी पत्नी और सबसे छोटे बेटे को ससुराल छोड़ने गया था। शाम को वह वहां से घर के लिए निकला, लेकिन रात में वापस नहीं लौटा। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे उसका शव और बाइक देखी, जिसके बाद पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई।



सड़क किनारे शव मिलने से स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं और आशंकाएं बनी हुई हैं।

सूचना पर पहुंची पृथ्वीगंज चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चौकी प्रभारी अखिलेश प्रताप सिंह के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से हुई मौत का मामला प्रतीत हो रहा है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### नेपाल आपदा में मृत लोगों के प्रति व्यक्त किया शोक

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।** अमरनाथ यात्री महासंघ उत्तर प्रदेश रायबरेली के अमरनाथ यात्रियों के द्वारा नेपाल में आई अचानक भीषण बाढ़ की तबाही में असमय काल के गाल में समा गए उन सभी श्रद्धालुओं एवं जनमानस के प्रति शोक व्यक्त करते हुए गहरा दुःख व्यक्त किया गया। ईश्वर से प्रार्थना की गई की परिवार को यह दुःख सहने की क्षमता प्रदान करें। इसी के साथ श्री कैलाश मानसरोवर यात्रा जा रहे श्रद्धालुओं को जो इस विभीषिका में लापता हो गए हैं। भगवान भोले शंकर पशुपतिनाथ से प्रार्थना की गई की वह सुरक्षित हो, एवं जो इस दुनिया में नहीं रहे ऊन अज्ञात श्रद्धालुओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी के साथ तमाम शिव भक्तों ने 2 मिनट का मौन रखा।

### डंगरी में मना सामाजिक समरसता का रक्षाबंधन पर्व महिलाओं ने भाजपा नेता आशुतोष त्रिपाठी को बांधी राखी

**समृद्धि न्यूज़, गड़वारा-प्रतापगढ़।** सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम व सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को भाजपा अंतू मंडल के डंगरी में रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता आशुतोष त्रिपाठी को विभिन्न वर्गों व समुदायों से आई महिलाओं ने रक्षासूत्र बांधकर उनके दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ भाजपा नेता को तिलक लगाया, आरती उतारी और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर शाहीन बानो, आलिया, गुंजन पटेल, मंजू पटेल, नीलम गौतम, क्रांति और खुशबू गौतम सहित कई महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं ने कहा कि यह राखी केवल एक धागा नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में पिरोने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प है। राखी बंधवाने के बाद भाजपा नेता आशुतोष त्रिपाठी ने सभी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए उनका आशीर्वाद लिया और उन्हें विशेष उपहार भेंट किए। उन्होंने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का वचन दिया। संबोधन में भाजपा नेता ने कहा, 'हमारी संस्कृति हमेशा से सबको साथ लेकर चलने की रही है। आज बहनों द्वारा बांधा गया यह रक्षासूत्र मुझे समाज के हर नागरिक की सेवा और सुरक्षा के लिए और अधिक ऊर्जा के साथ काम करने की प्रेरणा देता है।

## माघ मेला में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं: मंडलायुक्त

- तैयारियों को लेकर पहली बैठक हुई

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

माघ मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी हैं। मेले को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए गुरुवार को मंडलायुक्त डाक्टर लोकेश एम की अध्यक्षता में पहली बैठक हुई। उन्होंने कहा कि माघ मेला 2026-2027 में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मंडलायुक्त ने विभागवार कार्यों एवं आगामी तैयारियों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी विभाग से पॉन्टून पुलों एवं उनसे संबंधित टेंडर प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस बार लगभग 54 टेंडर कराए जाने हैं, जिनकी तैयारियां चल रही हैं। पिछले वर्ष 9 पॉनटून पुल बनाए गए थे, जिनमें से 2 फाफामऊ साइड में बनाए गए थे। इस वर्ष भी 9 पॉनटून पुल प्रस्तावित हैं, जिनमें से 2 अरैल साइड में बनाए जाएंगे।

मंडलायुक्त ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को पूरे मेला क्षेत्र में प्रस्तावित मुख्य एवं गाटा मार्गों का लेआउट मैप तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पीक डेज में अत्यधिक भीड़ के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा गाटा मार्गो का प्रयोग किया जाता है, जिससे भीड़ प्रबंधन एवं आवागमन व्यवस्था में कठिनाई उत्पन्न होती है। अतः प्रस्तावित लेआउट के माध्यम से ऐसे संभावित स्थानों को चिह्नित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं एवं वैकल्पिक उपायों की पहले से ही प्लानिंग करना अनिवार्य है। मेला प्राधिकरण के अधिकारियों से टेंडर प्रक्रिया की जानकारी लेने पर बताया गया कि लैंड लेवलिंग, सेनिटेशन तथा टेंटेज एवं फर्नीचर से संबंधित तीन टेंडर सितंबर के प्रथम सप्ताह में फ्लोट कर दिए जाएंगे।

## रक्षाबंधन त्योहार को लेकर बाजारों में दिखी रौनक



**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

भाई बहन के प्रेम का सबसे बडा महापर्व रक्षाबंधन को लेकर कस्बे से लेकर शहर तक बाजारों में रौनक रही। राखी की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई बहने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने को लेकर काफी उत्साहित दिखीं। सब एक से बढ़कर एक राखियां खरीदी दिखाई दी लेकिन अपराह्न 2 बजे इंद्रदेव ने इन राखी की दुकानों पर खलल डाल दिया लगातार हुई मूसलाधार बारिश से इस स्टॉलों में सजी राखियां भीग गई इतना ही नहीं सड़क पर पानी भर जाने से महिलाओं को राखियां लेने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रक्षाबंधन में जब बहने अपने भाई को राखी बांधती है तो उनका मुंह भी मीठा करती हैं इसको लेकर मिठाई की दुकानों पर भी काफी भीड़ लगी रही कई दुकानों पर तो इतनी भीड़ रहीं कि जैसे कोई मुफ्त में मिठाई बांट रहा हो घरों में भी इस वक्त काफी खुशियों को माहौल है। शादीशुदा महिलाएं अपने मायके पहुंच रही है। घरो मे इस वक्त लजीज व्यंजनो के बनाने की तैयारिया चल रही है।

# जलभराव से मिलेगी राहत, बनेंगी सीमेंट पुलिया : ईओ

- निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नालों के ऊपर टूटे पड़े क्रॉसर जाल

**समृद्धि न्यूज, समधन।**



नगर में जलभराव की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी है। सोमवार को नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने सब्जी मंडी, मेन सड़क समेत नगर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर नालों और नालियों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नालों के ऊपर टूटे पड़े क्रॉसर जाल दिखाई दिए। इस पर अधिशासी अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को क्षतिग्रस्त जाल हटाने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर नगर में नालों और नालियों पर पड़े टूटे क्रॉसर जाल जल्द हटवाए जाएंगे। इनके स्थान पर सीमेंटेड पुलिया का निर्माण कराया जाएगा, जिससे नालों की जलनिकासी सुचारु बनी रहे और बारिश के दौरान पानी के रुकने की समस्या न हो। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि नगर की साफ-सफाई और जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर बनाना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। नालों की नियमित सफाई कराने के साथ ही क्षतिग्रस्त स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक निर्माण कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों को जलभराव वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए नालों और नालियों की सफाई के साथ उनके ऊपर बने क्षतिग्रस्त क्रॉसर जाल को हटाकर मजबूत एवं स्थायी व्यवस्था की जाएगी। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ लिपिक राजेश वर्मा, दीपक श्रीवास्तव, कासिम खां, रियाज, मतलूब, सफाई नायक नरेश कुमार, नरेश चंद्र व सुनील कुमार सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

## सांड के टकराने से बाइक सवार की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बुधवार देर रात विधूना रोड पर सड़क पर अचानक सामने आए एक सांड से टकराकर बाइक सवार 58 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। विधूना रोड निवासी रामेश्वर दयाल गुप्ता के पुत्र राकेश गुप्ता बाइक से किसी काम के लिए बाइक से गए थे। काम निपटाकर घर लौटते समय चौराहे से पहले अचानक सड़क पर आए सांड से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें तत्काल सौ शैया अस्पताल ले गए, यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस से किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई कराने से इनकार कर दिया और शव घर ले गए। राकेश की मौत से पत्नी रेखा देवी, बेटे विनय और बेटी शिखा का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से परिवार में शोक है। स्थानीय लोगों ने आवारा पशुओं पर चिंता जताई।

# श्रेष्ठता सूची में सिटी चिल्ड्रेन्स अकादमी के 11 विद्यार्थी

- उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय और नगर का बढ़ाया गौरव

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



नगर के सिटी चिल्ड्रेन्स अकादमी के 11 मेधावी विद्यार्थियों ने वर्ष 2026 की सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बोर्ड की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय और नगर का गौरव बढ़ाया है।

सीआईएससीई बोर्ड अपनी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, उत्कृष्ट शैक्षणिक मानकों और समग्र शिक्षा पद्धति के लिए जाना जाता है। बोर्ड की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करना विद्यार्थियों की असाधारण शैक्षणिक उपलब्धि को दर्शाता है। यह सम्मान पत्र किसी विषय में सफल परीक्षार्थियों में शीर्ष 0.1 प्रतिशत स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दिया जाता है।

> सीआईएससीई बोर्ड

आईएससी (कक्षा 12) की परीक्षा में शारीरिक शिक्षा विषय में श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में दीक्षा राठौर, किंजल गुप्ता, मयूरकांत मिश्रा, शिबू तिवारी, यति चतुर्वेदी, अनुकल्प गुप्ता, नंदिनी त्रिपाठी, प्रिंसी तिवारी, रोशनी राजपूत, अर्चित गुप्ता और मुक्तांश चतुर्वेदी शामिल हैं। इस सफलता में विषय अध्यापिका रीना जसरोटिया के कुशल अध्यापन, मार्गदर्शन और निरंतर प्रयासों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रधानाचार्या नीरा प्रसाद ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके अनुशासन, लगन, परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। सीआईओ विश्वास प्रधान ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए इसे पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय बताया। प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को रेखांकित करती है और अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

# स्वच्छता के प्रति बच्चों को किया जागरूक



**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**

नगर पालिका द्वारा संचालित स्वच्छता कार्य कर रही कंपनी इसीओ स्वच्छ की टीम ने सेंट मारिया पब्लिक स्कूल में विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया।

टीम की शिवा एवं रंजना ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए चार अलग-अलग डस्टबिन के सही उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को समझाया कि गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखना, कूड़ा निर्धारित डस्टबिन में डालना और कचरे का उचित निस्तारण करना स्वच्छ एवं सुंदर शहर के लिए बेहद जरूरी है। अभियान के दौरान बच्चों को अपने घर, विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने तथा अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों को स्वच्छ भारत के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया गया। यह जागरूकता अभियान स्कूल के डायरेक्टर विकास अवस्थी एवं समस्त शिक्षकों के सहयोग से आयोजित किया गया। शिक्षकों ने भी बच्चों को स्वच्छता के महत्व को समझाने और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। रक्षाबंधन के अवसर पर बच्चों को संदेश दिया गया कि जिस प्रकार हम अपने रिश्तों और अपनों की रक्षा का संकल्प लेते हैं, उसी प्रकार हमें अपने पर्यावरण, अपने शहर और अपने देश को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। आइए, इस रक्षाबंधन पर संकल्प लें- न गंदगी करेंगे, न करने देंगे। कचरा डस्टबिन में डालेंगे और अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाएंगे।

## नन्हे बच्चों ने मनाया भाई बहन के अटूट प्रेम का उत्सव रक्षाबंधन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी में बच्चों ने रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर स्कूल परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों और रिबनों से सजाया गया। शिक्षिकाओं ने बच्चों को रक्षाबंधन के त्योहार का महत्व और भाई बहन के पवित्र रिश्ते के बारे में बताया। सभी छोटे बच्चे पारंपरिक और सुंदर रंग -बिरंगी पोशाकों में स्कूल आए। छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी कलाई पर सुंदर राखियां बांधी। छात्रों ने अपनी बहनों को रक्षा का वचन दिया और उन्हें चॉकलेट व सुंदर उपहार भेंट किए। बच्चों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। प्रधानाचार्या अलका गुप्ता ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में हमारी संस्कृति, संस्कारों और आपसी प्रेम की भावना का विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने अपने शिक्षक और शिक्षिकाओं को भी राखी बांधकर यह उत्सव मनाया। अंत में सभी बच्चों को मिठाई बाटी गई और उत्सव का समापन हुआ।

# छात्रों ने लाइव देखा 'खेलो इंडिया संवाद'

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



नेहरू पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह के निर्देशन में 'खेलो इंडिया संवाद खेल की बात पीएम मोदी के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, मेरा युवा भारत तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को लाइव दिखाया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता एवं रुचि बढ़ाना, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली के लिए प्रेरित करना रहा। प्राचार्य ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना, आत्मविश्वास और राष्ट्र के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने का संकल्प लिया।

एनएसएस प्रभारी डॉ. आशीष कुमार गुप्ता के संयोजन में हुए कार्यक्रम में प्रो. यपी सिंह, डॉ प्रियंका, सर्वेश कुमार, डॉ धर्मवीर, मनीष कुमार, देवेंद्र मिश्रा, डॉ राजीव सिंह, डॉ रवि प्रताप सिंह चौहान, सत्यम गुप्ता, योगेंद्र प्रताप सिंह, कुलदीप सहित जिला माय भारत युवा वालंटियर विकास सिंह व उनकी टीम मौजूद रही।

## खबरें एक नजर में

### प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आए छात्र की मौत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम कुंवरपुर बनवारी में बिजली बोर्ड में प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आने से कक्षा नौ के 14 वर्षीय छात्र प्रशांत की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और शव को घर ले गए। प्रशांत पुत्र उदयवीर कश्यप जेडी जनता इंटर कॉलेज में कक्षा नौ का छात्र था। परिजनों के मुताबिक बुधवार रात वह घर में छोटी बैटरी चार्ज करने के लिए बिजली बोर्ड में प्लग लगा रहा था। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आकर वह अचेत होकर गिर पड़ा। परिजन उसे तत्काल सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्रशांत तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई रामजी और हिमांशु तथा बहन तनु हैं। पिता उदयवीर खेती और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। परिजनों ने बताया कि प्रशांत पढ़ाई में होनहार और मिलनसार था। उसकी मौत से मां सुधा देवी समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### एसपीएल स्कूल में विद्यार्थियों ने मनाया रक्षापर्व



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित एसपीएल आदर्श विद्यालय के बच्चों ने भाई बहन के अटूट प्रेम, स्नेह का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया। छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर व छात्रों ने पैर छूकर सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामपाल सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन का उद्देश्य प्रेम, आत्मीयता और विश्वास का अटूट बंधन है। प्रधानाचार्य दीपक यादव ने सभी को भाई बहन के पावन रक्षापर्व की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शिक्षक धीरेन्द्र कुमार, अमित शाक्य, यतेन्द्र कुमार, अंकित राठौर, पीयूष यादव, ऋषभ श्रीवास्तव, अनीता प्रजापति, कोमल चौहान, सोनाली पाण्डेय, बेबी, दिव्या, कृतिका चौहान, प्रिया पाण्डेय, प्रज्ञा शुक्ला, कामिनी, सलोनी, श्रेया राजपूत आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### युवती के अपहरण की आशंका, दो दिन से नहीं लगा सुराग



- खेत से चारा लेने गई 19 वर्षीय युवती लापता

**कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के डेरा जोगी गांव से खेत में चारा लेने गई 19 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली, लेकिन दो दिन बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। इससे परिजन अनहोनी की आशंका से परेशान हैं। गांव निवासी राजेश्वरी देवी ने एसपी को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उनकी बेटी रामा देवी 24 अगस्त को दोपहर करीब दो बजे चारा लेने खेत गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसी दिन थाने में तहरीर दी, जिस पर रोजनामचा संख्या 068 में गुमशुदगी दर्ज की गई। मां का आरोप है कि उन्होंने काली कार से अज्ञात लोगों को बेटी को ले जाते देखा था। युवती के पास मोबाइल फोन भी है। उन्होंने मोबाइल नंबर और दोनों आइएमईआइ नंबर सर्विलांस पर लगाकर लोकेशन ट्रेस कराने की मांग की है। परिजनों ने गुमशुदगी को अपहरण के मुकदमे में तरमीम कर युवती की जल्द बरामदगी की मांग की है।

# वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।**



- हमें इस पर्व से अपने रिश्तों की गरिमा को समझना चाहिए
- विद्यार्थियों व अभिभावकों को रक्षाबंधन की दी शुभकामनाएँ

वीरेंद्र पब्लिक स्कूल, देववरमपुर में विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार ने भाई-बहन के प्रेम, स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के पवित्र पर्व रक्षाबंधन को उत्साहपूर्वक मनाया।

संयोजिका अल्पना पाल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन पर्व के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व को समझते हुए विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों, प्रेम, सम्मान एवं आपसी सहयोग का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्य मो. आसिम मंसूर ने रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ देते हुए कहा रक्षाबंधन केवल राखी बाँधने का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, सम्मान और एक-दूसरे की सुरक्षा के संकल्प का भी प्रतीक है। हमें इस पावन पर्व के माध्यम से अपने रिश्तों की गरिमा को समझना चाहिए तथा परिवार में प्रेम, सहयोग और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति जागरूक रहने तथा अपने जीवन में प्रेम, अनुशासन, सम्मान और संस्कार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। अल्पना पाल ने भी विद्यार्थियों के उत्साह एवं सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ पारिवारिक एवं सामाजिक मूल्यों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और सभी के सुख, समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना की।

## ट्रॉमा सेंटर के वायरल वीडियो पर कार्रवाई, हटे कर्मी

**कन्नौज।** संयुक्त जिला चिकित्सालय के ट्रॉमा सेंटर में कर्मियों के सोने का वीडियो वायरल होने के मामले में कार्रवाई की गई है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देश पर हुई जांच के बाद संबंधित कर्मियों को ट्रॉमा सेंटर से हटाकर सीएमएस कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। 22 अगस्त को ट्रॉमा सेंटर से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें इमरजेंसी में कर्मियों के सोते हुए दिखाई देने का दावा किया गया था। मामले का संज्ञान लेते हुए मंत्री ने जिला अस्पताल के मुख्य अधीक्षक को जांच के निर्देश दिए थे। बुधवार को अस्पताल निरीक्षण के दौरान भी उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि अस्पताल पहुंचने वाले प्रत्येक मरीज बेहतर और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाओं का हकदार है। मरीजों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राखी बनाओ मेंहदी रचाओ प्रतियोगिताओं में भैया बहनों ने दिखाई प्रतिभा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्रीमती गंगा देवी चतुर्वेदी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में आयोजित राखी बनाओ मेंहदी रचाओ प्रतियोगिताओं में भैया बहनों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। राखी बनाओ प्रतियोगिता शिशु वाटिका वर्ग, शिशु बाल वर्ग, किशोर वर्ग और तरुण वर्ग में सम्पन्न हुई। निर्णायक मण्डल की स्नेहलता द्विवेदी एवं जया चौहान द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार शिशु वाटिका में बहिन श्रद्धा व भैया केशवे ने प्रथम, शिशु वर्ग में शगुन शर्मा व भैया सार्थक ने प्रथम, बाल वर्ग में आरोही व सूर्याश ने प्रथम, किशोर वर्ग में आरोही व अर्पित ने प्रथम, तरुण वर्ग में प्रियांशी व गौतम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता बाल वर्ग में बहिन अनन्या ने प्रथम, किशोर वर्ग में आराध्या और तरुण वर्ग में नव्या द्विवेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल ने कहा कि प्रतियोगिताओं से छात्रों का समग्र विकास होता है। छात्रों में स्वस्थ प्रतियोगिता के प्रति लगाव उत्पन्न होता है। कार्यक्रम संयोजक सपना ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# कांवड़ यात्रा से लौटे भक्तों ने कराया वार्षिक भंडारा

**समृद्धि न्यूज, समधन।**



कांवड़ यात्रा से गंगाजल लेकर लौटे भक्तों की ओर से सोमवार को समधन नगर स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर में वार्षिक भंडारा आयोजित किया गया। देर शाम को झमाझम बारिश के बीच आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बारिश के कारण भंडारा कार्यक्रम देर शाम शुरू हो सका। इसके बावजूद भक्तों में उत्साह बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। भंडारे के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा। कांवड़ यात्रा से लौटे भक्तों ने बताया कि गंगाजल चढ़ाने के बाद हर वर्ष की तरह इस बार भी ठाकुर द्वारा मंदिर में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं ने भगवान से नगर में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

# रक्षाबंधन पर बच्चों ने बांधी राखी, दिये उपहार

- ब्लॉक सभागार में बाल विकास विभाग ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद।**



भाई की कलाई पर राखी बांधती बहन व मौजूद सीडीपीओ शेषमणि यादव

विकासखंड जलालाबाद के सभागार में गुरुवार को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सीडीपीओ शेषमणि यादव, प्रधान सहायक नंदन सिंह, मुख्य सेविका गरिमा दिवाकर, अमीषा चौरसिया और पूजा अग्निहोत्री उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों गीता चतुर्वेदी, पूजा दिवाकर, राजकुमारी, शिल्पी, मिथलेश, रेखा सहित करीब 30 बच्चे शामिल हुए। इस दौरान छोटी बच्चियों ने अपने भाइयों की कलाई पर प्रेमपूर्वक राखी बांधी और उन्हें मिठाई खिलाई। कार्यालय की ओर से बच्चों को उपहार भी प्रदान किए गए, जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों ने एक-दूसरे को उपहार देकर रक्षाबंधन की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने बच्चों की खुशी में सहभागिता की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन

**कन्नौज।** रक्षाबंधन पर्व पर जिले के सभी बाल विकास परियोजनाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में उत्साह का माहौल रहा। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वयं राखियां और आकर्षक रंगोलियां तैयार कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई। बालिकाओं ने बालकों की कलाई पर राखी बांधकर भाई-बहन के स्नेह और अटूट रिश्ते का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व और भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की जानकारी भी दी गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इन गतिविधियों से बच्चों में प्रेम, भाईचारा, सौहार्द और सामाजिक समरसता की भावना मजबूत होती है। आंगनबाड़ी केंद्रों को पोषण व प्राथमिक शिक्षा के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास और संस्कारों का केंद्र बनाने के लिए लगातार ऐसी गतिविधियां कराई जा रही हैं।

# सोलर प्रशिक्षण वाहन से युवाओं को मिलेगा रोजगार



**समृद्धि न्यूज,कन्नौज।**

- कन्नौज पहुंचे सपा प्रचार वाहन से क्षेत्र में ही मिलेगा प्रशिक्षण

बेरोजगार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव की पहल पर सोलर ऊर्जा प्रशिक्षण एवं जागरूकता वाहन गुरुवार को कन्नौज पहुंचा। 15 अगस्त को लखनऊ स्थित सपा कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया यह वाहन अब संसदीय क्षेत्र में युवाओं को सोलर ऊर्जा से संबंधित प्रशिक्षण देगा। जिला सपा कार्यालय से आयोजित कार्यक्रम में आयोजक अंवेश सिंह चौहान ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद युवा प्रदेश की सोलर कंपनियों में रोजगार हासिल करने के साथ अपना व्यवसाय भी शुरू कर सकेंगे। बाहर जाकर प्रशिक्षण लेने में होने वाले खर्च और अन्य परेशानियों से युवाओं को राहत मिलेगी। वाहन के माध्यम से स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों और आम लोगों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अंवेश सिंह चौहान ने मिशन-2027 के तहत अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए घर-घर फोटो-पोस्टर पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, पूर्व जिलाध्यक्ष मुन्ना दरोगा, हसीब हसन, भोले कुरैशी, रामशंकर लोधी, संजय दुबे, बजरंग सिंह चौहान, यशवीर भदौरिया, शरद यादव, शैलेन्द्र सिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सावन महोत्सव में छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



**तिर्वा/कन्नौज।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हरियाली तीज, सावन महोत्सव एवं रक्षाबंधन पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में छात्राओं ने सावन के गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इस दौरान भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेविका बीना चतुर्वेदी रहीं। हेमलता, विद्यालय प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी और सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। रक्षाबंधन कार्यक्रम में छात्राओं ने विद्यालय के छात्रों और अतिथियों की कलाई पर राखी बांधी। उन्होंने भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और आत्मीयता का संदेश दिया। आचार्य बहनों और छात्राओं ने हरे रंग के परिधान पहनकर सावन की हरीतिमा को जीवंत कर दिया। छात्राओं ने अतिथि बहनों को मेंहदी भी लगाई। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ आचार्य वीरेश ने अतिथियों, आचार्य परिवार और छात्राओं का आभार जताया।

# डीजे की आवाज कम करने को कहा तो महिला को पीटा

- जान से मारने के प्रयास का लगा आरोप
- एसपी से कारवाई की गुहार

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**



ठठिया थाना क्षेत्र के मुकुआपुर गांव में बच्चे की मौत के बाद परिवार में मातम के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने का विरोध करना महिला को भारी पड़ गया। पीड़िता सानिया पुत्री ईश्वर दयाल गौतम ने गांव के सानू शुक्ला, निखिल शुक्ला, शनि शुक्ला, श्यामजी, कौशल, सूरज समेत अन्य लोगों पर मारपीट और जातिसूचक गाली देने का आरोप लगाया है। एसपी को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया कि 23 अप्रैल की रात करीब 8:30 बजे परिवार में बच्चे की मौत के कारण सभी लोग दुखी थे। इसी दौरान आरोपी तेज आवाज में डीजे बजाते हुए निकल रहे थे।

आवाज कम करने को कहने पर सभी आगबबूला हो गए और मारपीट करने लगे। पीड़िता के अनुसार बचने के लिए घर में जाने पर आरोपी वहां भी पहुंच गए और परिजनों से मारपीट की। आरोप है कि उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। शोर सुनकर लोगों ने उसे बचाया। पीड़िता ने थाने में शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए एसपी से मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

समृद्धि न्यूज

लखनऊ, शुक्रवार 28 अगस्त, 2026







# सरकारी राशन की बड़ी कालाबाजारी का भंडाफोड़, दुकान निलंबित

**▸ शेराखार गौटिया के उचित दर विक्रेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

जनपद के अमृतपुर तहसील क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बांटे जाने वाले गरीबों के खाद्यान्न की कालाबाजारी का एक बड़ा मामला सामने आया है। विकास खण्ड राजेपुर के ग्राम पंचायत शेराखार गौटिया में उचित दर विक्रेता द्वारा भारी मात्रा में राशन गबन किए जाने की पुष्टि होने के बाद, जिलाधिकारी के अनुमोदन पर 27 अगस्त को दुकान का अनुबंध निलंबित कर दिया गया है। आरोपी कोटेदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोटेदार जगपाल के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिसकी जांच पूर्ति निरीक्षक अमृतपुर द्वारा मौके पर जाकर की गई। जांच के दौरान खाद्यान्न की कालाबाजारी/डायवर्जन की बात सामने आई। जिसमें गेहूँ 51.80 कुन्तल, चावल 85.994 कुन्तल, मक्का 18.96 कुन्तल, बाजरा 39.60 कुन्तल, चीनी 2.0 किलो की कालाबाजारी की गई।



जांच पड़ताल करते अधिकारी

**निरीक्षण के दौरान दुकान बंद कर गायब था कोटेदार**

18 अगस्त को पूर्ति निरीक्षक अमृतपुर द्वारा कोटेदार जगपाल सिंह को एक नोटिस भी जारी किया गया था। कम वितरण की शिकायतों के चलते कोटेदार और उसके पुत्र दीपक को मोबाइल पर संपर्क कर दुकान व अभिलेखों का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन मौके पर न तो कोटेदार और न ही उनके परिवार का कोई सदस्य मिला और दुकान बंद पाई गई। नोटिस में यह भी उल्लेख है कि दुकान के आसपास के व्यक्तियों ने कोई भी बयान देने से मना कर दिया था। कोटेदार को 20 अगस्त तक तहसील कार्यालय में दुकान की चाबी और अभिलेखों के साथ उपस्थित होने की मोहलत दी गई थी।

**थाना राजेपुर में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश**

अवैध मुनाफाखोरी और वितरण संबंधी गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए, जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में कोटेदार का अनुबंध निलंबित करते हुए थाना कोतवाली राजेपुर में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। इसके साथ ही, कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के सभी राशन डीलरों को सख्त चेतावनी जारी की है कि वे राशन कार्डधारकों को नियमानुसार नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी भी विक्रेता के विरुद्ध शिकायत प्राप्त होती है, तो उसके खिलाफभी ऐसी ही कठोर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# प्रा.वि. में रक्षाबंधन पर उमड़ा गुरु-शिष्य का स्नेह

**▸ छात्राओं ने बांधी राखी तो शिक्षकों ने दिए उपहार**

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

नगर पंचायत नवाबगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय में रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विद्यालय की छुट्टी से ठीक पहले एक भावुक और सुखद माहौल देखने को मिला। विद्यालय की नन्हीं छात्राओं ने अपने गुरुओं को रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन का त्योहार अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। कस्बे में स्थित प्राथमिक विद्यालय में छुट्टी का समय होने से पूर्व सभी छात्राएं एकत्र हुई और उन्होंने प्रेम भाव से शिक्षकों की कलाई पर राखियां बांधी। बच्चों के इस असीम लाड-प्यार को देखकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव रंजन तथा सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार अत्यंत अभिभूत हो गए। विद्यालय की नन्हीं-मुन्नी छात्राओं ने पंक्तिबद्ध होकर अपने गुरुओं की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और उनसे मार्गदर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। छात्राओं के इस पावन स्नेह के जवाब में प्रधानाध्यापक संजीव रंजन और सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार ने सभी बच्चों को उपयोगी व सुंदर उपहार भेंट किए। मनपसंद उपहार पाकर नन्हें-मुन्ने बच्चों के चेहरे खिल उठे और सभी छात्राओं ने शिक्षकों के इस आत्मीय व्यवहार के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। गुरु और शिष्य के बीच इस अटूट संबंध और परंपरा ने न केवल रक्षाबंधन के पर्व की सार्थकता को बढ़ा दिया, बल्कि पूरे विद्यालय परिसर को खुशियों और अपनत्व से भर दिया।



शिक्षकों के राखी बांधती छात्रायें

# भाकियू टिकैत का बराकेशव में चौथे दिन भी धरना जारी



**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

धरना देते किसान नेता

ग्राम सभा बराकेशव में चकबंदी और किसानों पर दर्ज मुकदमे को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। किसानों के साथ-साथ बच्चों और महिलाओं की उपस्थिति अत्याधिक रही। जिला संगठन के पदाधिकारी, तहसील अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष और ग्राम सभा अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि ग्राम सभा बराकेशव का किसान अब डट कर मुकाबला करेगा। चकबंदी विभाग के अधिकारियों के खिलाफभी मुकदमा दर्ज होना चाहिये। कानपुर मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी ने भी ग्राम सभा बराकेशव के किसानों में जोश भरा और बड़े आंदोलन की तैयारी करने को कहा। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि जब तक जिला प्रशासन किसानों से वार्ता नहीं करेगा तब तक हम यही बैठे रहेंगे और यहां पर एक बड़ा आंदोलन होगा। प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह यादव व बुंदेलखंड कानपुर जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी ने जनपद पहुंचने का आवाह्न किया है और एक बड़ा आंदोलन तैयार करने को कहा। संचालन अफरोज मंसूरी ने किया। अध्यक्षता छविनाथ शाक्य ने की। इस अवसर पर अभय यादव, अरविंद गंगवार, संजीव यादव, अनुज राजपूत, बिजनेश यादव, सुग्रीव पाल, राजेश गंगवार, गुड्डू यादव, दिनेश सिंह, अजयपाल यादव, कश्मीर गंगवार, रामनरेश यादव, अंकेश गंगवार, प्रदीप यादव, बड़े यादव उपस्थित रहे।

# सैनिक भाइयों की कलाई पर छात्राओं ने राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन पर्व

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** रक्षाबंधन के पावन पर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति की बहनों ने फतेहगढ़ स्थित सिखलाई इन्फैंट्री पहुंचकर सैनिकों को बहनों ने राखी बांधकर उनके सुख, समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। सैनिक भाइयों ने विद्यालय की बहनों को स्नेह एवं आशीर्वाद दिया। बहनों ने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपने परिवार से दूर रहकर कर्तव्य निभाने वाले सैनिक पूरे देश के लिए गौरव है, सैनिक की कलाई पर राखी बांधना उनके लिए अत्यंत भावुक एवं यादगार अनुभव रहा। रक्षाबंधन केवल भाई बहन की प्रेम का पर्व भी नहीं बल्कि राष्ट्र की रक्षा करने वाले वीर जवानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता करने का भी अवसर है। सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि त्याग और देशवासी सुरक्षित है, वातावरण में पर्व मानते हैं। विद्यालय की बहनों एवं सैनिकों भाइयों में देश भक्ति का भाव देखने को मिलता है। इस अवसर पर कर्नल डीके चतुर्वेदी, अजय पाल सिंह, राकेश सिंह जादौन आदि लोग उपस्थित रहे।



सैनिकों के राखी बांधती छात्रायें

# प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को निपुण बनाने के गुरुमंत्र

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

विकासखंड स्थित खंड शिक्षा कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के निर्देशन में एफएलएन्स फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्तर के छात्र-छात्राओं को बुनियादी शिक्षा में दक्ष और निपुण बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक बिंदुओं से अवगत कराया और कक्षाओं में बेहतर शिक्षण माहौल तैयार करने के तरीके सिखाए। बच्चों को भाषा पढ़ने-लिखने और गणित की शुरुआती अवधारणाओं में मजबूत बनाने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। कक्षाओं को अधिक रोचक और सुगम बनाने के लिए खेल-खेल में सिखाने की तकनीकों की जानकारी दी गई।

प्रत्येक विद्यार्थी को समयबद्ध तरीके से निपुण बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना पर बल दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने कहा कि शिक्षकों की लगन और सही मार्गदर्शन से ही बच्चे अपनी बुनियादी शिक्षा में अव्वल बन सकते हैं। उन्होंने सभी अध्यापकों को प्रशिक्षण में सीखे गए गुरों को कक्षाओं में लागू करने का निर्देश दिया। इस मौके पर एआरपी डॉ0 अखिलेश यादव, शिक्षक पंकज यादव, सुरेश चंद्र, शालिग्राम गंगवार, प्रशांत कटियार मौजूद रहे।



प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षकगण

## खबरें एक नजर में

### एसबीआरएम इंटर कॉलेज में रक्षाबंधन पर्व पर हुआ पौधरोपण



वृक्षारोपण करते विद्यार्थी व विद्यालय स्टाफ

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर नगर पंचायत क्षेत्र के भावना तिराहा स्थित एसबीआरएम इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर परिसर को हरियाली की सौगात दी। विद्यालय के प्रबंधक गौरव दुबे ने स्व0 मां की स्मृति में पौधा रोपकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रक्षाबंधन का पर्व रक्षा का संदेश देता है, उसी प्रकार पौधे रोपकर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेना ही सच्ची सेवा और मां के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। वृक्षारोपण अभियान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण को स्वच्छ तथा हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संरक्षक नरेश चंद्र दुबे, प्रबंधक गौरव दुबे, प्रधानाचार्य मोहम्मद आरिफ, पीटीआई इजहार आलम, शिक्षक पंकज यादव व शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### वृक्षारोपण एवं गंगा नदी में जल प्रदूषण की स्थिति की डीएम ने की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में वन विभाग के सौजन्य से वृक्षारोपण एवं गंगा नदी में जल प्रदूषण की स्थिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा किए गए वृक्षारोपण कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी विभागों की वृक्षारोपण संबंधी रिपोर्ट संतोषजनक पाई गई। हालांकि राजस्व विभाग की रिपोर्ट अभी प्राप्त होना शेष है। जिलाधिकारी ने शेष रिपोर्ट को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। गंगा नदी में नालों के माध्यम से जाने वाले जल की शोधन व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि नालों पर एसटीपी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित हैं तथा गंगा नदी में अशोधित एवं अशुद्ध जल प्रवाहित नहीं किया जा रहा है। जनपद के भैरो घाट पर 30 एमएलडी क्षमता का एसटीपी प्लांट स्थापित है, जो वर्तमान में भली-भांति कार्य कर रहा है। जिलाधिकारी ने शोधन व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने तथा उसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के बाद जल शोधन की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए जल के साथ आवश्यक प्रयोग एवं परीक्षण किए जाएंगे, ताकि गंगा नदी में स्वच्छ एवं शोधित जल ही प्रवाहित हो और जल की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी राजीव कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनोद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंप पर घटतौली की शिकायत निकली झूठी

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

शहर के लालगेट स्थित एचपीसीएल पेट्रोल पंप पर एक ग्राहक द्वारा कम पेट्रोल (घटतौली) दिए जाने की शिकायत प्रशासन की संयुक्त जांच में पूरी तरह से निराधार पाई गई है। जिला पूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में गठित एक विशेष टीम ने गुरुवार को पंप की सघन चेकिंग की, जिसमें डिस्पेंसिंग मशीन की सील, पेट्रोल-डीजल की डेंसिटी और माप सब कुछ एकदम सटीक और मानकों के अनुरूप मिला है।

25 अगस्त की शाम को हरदोई जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र निवासी सुधीर यादव ने लालगेट स्थित मेसर्स रामशरण अग्रवाल एंड कंपनी के पेट्रोल पंप से अपनी मोटरसाइकिल यूपी 30सीडी/4078 में 200 रुपये का पेट्रोल डलवाया था। पेट्रोल डलवाने के बाद वाहन चालक की गाड़ी का फ्यूल मीटर ब्लिंक कर रहा था, जिस पर उसे घटतौली का शक हुआ और उसने तत्काल डायल 100 पर पुलिस को सूचना दे दी। शिकायत मिलने पर कादरीगेट थानाध्यक्ष ने पूर्ति निरीक्षक को मामले की जानकारी दी। प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित पंप की खुदरा बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी और जांच के आदेश दिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर 27 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे एक संयुक्त टीम ने पंप का औचक निरीक्षण किया। टीम में विधिक माप विज्ञान विभाग की वरिष्ठ निरीक्षक मीनू तिवारी, एचपीसीएल के बिक्री प्रबंधक सूरज सिंह, और पूर्ति विभाग के कई अधिकारी शामिल रहे। जांच के दौरान पंप स्वामी अंशु गोयल भी उपस्थित थे। एचपीसीएल के बिक्री प्रबंधक द्वारा पेट्रोल और डीजल की डेंसिटी की जांच की गई, जो बिल्कुल सही पाई गई। बाट-माप विभाग द्वारा अधिकृत 5 लीटर के स्टैंडर्ड मापक यंत्र से दोनों ईंधनों की माप की गई। जांच में पेट्रोल और डीजल की मात्रा अनुमन्य सीमा के भीतर पूरी पाई गई।

डिस्पेंसिंग यूनिट मशीन को खोलकर उसके अंदर की सील जांची गई। सील पूरी तरह सुरक्षित मिली और किसी भी प्रकार की कोई छेड़छाड़ नहीं पाई गई। डिप रॉड के जरिए पेट्रोल और डीजल के अंडरग्राउंड स्टॉक का मिलान किया गया, जो रिकॉर्ड के अनुसार एकदम सही पाया गया।



पेट्रोल की जांच कराते अधिकारी

# शनिवार को परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए मस्ती की पाठशाला

**▸ महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने 14 नवम्बर तक पड़ने वाले हर शनिवार को बैगलेस-डे किया घोषित**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** परिषदीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को रचनात्मक और व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ने के लिए महानिदेशक, स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने बैगलेस-डे का कलेण्डर जारी किया है। जिसके अन्तर्गत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए अब शनिवार का दिन मनोरंजन, रचनात्मक एवं सीखने के व्यवहारिक ज्ञान से जुड़ा होगा। शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक परिषदीय विद्यालयों में स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी ने 10 बैगलेस-डे का कलेण्डर जारी किये है। जिसके अनुसार 14 नवम्बर बाल दिवस तक हर शनिवार को विद्यार्थी बिना बैग के विद्यालय आयेंगे और इस दिन बच्चों को मनोरंजन, रचनात्मक और व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ने की गतिविधियां संचालित की जायेगी। इस कार्यक्रम में परिषदीय स्कूलों के अलावा जनपद में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। 14 नवम्बर तक पहुंचने वाले हर शनिवार को बच्चे बिना बैग के स्कूल आयेंगे और इस दिन स्कूलों में मस्ती की पाठशाला के रुप में गतिविधिया संचालित होगी। जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक तरीके से सिखाने पर जोर दिया जायेगा। बैगलेस-डे को मिट्टी के खिलौने, स्थानीय शिल्पकारों के साथ कौशल कार्यशाला एवं कला-शिल्पकला का प्रदर्शनी, औषधियों के बगीचों का विकास, कपोस्ट खाद का निर्माण एवं विद्यालय किचन गार्डेन बनाने की गतिविधिया आयोजित करके बच्चों को सिखाया जायेगा।

# मंदिर के चढ़ावे के गबन व जमीन पर कब्जे का आरोप

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

थाना कमालगंज क्षेत्र के श्रंगीरामपुर गांव की निवासी रेवती देवी पत्नी स्व0 रामचंद्र ने मंदिर परिसर में कब्जा करने, चढ़ावे के पैसों का गबन करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार, वह मंदिर की 1/4 हिस्सेदार सेवादार हैं। गांव के ही सेवादार अरुण, अनुज, आनंद, सुरेशचंद्र दुबे और बबली उन्हें मंदिर परिसर में प्रवेश करने और पूजा-पाठ करने से रोकते हैं। आरोप है कि उक्त लोग मंदिर के चढ़ावे का हिसाब नहीं देते हैं और उस पैसे से अपने नाम पर जमीन खरीदकर ऐयाशी कर रहे हैं। पीड़िता की निजी जमीन पर एक अन्य सेवादार राजेश पुत्र सुभाषचंद्र ने उक्त आरोपियों के साथ मिलकर जबरन कब्जा कर दुकान लगा ली है। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की जाती है। आरोपियों पर आरोप है कि वे राजेश की दिव्यांग पुत्री प्रियांशी का इस्तेमाल करके पीड़िता और अन्य सेवादारों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कराते हैं। पीड़िता जो घर में अकेली रहती हैं को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। आरोपी अरुण खुद को वकील बताकर परेशान करता है। हाल ही में आरोपियों ने पीड़िता की पुत्री संध्या के साथ भी मारपीट की। पीड़िता रेवती देवी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर पूरे मामले की गोपनीय जांच कराने और दबंगों के खिलाफकड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### घर के बाहर बंधी भैंस चोरी, थाने में दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों के हौसले बुलंद हैं। ग्राम पंचायत सतवनपुर के मजरा दातागंज हेकड़गंज में अज्ञात चोर देर रात घर के बाहर दरवाजे पर बंधी एक भैंस को चुराकर फरार हो गए। पीड़ित ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार दातागंज हेकड़गंज निवासी विषम दयाल पुत्र भरत सिंह ने रोजाना की तरह अपनी भैंस को घर के बाहर दरवाजे पर बांध रखा था। रात में किसी समय मौका पाकर अज्ञात चोरों ने खूंटे से भैंस खोल ली और चोरी करके ले गए। सुबह जब परिजनों की आंख खुली और खूंटे पर भैंस गायब देखी, तो उनके होश उड़ गए। घटना के बाद पीड़ित ने आसपास के गांवों और संभावित ठिकानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी भैंस का कोई अता-पता नहीं चल सका। पीड़ित ने थाना पहुंचकर पुलिस को मामले की लिखित तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। इस घटना के बाद से ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालकों के बीच चिंता और असुरक्षा का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने रात के समय क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# एनडीआरएफ ने जीवनरक्षक का दिया प्रशिक्षण

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

8वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल गाजियाबाद के कमांडेंट सुदेश कुमार के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन के समन्वय से जनपद में तैनात एनडीआरएफ टीम द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पंडित जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज जरारी में स्कूल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सहायक उप निरीक्षक एवं टीम कमांडर रमाकांत यादव के नेतृत्व में एनडीआरएफजवानों ने प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं बाढ़, भूकंप, अग्निकांड व आकाशीय बिजली से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए। भूकंप सुरक्षा के लिए ड्रॉप, कवर एवं होल्ड तकनीक का जीवंत प्रदर्शन किया गया। घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुँचाने के लिए स्ट्रेचर के सही उपयोग और त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रिया का अभ्यास कराया गया। प्रबंधक अशोक कुमार और उप प्रबंधक स्मिता ने एनडीआरएफ टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है। टीम कमांडर रमाकांत यादव ने अपील की कि आपदा के समय घबराने के बजाय धैर्य और सूझबूझ से काम लें।



प्रशिक्षण में एनडीआरएफ टीम व विद्यालय स्टाफ

# स्मृतियों के झरोखे से : राखी के कच्चे धागे में सिमटा था पूरे कुनबे का प्यार

**▸ गेरू से सजे कच्चे घरों से लेकर कलाई पर बंधे राखा तक..... बुजुर्गों की यादों में आज भी जिंदा है रक्षाबंधन का वह दौर**

**(राजभूषण सिंह)**

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** सावन की फुहारों के साथ जैसे ही रक्षाबंधन की आहट होती थी, गांव के कच्चे घरों और गलियों की छटा ही बदल जाती थी। गोबर-मिट्टी से लिपे आंगन, गेरू की लालिमा से सजी दीवारें और चौखट पर टकटकी लगाए बहन की राह देखते भाई। यह सब बीते दौर के उस रक्षाबंधन का हिस्सा था, जहां बाजार की चकाचौंध तो नहीं थी, मगर रिश्तों की गर्माहट भरपूर थी। कलाई पर बंधने वाला साधारण धागा भले ही बहुत सादा होता था, लेकिन उसके साथ जुड़ा स्नेह आज के महंगे उपहारों पर कहीं भारी था। कंपिल क्षेत्र के बुजुर्गों की स्मृतियों में रक्षाबंधन का वह संसार आज भी पूरी ताजगी के साथ बसा है।

**गेरू की लालिमा और मिट्टी की सोंधी महक**

हमीरपुर मजरा जाति निवासी ओमपाल सिंह पुराने दिनों को याद करते हुए बताते हैं कि तब गांव में पक्के मकान गिने-चुने थे। पर्व से पहले घर की महिलाएं गोबर और मिट्टी से दीवारों व आंगन की लिपाई करती थीं। उत्सव का रंग भरने के लिए लेप में गेरू मिला दिया जाता था। दीवारों पर गेरू की चमक बिना किसी आधुनिक सजावट के पूरे घर को उत्सवमय बना देती थी।

**चमकीली पन्नी वाली बड़ी राखी को कहते थे राखा**

राधेश्याम शाक्य बताते हैं कि आज की तरह तब डिजाइनर राखियों का चलन नहीं था। रंगीन धागे या फोम पर चमकीली पन्नी चिपकाकर बनी राखियां ही कलाई की शोभा बढ़ाती थीं। बड़े आकार की राखी को गांव में राखा कहा जाता था। बच्चों में इस बात की होड़ लगी रहती थी कि किसकी कलाई पर सबसे ज्यादा राखियां बंधी हैं।

**शगुन का एक-दो रुपया और गुल्लक के सपने**

महिपाल सिंह पाल मुस्कुराते हुए बताते हैं कि राखी बंधते ही बच्चों की निगाहें भाई की जेब पर टिक जाती थीं। शगुन में मिलने वाला एक या दो रुपये का सिक्का किसी खजाने से कम नहीं लगता था। कोई भाई खुश होकर पांच या दस रुपये दे दे तो खुशी का ठिकाना नहीं रहता था। वह रकम गुल्लक में जाती और त्योहार के बाद मेले का इंतजार शुरू होता था।

**सिर्फसगे नहीं, पूरे कुनबे का पर्व**

बलवीर सिंह के अनुसार, उस दौर में रक्षाबंधन सिर्फसगे भाई-बहन तक सीमित नहीं था। चाचा, ताऊ और पूरे कुनबे के भाइयों को बहनें स्नेह से राखी बांधती थीं। जब तक परिवार के सभी भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र नहीं बंध जाता था, तब तक भोजन न करने की परंपरा कई घरों में थी। पूरा परिवार एक चौखट के नीचे बैठकर त्योहार मनाता था।



जानकारी देते ग्रामीण

**झूलों की पींगें और रेडियो के तराने**

कमला देवी बताती हैं कि सावन लगते ही पेड़ों पर झूले पड़ जाते थे और महिलाएं ढोलक की थाप पर सावन के लोकगीत गाती थीं। वहीं रामनरेश पाल जोड़ते हैं कि त्योहार की सुबह रेडियो पर गूंजते गीत भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना और फूलों का तारों का, सबका कहना है माहौल को भावुक बना देते थे। दूर ब्याही बहन के घर पहुंचने से ही पर्व पूरा माना जाता था।

**बदला स्वरूप, कायम है रिश्तों की मिठास**

समय के साथ रक्षाबंधन का स्वरूप बदला है। पारंपरिक राखियों की जगह अब डिजाइनर मोतियों, चांदी और आधुनिक सजावट वाली राखियों ने ले ली है।

चॉकलेट, ड्राई फ्रूट्स और ऑनलाइन भेजे जाने वाले उपहार भी त्योहार का हिस्सा बन गए हैं। दूर बैठे भाइयों तक राखियां अब कोरियर से पहुंचती हैं और वीडियो कॉल के जरिए भाई-बहन एक-दूसरे से जुड़कर रस्म निभाते हैं। बुजुर्ग मानते हैं कि समय के साथ बदलाव स्वाभाविक है, लेकिन त्योहार की मूल आत्मा आपसी प्रेम, समर्पण और विश्वास हमेशा अक्षुण्ण रहनी चाहिए। उनके लिए रक्षाबंधन की असली खुशी आज भी वही है बहन के हाथ से भाई की कलाई पर बंधा रक्षासूत्र, माथे पर रोली का टीका और परिवार के साथ बैठकर बांटी गई छोटी-सी खुशी। गेरू से सजे कच्चे घर, गोबर-मिट्टी से लिपे आंगन, चमकीली पन्नी वाली राखा रेडियो से गूंजते राखी के गीत और शगुन में मिले एक-दो रुपये भले ही बीते दौर की तस्वीर बन चुके हों, लेकिन बुजुर्गों की स्मृतियों में वह रक्षाबंधन आज भी उतना ही जीवंत है। राखी का रूप बदला, त्योहार मनाने का तरीका बदला, मगर उस धागे में सिमटा रिश्तों का प्यार आज भी कायम है।

# पीडीए को एकजुट करने में जुटी सपा

- सांसद नीरज मौर्य ने टटोली नब्ज
- पीडीए को लेकर भी किया गया मंथन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

2024 के लोकसभा चुनाव में पीडीए का नारा बुलंद कर अपने ऐतिहासिक आंकड़े को पार चुकी समाजवादी पार्टी अब 2027 के लिए जमीन पर पीडीए आंदोलन का खाका खींच रही है। गुरुवार को आंवला से सपा सांसद नीरज मौर्य ने पार्टी कार्यालय पर भोजपुर एवं अमृतपुर विधानसभा के शाक्य/मौर्य समाज के कुछ प्रमुख चुनिंदा लोगों से संगठनात्मक बैठक कर समाज की जमीनी हकीकत को जाना और परखा। संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया। सांसद ने कहा कि आगे कुछ समय बाद ही गांव-गांव व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसकी आधारशिला रखी जा चुकी है। आने वाले समय में पूरा पीडीए समाज एकजुट होगा और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। आज पूरा पीडीए समाज यह जान चुका है कि समाजवादी पार्टी की सरकार में ही उसका सम्मान सुरक्षित है, पूरे प्रदेश का शाक्य समाज यह अच्छी तरह समझ गया है कि समाज को जो राजनैतिक भागीदारी अखिलेश यादव के नेतृत्व में मिल सकती है, वह और किसी और पार्टी की सरकार


संबोधित करते सांसद नीरज मौर्य

में नहीं मिल सकती। शासन में बैठे हुए लोगों ने देश की जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा बुरी तरह से लुटा है और खुद को अमीर बनाया है आने वाले समय में इनके सभी भ्रष्टाचारों की जांच होगी और इन कारनामों को अंजाम देने वाले लोग जेल जाएंगे। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि जनपद सदैव समाजवादियों की भूमि रही है, 2027 में जनपद की चारों सीटें समाजवादी पार्टी जीतेगी और प्रदेश में प्रचण्ड बहुमत के साथ पीडीए सरकार बनेगी। इस दौरान पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, नदीम अहमद फारूकी, सर्वेश अंबेडकर, डॉ. जेपी वर्मा, अजीत यादव, राजीव शाक्य, नागेंद्र शाक्य, उदय प्रताप सिंह भोला यादव, नरेंद्र सिंह यादव, अरविंद कुशवाह, अनिल कुमार शाक्य, ब्रजपाल सिंह शाक्य, अजब सिंह शाक्य आदि मौजूद रहे।

# ओम शांति भवन में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

- नशा मुक्त जीवन और पवित्रता का लिया संकल्प

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओम शांति भवन खतराना स्ट्रीट में पावन रक्षाबंधन पर्व आध्यात्मिक-आत्मिक अनुभूति के साथ राजयोग द्वारा मनाया गया। केन्द्र संचालिका बीके दीपिका बहन ने कहा कि राखी केवल धागा नहीं, बल्कि आत्म स्मृति का तिलक, पवित्रता का संकल्प और भाई-बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने मिठाई खिलाने के महत्व, सुरक्षा के संकल्प, दुर्व्यसनों के त्याग और सुख-शांति-सद्भाव की भावना का संदेश दिया। मुख्य अतिथि कनोडिया बालिका इंटर कालेज के प्रबंधक सुनील अग्रवाल व बैंक अधिकारी दीपक गुप्ता, संजय मेहरोत्रा, सोनी धवन मौजूद रही। सभी अतिथियों ने भारतीय संस्कृति में रक्षाबंधन पर्व की परंपरा, उसकी आध्यात्मिकता, पवित्रता और सुरक्षा के महत्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बीके मुरलीधर गौड़ ने अतिथियों का स्वागत किया। सेवा केन्द्र के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में रक्षाबंधन के गीतों पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसमें जाह्नवी और प्रकृति की प्रस्तुति ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर उषा गौड़, अनुपम गुप्ता, संतोष गुप्ता, रानी, रमा, बिमला, मंजू तथा भाईयों में हुकुम सिंह, सतेन्द्र सिंह, प्रताप, राम बाबू, सियाराम, परमेश्वर दीन को बीके बहन ज्योति और दीपिका बहन ने रक्षा सूत्र बांधा, आत्म स्मृति का तिलक लगवाया और जीवन भर स्नेह बनाए रखने का संकल्प लिया।


रक्षाबंधन कार्यक्रम में मौजूद लोग

# राजकीय महाविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ0 कल्पना सिंह, शिक्षक, छात्र, छात्राएँ तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शासन द्वारा आयोजित लाइव प्रसारण द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के युवाओं को संबोधित किया। लाइव प्रसारण में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, 2036 ओलंपिक के लिए प्रतिभा विकास, युवा नेतृत्व, विकसित भारत तथा नशा मुक्त युवा जैसे विषयों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने खेलों के माध्यम से युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का आह्वान किया। बड़े स्क्रीन पर लाइव प्रसारण को देखा गया। संदेश दिया गया कि खेल से शारीरिक क्षमता का विकास होता है, मानसिक स्फूर्ति आती है और राष्ट्र का गौरव बढ़ता है। प्राचार्या ने राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व, मेजर ध्यानचंद के योगदान तथा खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने छात्र, छात्राओं से अपील की कि वे खेल को जीवन का अभिन्न अंग बनाएँ और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। राष्ट्रीय खेल दिवस का यह आयोजन महाविद्यालय में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा छात्र, छात्राओं में स्वस्थ जीवन शैली के प्रति रुचि जगाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास रहा। कार्यक्रम डॉ0 प्रियांशु गुप्ता के निर्देशन में हुआ।

# अभद्रता के आरोप पर शिक्षक ने दी आंदोलन की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के लेखाकार राजकुमार राठौर का शिक्षकों से अभद्र व्यवहार के संबंध में आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन दिया एवं विभिन्न समस्याओं पर व्यापक चर्चा की। शिकायत के अनुसार, डीआईओएस कार्यालय के एकाउंटेंट राजकुमार राठौर सेवानिवृत्त और सेवारत शिक्षकों के जीपीएफ (अंतिम और अस्थायी) तथा पेंशन मामलों को पास करने के एवज में अवैध पैसों की मांग करते हैं।

के.एस.आर. इंटर कॉलेज कम्पिल के सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव का अंतिम जीपीएफ भुगतान उप शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल द्वारा स्वीकृत होने के 4 माह बाद भी अटका हुआ है। आरोप है कि इसके लिए 20,000 रुपये की अवैध मांग की जा रही है। डी.ए.वी. इंटर कॉलेज रजलमई के शिक्षक सर्वेश कुमार की प्रोन्नत वेतनमान पत्रावली भी पैसे न देने के कारण जानबूझकर रोकी गई है। इसके अलावा कई पारिवारिक पेंशन के मामले भी महीनों से अटके पड़े हैं। संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि एकाउंटेंट फोन नहीं उठाते। यदि फोन उठ भी जाए या कार्यालय में जाकर मिला जाए, तो वे अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और कार्यालय से बाहर निकालने की धमकी देते हैं। डीआईओएस कार्यालय में कुछ बाहरी विद्यालयों के लिपिक एकाउंटेंट के कार्यों को सम्पादित कर रहे हैं। संघ का कहना है कि इससे शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रकरणों की गोपनीयता भंग हो रही है।


डीआईओएस को ज्ञापन देते शिक्षक नेता

उन्होंने इस व्यवस्था पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, कोषाध्यक्ष शैलेश दुबे और जिला मंत्री नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी ने आरोपी एकाउंटेंट को तत्काल पटल से हटाकर उसके खिलाफ स्थानांतरण और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। ऐसा नहीं होता है तो संगठन कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी डीआईओएस की होगी। ज्ञापन के दौरान नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी, शैलेश कुमार दुबे, मयंक रस्तोगी, डॉ. दिनेश चंद्र, अशोक कुमार कठेरिया, अतुल एंथोनी दास, रामेश्वर दयाल एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## डीएन कालेज में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित



टीवी पर प्रसारण देखते विद्यार्थी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के तत्वावधान में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन डीएन कालेज में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ0 अजहर जुनैद आलम और कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मो0 अमीन के नेतृत्व में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन के साथ की गई। डॉ0 मुकेश सिंह राठौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और छात्र-छात्राओं के समक्ष अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सबसे खास पल वह रहा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इंडिया के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के साथ सीधे डिजिटल माध्यम से संवाद किया। संचालन विनय कुमार बाथम ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति काफी सम्मानजनक रही। प्राध्यापकों ने भी अपने वक्तव्यों के माध्यम से विद्यार्थियों को खेलो इंडिया के प्रति जागरूक किया और उन्हें खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर राम नरेश सिंह, डॉ0 पंचम कुमार, सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियांशु सिन्हा, अनामिका मिश्रा मौजूद रही।

## खबरें एक नजर में

### मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कर विधायक ने बढ़ाया उत्साह



**उन्नाव।** फैंटसी मोटेल्स में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक पंकज गुप्ता मौजूद रहे कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा विधायक को माला पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके उपरांत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा वंदे मातरम् के सामूहिक गान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को को संबोधित करते हुए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने से उनमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास पैदा होता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से निरंतर मेहनत करते हुए अपने परिवार, विद्यालय और जनपद का नाम रोशन करने का आह्वान किया।इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। विधायक ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रखर गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सुशील तिवारी, नवीन सिंह, विजय द्विवेदी, महामंत्री मनीष जायसवाल, महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, राधेश्याम शुक्ला, कमल वाजपेई, प्रियंका शुक्ला एवं निषाद पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राम खेलावन निषाद सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बाल श्रम उन्मूलन एवं बाल श्रम मुक्ति पर कार्यशाला सम्पन्न


बैठक में मौजूद अधिकारी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** विकास खण्ड बढ़पुर के सभागार में योगेश पाण्डेय खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तर पर पंचायत सचिव, पंचायत सहायकों का बाल श्रम उन्मूलन व बाल श्रम मुक्त उत्तर प्रदेश पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहायक श्रमायुक्त नम्रता सिंह ने बाल श्रम एवं उससे संबंधित कानून के विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। उन्होने बताया किसी भी 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चे से कोई भी कार्य व 14-18 वर्ष के किशोरों से खतरनाक प्रक्रिया मे कार्य कराना बाल श्रम है जो की अपराध की श्रेणी में आता है। बाल श्रम कराने वाले नियोक्ता पर 20,000 से 50000 तक का जुर्माना अथवा 6 माह से लेकर 2 वर्ष तक का कारावास का प्रावधान है। जीशान अन्सारी चाइल्ड राइट्स एसोसिएट, श्रम विभाग के द्वारा कार्यशाला में बाल श्रम उन्मूलन व बाल श्रम मुक्त ग्राम पंचायत बनाने में इसकी रूपरेखा पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। ग्राम स्तर पर कामकाजी बच्चें व आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हित करने में पंचायत सहायक का सहयोग की अपेक्षा है। ग्राम पंचायत स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के माध्यम से प्रस्ताव लेकर ब्लॉक स्तर पर प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत को बाल श्रम मुक्त बनाया जाने हेतु दिया जाए। उन्होने बताया कि यदि कहीं बाल श्रम होता दिखे तो आप श्रम विभाग कार्यालय, टोल फ्री नम्बर 1098 पर सूचना दे सकते है। खंड विकास अधिकारी योगेश पाण्डेय ने बताया कि बच्चों के संरक्षण की हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि बाल श्रम को समाप्त करने में सभी की सक्रियता जरूरी है। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओम पाण्डेय, समस्त पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, श्रम विभाग से वरिष्ठ सहायक शैलेन्द सिंह, कम्प्यूटर आपरेटर सुजीत कुमार व चाइल्ड राइट्स एसोसिएट जीशान अंसारी आदि मौजूद रहे।

# आरएस पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने एसडीएम को बांधी राखी

**समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।**

नगर के संडीला रोड स्थित आर एस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी ब्रजमोहन शुक्ला व तहसीलदार अखिलेश कुमार मौर्य एवं नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों को राखी बांधी। संडीला रोड स्थित आर एस पब्लिक स्कूल की छात्राओं में आयुषी, रितिका, दिव्यांशी, रिया, अवी पटेल, आर्या गुप्ता, तस्मिया, अदिति, शैली आजाद, अनुष्का,शिफा, एवं जाजबा ने तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी उपजिलाधिकारी ब्रजमोहन शुक्ला एवं अन्य अधिकारियों के टीका लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी स उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की



इस दौरान उपजिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने बच्चों से आत्मीयता से बातचीत की एवं उन्हें स्नेह व आशीर्वाद दिया। उपजिलाधिकारी ब्रजमोहन शुक्ला ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनसे संवाद करते हुए पढ़ाई , संस्कार एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सैय्यद रिजवान अहमद, प्रधानाचार्या अंजू बाजपेई वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर आकाश सचान, शिक्षिका दीपाली पटेल एवं कॉर्डिनेटर आमिर अहमद उपस्थित रहे।

# रक्षाबंधन पर बच्चों ने पुलिस व स्वास्थ्यकर्मियों को बांधी राखी

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**



रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल बकेवर के विद्यार्थियों ने एक अनूठी पहल करते हुए पुलिसकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों और विद्यालय के कर्मचारियों को राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान, कृतज्ञता और स्नेह व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नीता मिश्रा के अनुसार यह कार्यक्रम 27 अगस्त 2026 को विद्यालय परिसर, पुलिस थाना और चिकित्सालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने राखियां बनाकर विद्यालय की निर्देशिका प्राची श्रीवास्तव, वाहन चालकों तथा विद्यालय के अन्य कर्मचारियों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधा। विद्यार्थियों ने इन सभी से अपनी सुरक्षा और सहयोग का वचन भी लिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने पुलिसकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को राखी बांधी। बच्चों ने कहा कि पुलिसकर्मी समाज की सुरक्षा और स्वास्थ्यकर्मी लोगों के जीवन की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके योगदान के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य रहा। विद्यालय प्रबंधन के मुताबिक कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सम्मान, संवेदनशीलता, कृतज्ञता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। पुलिसकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों और विद्यालय कर्मचारियों ने भी बच्चों की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम ने रक्षाबंधन को केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित न रखते हुए समाज में सुरक्षा, सेवा, प्रेम और मानवता के रिश्ते को मजबूत करने का संदेश दिया। बच्चों के लिए यह आयोजन एक प्रेरणादायक और यादगार अनुभव रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. नीता मिश्रा ने विद्यालय प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, निर्देशिका प्राची श्रीवास्तव सहित सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया और रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। सेवा और सुरक्षा के प्रति सम्मान का यह संदेश बच्चों की सामाजिक शिक्षा का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर सामने आया।

# राज्यमंत्री ने किया आहार बिहार मॉडल प्रेरणा कैंटीन का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**

जिला अस्पताल में राज्य मंत्री कृष्णा पासवान द्वारा आहार बिहार मॉडल प्रेरणा कैंटीन का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। यह कैंटीन उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बनाई गई है।

मॉडल प्रेरणा कैंटीन का संचालन मातृभूमि संकुल स्तरीय समिति विकासखंड खजुहा के अंतर्गत गठित 6 महिला सदस्यीय एसोसिएशन ऑफ पर्सन आहार बिहार मॉडल प्रेरणा कैंटीन द्वारा किया जा रहा है। कैंटीन में आम जन एवं अस्पताल में आने जाने वाले मरीजों व तीमारदारों को स्वादिष्ट, सूक्ष्म जलपान, भोजन, लस्सी, कोल्डड्रिंक आदि उपलब्ध कराया जाएगा राज्य मंत्री कृष्णा पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण



आजीविका मिशन विभाग द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का अच्छा प्रयास है। इसी तरह की मॉडल कैंटीन सभी विकास खंडों में संचालित कराया जाए। स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को यह भी सुझाव दिया गया कि जिस तरह से अच्छी गुणवत्ता व जलपान उपलब्ध कराया गया है इसी तरह प्रतिदिन अच्छी गुणवत्ता तथा साफ सफाई से भोजन व जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक, स्वयं सहायता समूह की सावित्री, उषा, वर्षा सहित जनपद के तमाम अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य मौजूद रहे।

# मिठाई की दुकानों पर छापेमारी, भरे गए नमूने

**समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।**

रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए प्रशासन ने मिलावट खोरी पर अंकुश लगाने के लिए आज विशेष अभियान चलाकर कई मिठाई की दुकानों से सैम्पुल लिये गए। उपजिलाधिकारी ब्रजमोहन शुक्ला व सीओ हर्ष मोदी के नेतृत्व में खाद्य निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चन्द्र पाण्डेय और पालिका कर्मियों द्वारा पहले उन्नाव हरदोई मार्ग सड़क किनारे लगी दुकानों को देख दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए पीछे हटाने के निर्देश दिए। उसके बाद नगर की मिठाई की दुकानों पर छापा मारा। इस दौरान कई प्रतिष्ठानों से मिठाई के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। नगर के नानामऊ तिराहे स्थित हिमालय



स्वीट्स दुकान से टीम ने मिठाई का नमूना लिया। दुकान के बाहर सड़क पर अतिक्रमण मिलने पर संचालक को दुकान पीछे करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद टीम माढ़ापुर मार्ग स्थित त्यागी मिष्ठान भंडार पहुंची। टीम के पहुंचने से पहले ही दुकान बंद कर दी गई थी। जांच के दौरान दुकान के अंदर मिठाई बनती मिली, जिसका भी नमूना लिया गया। उक्त टीम द्वारा हरियाली पेट्रोल पंप के पास स्थित इसी मिष्ठान भंडार के गोदाम का भी निरीक्षण किया। वहां से भी मिठाई के नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। उपजिलाधिकारी ब्रजमोहन शुक्ला ने बताया कि त्योहार के दौरान मिलावट खोरी रोकने के लिए मिठाई की दुकानों की जांच कर नमूने लिए जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# चक्कर रोड बाईपास पर अजय सिंह ने डलवाई मिट्टी

**बारिश में तालाब बनी सड़क से निकलना दूभर, मिट्टी डलवाकर निकलने लायक बनाया**

**समृद्धि न्यूज, संडीला, हरदोई।**

चक्कर रोड बाईपास पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और जलभराव होने से राहगीरों व वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पिछले दिनों कई छोटे-बड़े वाहन गड्ढों में फंस गए। दो दिन पूर्व एक एंबुलेंस के भी फंस जाने के बाद समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाजसेवी भाजपा नेता अजय कुमार सिंह आदित्य ने सड़क पर करीब 40 ट्रॉली रोड़ा व मिट्टी डलवाकर जेसीबी की मदद से गड्ढों को समतल कराया। जिससे रास्ता निकलने लायक हो सका। अजय कुमार सिंह आदित्य ने कहा जहाँ जनता की राह रुकेगी, वहाँ



समाधान बनकर हम खड़े मिलेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे कर्मक्षेत्र विधानसभा संडीला के चक्कर रोड पर गड्ढों और पानी के कारण एंबुलेंस सहित आम राहगीरों को आवागमन में हो रही परेशानी देखी नहीं गई। इसलिए बिना किसी औपचारिकता के तत्काल ट्रॉलियों से मलबा डलवाकर जेसीबी से सड़क को समतल कराया गया, जिससे लोगों का आवागमन सुगम हो सके। इस मौके पर ज्ञानेंद्र सिंह, सीतू मौर्य, सुरेश सैनी, अमन मिश्रा, किशन गौतम, विजय, संजय मौर्य, संतोष पंडित, संतोष पाल रहे।

### मार्ग दुर्घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल

**समृद्धि न्यूज बांगरमऊ, उन्नाव।** क्षेत्र में अलग अलग मार्गो पर दुर्घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया ।जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत गंभीर देख इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। नगर के मोहल्ला नसीमगंज निवासी महताब 34 वर्ष पुत्र लल्लन बाइक से हरदोई जा रहा था। तभी हरदोई मार्ग दुल्लापुर के निकट तेज रफ्तार अज्ञात डीसीएम ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे महताब गंभीर रूप से घायल हो गया। वही कुछ दूर मौजूद पीआरवी पुलिस कर्मी उसे अपनी गाड़ी से उठा कर इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये स चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया स वहीं दूसरी ओर थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम नैनसुख खेड़ा निवासी धीरज 28 वर्ष पुत्र शिवराम को भी गंभीर घायल अवस्था में दोपहर में स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया । डॉक्टर ने गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया स वहीं एक अन्य दुर्घटना में हरदोई जनपद के थाना कासिमपुर क्षेत्र के गौसगंज निवासी नफीस 32 वर्ष पुत्र बारिश अली तथा थाना बेहटा मुजावर निवासी राजेश 50 पुत्र बाबूलाल को संडीला बांगरमऊ मार्ग स्थित शराब ठेका के पास सरकारी एम्बुलेंस द्वारा गंभीर रूप से घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर इलाज के लिए भर्ती कराया गया । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# जनसंपर्क में भाजपा नेता ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**

सण्डीला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता पंकज शुक्ला ने जनसंपर्क अभियान के तहत बहादुरखेड़ा, मल्लैया, गादीनगर, गोसवा डोंगा और सुंदरपुर में ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों से भाजपा के पक्ष में समर्थन की अपील भी की।

पंकज शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में



कानून व्यवस्था मजबूत होने के साथ ही सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में लगातार काम हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पंकज शुक्ला ने ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने व आगामी समय में भाजपा को मजबूत करने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित विषयों को प्राथमिकता के साथ उठाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### शीतगृह में भंडारित आलू के प्रभार पर शासन दे रहा अनुदान

**महाराजगंज।** आलू उत्पादक किसानों को उनके उपज के लागत के सापेक्ष उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए शासन आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। निजी शीतगृह में भंडारित आलू के भंडारण प्रभार में अनुदान कराए जाने के उद्देश्य से योजना प्रारंभ की गई है। योजना से ऐसे आलू उत्पादकों को लाभ होगा जिन्होंने निजी शीतगृहों में अपना आलू भंडारित किया है। प्रति कृषक अधिकतम दो हेक्टेयर आलू रोपित क्षेत्रफल एवं प्रति हेक्टेयर अधिकतम 200 कुंतल की दर से अनुमन्य अनुदान देय होगा। जिला उद्यान अधिकारी संजय कुमार रस्तोगी के अनुसार शीतगृह में आलू भंडारण की मात्रा का निर्धारण शीत गृह द्वारा निर्गत तकपट्टी के आधार पर होगा तथा भंडारित आलू का भंडारण शुल्क पर ?100 प्रति कुंतल की दर से 100 लाख मैट्रिक टन भंडारित आलू पर अनुदान दिया जाना प्रस्तावित है।जनपद के जिन आलू उत्पादक किसानों ने अपना शीत गृहों में आलू भंडारण किया है। भंडारण प्रभार में छूट/अनुदान प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं होगा।विस्तृत जानकारी के लिए आलू उत्पादक किसान जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इसके बाबत अमित कुमार पाल कंप्यूटर ऑपरेटर मोबाइल नंबर 9821 63 3206 को अधिकृत किया गया है।

### गांव में मैटिक्स ने आयोजित की उर्वरक की पाठशाला

**गाजीपुर।** मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा ग्राम अमवा, ब्लॉक बाराचवर, जनपद गाजीपुर में 'उर्वरक की पाठशाला के अंतर्गत किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इन्दु मुटनेजा (एरिया मैनेजर-वाराणसी), डॉ. दीपक प्रजापति (वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र), मानेजी बंसोडे (टेरिटरी मैनेजर-वाराणसी) एवं अक्षय प्रसाद (एरिया कोऑर्डिनेटर-वाराणसी) ने किसानों को वैज्ञानिक खेती एवं संतुलित पोषण की जानकारी दी। किसानों को मृदा परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही, मैटिक्स सॉयल टेस्टिंग वैन के माध्यम से उपलब्ध निःशुल्क डोरस्टेप मिट्टी जाँच सुविधा के बारे में जानकारी दी गई, जो विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के किसानों को समर्पित है। इस अवसर पर किसानों को मैटिक्स कृषि बंधु (टोल-फ्री: 08069274800) की जानकारी भी दी गई, जहां किसान फसल संबंधी समस्याओं के लिए विशेषज्ञ सलाह प्राप्त कर सकते हैं। मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड किसानों की उत्पादकता, लाभप्रदता एवं टिकाऊ कृषि विकास के लिए निरंतर वैज्ञानिक एवं किसान-केंद्रित पहल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 40 किलो गांजा के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**मिर्जापुर।** जिगना थाना पुलिस और एसओजीसर्विलांस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 40 545 किलोग्राम अवैध गांजाए गांजा तस्करी में प्रयुक्त चोरी की बोलेरो एक फर्जी नंबर प्लेटए दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद गांजे और वाहन की अनुमानित अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई गई है।

### पांच भाइयों ने एक साथ पास की यूपी टीईटी की परीक्षा

**हलिया मिर्जापुर।** क्षेत्र के देवघटा पाण्डेय ग्राम पंचायत के बेमौरी गाँव निवासी रामसागर पांडेय के तीन पुत्र महेंद्र एजितेंद्र रोहित तथा मनीष पांडेय के दो पुत्र संदीप तथा राजेश के लिए बुधवार का दिन बेहद खास और गौरवपूर्ण रहा उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज की ओर से घोषित शिक्षक पात्रता परीक्षा नीट 2026 के परिणाम में एक ही परिवार के पांचों भाई सहित पांच लोगों ने एक साथ सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की है। सफलता की खबर मिलते ही परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी ईडब्लू एस वर्ग में हासिल की सफलता 150 अंकों की शिक्षक पात्रता परीक्षा पास किया।

### उल्लासपूर्वक मनाया गया रक्षाबंधन

**गाजीपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा के निर्देश के क्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में विकास खंड मरदह के प्राथमिक विद्यालय बहतुरा में रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राखी निर्माण प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने रंग-बिरंगे कागज, धागों और मोतियों से आकर्षक राखियाँ बनाई। इसके बाद बच्चों ने आपस में राखी बाँधकर भाईचारे और स्नेह का यह पर्व मिलजुलकर मनाया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता और टीम भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का समापन चाकलेट वितरण के साथ हुआ, जहाँ शिक्षकों ने बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बताया।

### रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत नगर में नो-एंट्री, रहेगा रूट डायवर्जन

**महाराजगंज।** रक्षाबंधन पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने तथा यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के दृष्टिगत जनहित में महाराजगंज नगर में भारी एवं वाणिज्यिक वाहनों के प्रवेश पर प्रातः 8 बजे से रात्रि 20 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। नो-एंट्री/डायवर्जन प्वाइंट सिन्दुरिया नो-एंट्री/डायवर्जन,शिकारपुर नो-एंट्री/डायवर्जन,झनझनपुर नो-एंट्री/डायवर्जन, पकड़ी चौकी नो-एंट्री/डायवर्जन रहेगा। आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।

### बेटी ने बढ़ाया विदेश में मान

**बलरामपुर।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में जब अंतरराष्ट्रीय मंच पर जिले की बेटी तांसी सिंह ने भारतीय परिधान में कदम रखा तो निगाहें उनकी प्रस्तुति पर टिक गईं। आत्मविश्वास, प्रतिभा और भारतीय संस्कृति के रंगों से सजी तांसी की प्रस्तुति ने निर्णायकों को प्रभावित किया और उन्होंने जूनियर मॉडल इंटरनेशनल पेजेंट में प्रथम स्थान हासिल कर विजेता का ताज अपने नाम कर लिया। करीब 78 देशों के प्रतिभागियों के बीच मिली इस उपलब्धि से बलरामपुर में खुशी की लहर है। सदर ब्लॉक के जेवनार गांव निवासी तांसी ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में रैंप वॉक, टैलेंट, कल्चरल और आत्मविश्वास राउंड में शानदार प्रदर्शन किया। रूस, आर्मेनिया, दक्षिण अफ्रीका, युगांडा, नेपाल, केन्या, मलेशिया, मंगोलिया, फिलीपींस, थाईलैंड और इंडोनेशिया समेत कई देशों के प्रतिभागियों के बीच तांसी ने अपनी प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन किया। आयोजन रविवार को हुआ और परिणाम दूसरे दिन आया।

# जिलाधिकारी ने किया आपदा कंट्रोल रूम का निरीक्षण

▸ सभी सूचनाओं को संबंधित विभागों से उपलब्ध कराने के निर्देश



**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

जनपद में बाढ़ एवं आपदा की स्थिति के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने आज कलेक्ट्रेट स्थित आपदा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम में प्राप्त हो रही सूचनाओं, उनके अभिलेखीकरण तथा संबंधित विभागों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान की व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली प्रत्येक सूचना को निर्धारित रजिस्टर में तत्काल एवं स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए। किसी भी सूचना को लंबित न रखा जाए तथा आवश्यकता के अनुसार संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय से सूचना उपलब्ध कराते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बैराजों से हो रहे डिस्चार्ज की सतत निगरानी की जाए तथा जलस्तर एवं डिस्चार्ज में होने वाले किसी भी परिवर्तन की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए।

# रक्षाबंधन पर डीएम ने छात्राओं से बंधवाई राखी

▸ त्योहार को शांति, सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाने की अपील



**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष में सौहार्द एवं भाईचारे की सुखद तस्वीर देखने को मिली। ओम शांति धर्मपुर की महिलाओं, गीता इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं एवं खिलाड़ियों ने जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी महिलाओं, छात्राओं एवं खिलाड़ियों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह, विश्वास, आत्मीयता और पारस्परिक सम्मान का पर्व है। उन्होंने सभी से इस पावन पर्व को शांति, सौहार्द एवं भाईचारे की भावना के साथ मनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान आपसी प्रेम और सामाजिक सद्भाव की भावना को और मजबूत किया जाए तथा जनपद में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सभी अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने रक्षाबंधन के अवसर पर सरकार द्वारा महिलाओं एवं बहनों के लिए उपलब्ध कराई गई निःशुल्क परिवहन सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित एवं सुगम आवागमन के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई इस सुविधा का लाभ लेते हुए बहनें अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं, छात्राओं एवं खिलाड़ियों ने जिलाधिकारी को राखी बांधकर शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी ने भी सभी के उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

# बड़ी गण्डक नदी में बाढ़ के पानी के साथ शव व अन्य सामग्री बहकर आने की संभावना के दृष्टिगत सतर्कता के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

नेपाल राष्ट्र के रसुवा क्षेत्र में भोटेकोसी नदी में आई बाढ़ से अत्यधिक जन-धन की हानि होने तथा इसके फलस्वरूप बड़ी गण्डक नदी में शव एवं अन्य सामग्री बहकर जनपद के नदी क्षेत्र में आने की सूचनाओं के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता एवं आवश्यक सुरक्षा प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी खड्डा एवं तमकुहीराज तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। नदी के तेज बहाव में स्थानीय लोगों द्वारा शव अथवा बाढ़ के पानी के साथ बहकर आने वाली सामग्री को निकालने के प्रयास में अपनी जान जोखिम में डालने की संभावना को देखते हुए सार्वजनिक चेतावनी, मुनादी एवं अन्य प्रचार माध्यमों से आम जनमानस को नदी में न जाने की सख्त हिदायत दी जाए। साथ ही संवेदनशील नदी क्षेत्रों, घाटों एवं संभावित प्रभावित स्थानों पर पुलिस/होमगार्ड के जवानों की तैनाती कर निरन्तर निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना एवं जनहानि को रोका जा सके।

बड़ी गण्डक नदी में यदि कोई अज्ञात शव प्राप्त होता है तो उसे सुरक्षित एवं सम्मानजनक तरीके से नदी से बाहर निकालते हुए नियमानुसार पहचान एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इसके लिए आवश्यकतानुसार शव वाहन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित रखी जाएं। शवों को नदी से निकालने के दौरान किसी भी अधिकारी/कर्मचारी अथवा स्थानीय व्यक्ति की जान जोखिम में न पड़े, इसके लिए समस्त निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए तथा जनपद में तैनात एसडीआरएफ/पीएसी की फ्लड बटालियन का आवश्यकतानुसार उपयोग किया जाए। नेपाल की ओर से बाढ़ के पानी के साथ विभिन्न प्रकार की सामग्रियां एवं वस्तुएं भी बहकर आने की संभावना है। ऐसी स्थिति में किसी भी संदिग्ध, संवेदनशील अथवा अज्ञात वस्तु को आमजन द्वारा छूने अथवा उठाने से रोका जाए तथा संबंधित सुरक्षा/पुलिस अधिकारियों को तत्काल सूचना उपलब्ध कराते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए। नदी में शव अथवा अन्य महत्वपूर्ण/संवेदनशील सामग्री प्राप्त होने से संबंधित प्रत्येक सूचना का दिनांक, समय, स्थान एवं आवश्यक विवरण सहित पृथक रजिस्टर में फोटोग्राफ के साथ अभिलेखीकरण कराया जाए।

# चीनी, प्याज की जमाखोरी और काला बाजारी पर प्रशासन सख्त, डीएम ने जारी किया हेल्पलाइन

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला द्वारा जनपद में चीनी तथा प्याज के बढ़ते मूल्य के निर्धारण तथा पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता के संबंध में प्रेस वार्ता की गई।

प्रेस वार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने पत्रकार बंधुओ को बताया कि मंडी स्तर व थोक विक्रेताओं के चीनी व प्याज के स्टॉक की नियमित निगरानी की जा रही है जनपद एवं तहसील स्तर पर गठित/नामित अधिकारियों द्वारा थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों एवं भंडार गृहों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। यदि किसी थोक अथवा फुटकर विक्रेता द्वारा जमाखोरी, कालाबाजारी कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने, निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री करने अथवा स्टॉक संबंधी प्रावधानों का उल्लंघन किया जाना पाया जाता है तो उसके विरुद्ध प्रावधानों के तहत आवश्यक दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि आज 27 अगस्त 2026 को वर्तमान में जनपद गाजीपुर में 8115.50 कुंतल चीनी तथा 2156.00 कुंतल प्याज का स्टॉक सुरक्षित है। जनपद में प्याज व चीनी की कोई कमी नहीं है और इसकी आपूर्ति लगातार सुनिश्चित की जा रही है जन सामान्य अपनी आवश्यकता के अनुसार खुले बाजार से प्रचलित सामान्य दरों पर चीनी एवं प्याज खरीद कर सकते हैं नागरिकों से अपील है कि अनावश्यक रूप से अधिक मात्रा में खरीदारी कर भंडारण ना करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करे। बाजार व्यवस्था पर पैनी नजर रखने तथा कालाबाजारी रोकने के लिए जनपद स्तर पर एक मुख्य कंट्रोल रूम स्थापित किया गया जिसका दूरभाष नंबर 0548-2224041 है। इसके अतिरिक्त चीनी व प्याज की आपूर्ति, उपलब्धता या कृत्रिम मूल्य वृद्धि से संबंधित किसी भी शिकायत हेतु नागरिक राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक अधिकारियों के दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

# 24 विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए बजट स्वीकृत

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में जनपद गाजीपुर के 24 परिषदीय विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा-कक्षों के निर्माण हेतु राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ द्वारा बजट स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत धनराशि संबंधित विद्यालयों की विद्यालय प्रबंध समिति को प्रेषित की जाएगी तथा शासनादेश में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा निर्माण कार्य कराया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, जीर्ण-शीर्ण एवं असुरक्षित विद्यालय भवनों की तकनीकी समिति द्वारा किए गए सत्यापन तथा नियमानुसार नीलामी/ध्वस्तीकरण के उपरांत अथवा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त भूमि उपलब्ध होने के आधार पर जनपद के 04 परिषदीय विद्यालयों के पुनर्निर्माण/नवनिर्माण हेतु भी राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा बजट आवंटित किया गया है।

इसी क्रम में जिला परियोजना कार्यालय द्वारा वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में प्रस्तावित कार्यों के आधार पर 01 ब्लॉक संसाधन केंद्र के पुनर्निर्माण हेतु भी समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत बजट प्रेषित किया गया है। इन निर्माण कार्यों से जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा-कक्षों की कमी दूर होगी और विद्यार्थियों को पर्याप्त एवं व्यवस्थित शिक्षण स्थान उपलब्ध हो सकेगा।

## नगर पालिका परिषद में मनाया गया रक्षाबंधन कार्यक्रम

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** बलरामपुर नगर पालिका के अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर नगर पालिका की महिला कर्मचारियों के साथ आत्मीयता एवं भाई बहन के स्नेह के रूप में मनाया रक्षाबंधन पहली बार आयोजित इस विशेष अवसर पर महिला कर्मचारियों ने पालिका अध्यक्ष के कलाई पर राखी बांधी और उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी महिला कर्मचारियों को नगद मिठाई एवं साड़ी उपहार सम्मान भेंट की और स्नेह व्यक्त किया उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं बल्कि आपसी विश्वास सम्मान सुरक्षा और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है।

# डीएम व एसपी ने ग्राउंड जीरो पर उतर हालात का लिया जायजा, दिये आवश्यक निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने ग्राउंड जीरो पर उतरकर नेपाल में आए फ्लैश फ्लड के दृष्टिगत बाढ़ संबंधी तैयारियों का लिया जायजा। टेल फाल के निकट एनडीआरएफ की बोट में नारायणी नदी में उतरकर नारायणी नदी के जलस्तर और तैयारियों को देखा।और सोहगिबरवा गांव में राहत चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

डीएम ने ग्रामीणों द्वारा व्यक्त किए गये समस्याओं के निस्तारण के विषय में आश्वस्त किया और कहा कि सभी समस्याओं का किया निदान किया जायेगा। साथ ही ग्रामीणों से बाढ़ के दृष्टिगत संवाद के दौरान कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, घबराने की जरूरत नहीं है। डीएम और एसपी ने सोहगीवरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।एवं उन्होंने ग्रामीणों को ताकीद किया कि नदी के किनारे पर बच्चों और बुजुर्गों को न जाने दें। नदी तटीय क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें।

# 59.99 करोड़ मुआवजा राशि का वितरण शेष

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

बहु प्रतिक्षित घुघली से आनंद नगर वाया महाराजगंज रेल लाइन परियोजना के लिए जनपद के 52 ग्राम पंचायत सीमा की भूमि का अधिग्रहण किया गया है। जिसके बदले किसानों को अब तक 447.47 करोड़ रूपया मुआवजा राशि वितरित किया गया है। वही 59.99 करोड़ रूपया अब भी 528 किसानों में वितरित किया जाना शेष है।इन सबसे बीच नई रेलवे लाइन परियोजना का कार्य जारी है। वही भूमि अध्याप्ति विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा शेष धनराशि वितरण के लिए कवायद जारी है। ताकि शेष किसानों को भी अधिग्रहित भूमि के बदले निर्धारित मुआवजा उनके बैंक खाते में भेजा जा सके। मुआवजे की धनराशि वितरण के बारे में पूछने पर उप भूमि अध्याप्ति अधिकारी विजय यादव का कहना रहा की 92.57 प्रतिशत धनराशि वितरित किया जा चुका है। जिन किसानों के मामले विवादित हैं अथवा वे बाहर हैं उनके मुआवजा के वितरण के बारे में प्रयास जारी है। उल्लेखनीय है कि घुघुली आनंद नगर वाया महाराजगंज रेलवे लाइन परियोजना 53.07 किलोमीटर के लिए भूमि गजट के अनुसार प्रभावित किसानों को उनके भूमि के बदले मुआवजा दिया जा रहा है। इस परियोजना में 1978 गाटा अधिग्रहित किया गया था।और 227.801 हेक्टर भूमि ली गई है। जिसके सापेक्ष प्रथम और द्वितीय फेज में 747.47 करोड रुपए मुआवजा के रूप में किसानों को दिया जा चुका है। और 59.99 करोड रुपए अभी वितरित किया जाना है। जिन किसानों की भूमि रेलवे लाइन परियोजना में ली गई है वे मुआवजे की धनराशि का उपयोग करने में लगे हैं। वहीं जिनके भवन प्रभावित हुए हैं वे लोग अन्य स्थानों पर मकान बनाने के काम में जुट गए हैं।

# फाउंडर डे के रूप में धूमधाम से मनाया गया गोपीनाथ पीजी कॉलेज के संरक्षक का जन्मदिन

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**





गोपीनाथ पीजी कॉलेज के संरक्षक श्री राकेश तिवारी जी का जन्मदिन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाविद्यालय परिसर में 'फाउंडर डे' के रूप में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने संरक्षक श्री राकेश तिवारी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया। इसके बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच मिष्ठान का वितरण किया गया। विद्यार्थियों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। छात्रों ने अपने प्रिय संरक्षक के जन्मदिन को उत्साहपूर्वक मनाते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर अन्य महाविद्यालयों के प्रबंधकों एवं शिक्षण संस्थानों से जुड़े गणमान्य लोगों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। अतिथियों ने श्री राकेश तिवारी जी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और दूरदर्शी सोच से गोपीनाथ पीजी कॉलेज निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए महाविद्यालय परिवार की सराहना की। गोपीनाथ पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुधा त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की सफलता के पीछे उसके संस्थापक एवं संरक्षकों की सोच, मेहनत और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गोपीनाथ पीजी कॉलेज में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संस्थान की प्रगति में श्री राकेश तिवारी जी का योगदान उल्लेखनीय है। महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी संरक्षक श्री राकेश तिवारी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की।

# न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत किया गया व्यापक मॉक ड्रिल

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**





जनपद गाजीपुर के न्यायालय परिसर में जनपदीय पुलिस, पीएसी बल, फायर टीम व एलआईयू समेत भारी संख्या में विभिन्न टीमों द्वारा व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ0 राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में हुई इस ड्रिल का उद्देश्य आमजन और न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना था ।

अभ्यास का मुख्य लक्ष्य किसी भी आपातकालीन स्थिति, सुरक्षा चुनौती या संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर विभिन्न सुरक्षा इकाइयों द्वारा कितने समय में त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है इसकी समीक्षा करना था । मॉक ड्रिल के दौरान, न्यायालय परिसर में एक संदिग्ध वस्तु मिलने की काल्पनिक सूचना पर कार्रवाई का अभ्यास किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल ने न्यायालय परिसर की घेराबंदी कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की। आमजन को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया गया। ड्रिल में एलआईयू टीम, डॉग स्क्वॉड व एण्टी सैबोटॉज चेक टीम द्वारा अत्याधुनिक उपकरणों के साथ न्यायालय परिसर के ने संदिग्ध वस्तुओं और संवेदनशील/छुपे हुए स्थानों की गहन जांच व तलाशी ली गई। स्वाट टीम ने संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए सुरक्षा प्रबंधन और खोजी अभियान का अभ्यास किया। अग्निशमन विभाग की टीम ने आग या अन्य आपदा की स्थिति में बचाव और राहत कार्यों का प्रदर्शन करते हुए आवश्यक उपकरणों का संचालन किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि न्यायालय परिसर जैसे संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। महोदय ने बताया कि ऐसी मॉक ड्रिल समय-समय पर आयोजित करने का उद्देश्य सुरक्षा एजेंसियों की प्रतिक्रिया क्षमता को प्रभावी बनाना, विभिन्न इकाइयों के बीच समन्वय को मजबूत करना और किसी भी आपातकालीन स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयारियों का परीक्षण करना है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजीपुर, प्रभारी निरीक्षक कोतवारी, प्रभारी न्यायालय सुरक्षा एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाया गया 3 दिवसीय 'मिशन शक्ति' विशेष अभियान

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन सुनिश्चित करने तथा आगामी रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत दिनांक 26.08.2026 से दिनांक 28.08.2026 तक 03 दिवसीय विशेष सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद गाजीपुर पुलिस निरंतर सक्रिय व सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का निष्पादन कर रही है। इस 03 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस प्रशासन द्वारा निम्नलिखित बिंदुओं पर कड़ाई से प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। बाजारों व शैक्षणिक संस्थानों में पुलिस गश्त महिला सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए सभी स्कूल, कॉलेज, मार्केट एरिया, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और स्थानीय बाजारों में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस की टीमें इन क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर रख रही हैं। महिलाओं से जुड़े अपराधों को रोकने के लिए संवेदनशील स्थानों पर सादे वस्त्रों (सिविल ड्रेस) और वर्दी में महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जो भीड़भाड़ वाले इलाकों में मनचलों पर नजर रख रही हैं। सार्वजनिक स्थानों पर अवांछित रूप से घूमने वाले, संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त युवकों पर पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है और उनसे पूछताछ की जा रही है। माहौल खराब करने वाले और शरारती तत्वों (शोहदों) को तत्काल थाने लाकर सख्त कार्यवाही की जा रही है। अभी तक जनपद स्तर पर इसके साथ ही, कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही भी अमल में लाई जा रही है।

छेड़खानी, महिला उत्पीड़न या महिला अपराध से जुड़ी किसी भी घटना की सूचना पर एंटी-रोमियो स्क्वाड और मिशन शक्ति की टीमें बिना किसी देरी के तत्काल मौके पर पहुंचकर मंदिर, सार्वजनिक स्थलों जैसें -चौराहों, मार्केट, मॉल, पार्क व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग के दौरान शरारती/अराजक तत्वों को जनपद स्तर पर चेतावनी दी जा रही है।